
सुप्रभात
रांची, मंगलवार
09.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 293



12 रक्षा मंत्री ने हेरिटेज सेंटर राष्ट्र को किया समर्पित

## न्यूज डायरी

### पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली बेल

**रांची।** मनी लांड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बेल नहीं दी। उनकी जमानत पर सुनवाई अब 25 सितंबर को है।

### कुजू के पास सड़क हादसे में दो की मौत

**कुजू।** बोंगाबार फोरलेन सड़क पर सोमवार को एक कंटेनर व बोलेरो की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बलसगरा पतरवा निवासी रूपलाल महतो (50) व देवकी महतो (52) के रूप में हुई। हादसे में बोलेरो चालक दीपक महतो समेत कुणाल कुमार, राजदीप कुमार घायल हो गये। ६

### हॉकी टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी चयनित

**रांची।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की सीरीज के लिए हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी डिफेंडर निक्की प्रधान, मिडफील्डर सलीमा टेटे और फॉरवर्ड संगीता कुमारी को शामिल किया है।

### केरल : नाव डूबने से 22 पर्यटकों की मौत

**मलप्पुरम।** तानुर इलाके में ओट्टुंपुरम के समीप पर्यटकों को ले जा रही एक नाव के समुद्र में डूब जाने से 22 लोगों की मौत हो गयी। कई लोग लापता हैं। हादसा शाम करीब 7.30 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि नाव में 25 से ज्यादा लोग सवार थे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 80,000 रु./प्रति किलो |

# 10 लाख के इनामी लखन समेत पांच नक्सलियों ने किया सरेंडर

- चतरा, औरंगाबाद, गया में 81 मामले दर्ज थे टिंगू पर
- लगातार कमजोर हो रहे हैं नक्सली : अमोल होमकर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दस लाख के इनामी जोनल कमांडर अमरजीत समेत पांच नक्सलियों ने सोमवार को झारखंड पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। रांची आइजी जोनल ऑफिस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने आइजी अभियान एवी होमकर, डीआइजी हजारीबाग नरेंद्र सिंह, चतरा एसपी राकेश रंजन और सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आधिकारिक तौर पर सरेंडर कर दिया। आइजी ने दावा किया कि झारखंड में नक्सली लगातार कमजोर पड़ रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)




**इन नक्सलियों ने हथियार डाले :** 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर अमरजीत यादव उर्फ टिंगू (गया), 05 लाख के इनामी सब-जोनल कमांडर सहदेव यादव उर्फ लटन (चतरा), सब-जोनल कमांडर नीरू यादव उर्फ सलीम (गया), सबजोनल कमांडर संतोष भुइयां उर्फ सुकन (चतरा), दस्ता सदस्य अशोक बैगा उर्फ अशोक परहिया (कुंदा, चतरा)

**ये हथियार मिले**

एके 56- 02, एसएलआर- 01, इंसास रायफल- 01, रायफल- 02, कारतूस- 1856, मैग्जीन- 41, वायरलेस सेट- 16 तथा आइइडी बनाने का पाउडर।

> चतरा, हजारीबाग जैसे संवेदनशील जिलों में नक्सलियों की कमर तोड़ने को लेकर लगातार अभियान चल रहा है। पिछले कुछ वर्षों से सीआरपीएफ, एसएसबी और जिला पुलिस की टीम लगातार अभियान चला रही है। जिसमें कई माओवादियों की मौत भी हो चुकी है। लावालौंग मुठभेड़ में माओवादी कमांडर गौतम पासवान की मौत होने के बाद अमरजीत को माओवादियों के मध्य जोन का टॉप कमांडर बनाने की बात चल रही थी। वहीं मध्य जोन का प्रमुख बनने में दूसरा नाम इंदल गंझू का भी आ रहा था। उसके सरेंडर करने के बाद ये सभी पांच नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। - **अमोल होमकर, आइजी अभियान**

## मेगा ट्रेड फेयर में बोले हेमंत, झारखंड को अग्रणी राज्य बनाऊंगा

# एमएसएमइ के लिए सरकार बढ़ायेगी सब्सिडी : मुख्यमंत्री

- यहां उद्योग विस्तार की सभी क्षमता, कई औद्योगिक घरानों ने जतायी है निवेश की इच्छा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है। झारखंड में उद्योग के विस्तार की सभी क्षमताएं विद्यमान हैं। इसके लिए झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स का भी सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि एमएसएमइ को बढ़ावा देने के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स के पास कोई योजना है, तो वे सरकार को दें, हम इसका स्वागत करेंगे और सब्सिडी की राशि 35 से 40 फीसदी तक बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। हमारी सरकार चाहती है कि एमएसएमइ उद्योग को राज्य में बढ़ावा मिले। सीएम रांची में सोमवार को इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने झारखंड में सारी सुविधाएं होने के बावजूद इस राज्य को पिछड़ा राज्य होने पर दुख जताया। कहा कि हमारे पास खनिज संपदा भी है, प्राकृतिक सौंदर्य भी है, श्रम शक्ति भी है मगर हम पिछड़ा राज्य हैं। हमारा संकल्प है कि झारखंड को अग्रणी राज्य बनाकर रहूंगा। (शेष पेज 11 पर)

### इसबार देश-विदेश के उद्यमी जुटे

मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में देश के उद्यमियों के साथ-साथ विदेशों के उद्यमियों को भी भागीदारी निभाने का मौका मिला है। 14वां इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर समारोह का आयोजन मोरहाबादी मैदान में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं जीएस मार्केटिंग के तत्वावधान में किया था। सीएम ने कहा इस तरह के आयोजन राज्य में उद्योग को बढ़ाने का बेहतर प्रयास है। हमारी सरकार चाहती है कि इस तरह के प्रयास निरंतर मजबूती के साथ होते रहें। राज्य सरकार औद्योगिक निवेश को लेकर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ हरसंभव खड़ी रहेगी। बताते चलें कि इस दौरान सीएम ने ट्रेड फेयर में लगी स्टॉल्स का परिभ्रमण भी किया।




## बीमार विष्णु अग्रवाल से पूछताछ अधूरी, छवि रंजन से इडी ने पूछा

# चैट व ट्रांजेक्शन रिपोर्ट में क्या सच है और क्या झूठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से इडी की पूछताछ जारी है। इडी ने उनके नेक्सेस के बारे में ह्वाट्सएप चैट और ट्रांजेक्शन की रिपोर्ट उनके समक्ष रख दी। पूछा कि कल तक आप न तो प्रेम प्रकाश को पहचान रहे थे और न ही अमित अग्रवाल को। ऐसे में क्या यह रिकॉर्ड और चैट भी झूठा है? इस पर छवि रंजन ने अपनी चुप्पी साधे रखी। इडी के अधिकारी उनसे इसी तरह से कई सवाल दागे, लेकिन हर सवाल का जवाब छवि रंजन नहीं दे पाये। बार-बार हर बात को नकारते रहे और कहा कि उन्हें कुछ पता नहीं है।



**बीमार अग्रवाल पूछताछ पूरी नहीं हो सकी :** वहीं जमीन घोटाले में न्यूक्लियस माल के मालिक व्यवसायी विष्णु अग्रवाल से सोमवार को ईडी की पूछताछ पूरी नहीं हो सकी। (शेष पेज 11 पर)

### बारातियों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत, 10 लोग घायल

**धनबाद।** रफ्तार के कहर से प्रधानखंता में हुए सड़क हादसे में एक की मौत हो गयी। जबकि करीब 10 लोग घायल हैं। गाड़ी में करीब 30 से 35 लोग सवार थे। सभी टुंडी थाना क्षेत्र के लोधरिया से बारात से लौट रहे थे। मृत युवक का नाम फूलचंद है। विकास व वीरेंद्र महली की हालत नाजुक है।

### आनंद मोहन की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्तों में मांगा जवाब

**पटना।** बिहार के बाहुबली नेता आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट आनंद मोहन, बिहार सरकार और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत ने दो हफ्तों में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सरकार से रिहाई से जुड़े रिकॉर्ड पेश करने को कहा है। डीएम की हत्या के मामले में आनंद मोहन को 27 अप्रैल को रिहा कर दिया गया था।

# हाइकोर्ट ने रमित सत्येंद्र को नियुक्त किया एमिकस क्यूरी

**दुमका अंकिता हत्याकांड**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दुमका के पेट्रोल कांड में नाबालिग अंकिता की हत्या के मामले में झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अधिवक्ता रमित सत्येंद्र को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने शपथ पत्र दाखिल किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून तय की है। साथ ही केंद्र सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताने को कहा है कि देवघर, एम्स में बर्न वार्ड कब तक स्थापित हो जायेगा। केंद्र सरकार और एम्स, देवघर की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की।

### 38 लाख देने की जानकारी दी

राज्य सरकार ने शपथ पत्र में बताया कि मामले में दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुका है। ट्रायल जारी है। राज्य सरकार ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये भी दिया है। केंद्र सरकार एवं एम्स, देवघर के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने कोर्ट को बताया कि लोकल एमपी ने भी अपने स्तर पर पीड़ित परिवार के लिए 28 लाख का फंड जमा किया है। उल्लेखनीय है कि 23 अगस्त 2022 को दुमका में हुए इस घटना पर हाईकोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया था।



## खबर एक नजर में

### आलमगीर आलम से मिले मथुरा महतो



रांची। टुंडी के झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो सोमवार को राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों, पुल-पुलिया की मरम्मत एवं नवीनीकरण को लेकर चर्चा की। उन्होंने सड़कों की मरम्मत के साथ-साथ पुल-पुलिया की मरम्मत कराने पर जोर दिया। कहा कि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। मंत्री ने जर्जर सड़कों व पुल-पुलिया की मरम्मत को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

### उदमणि को बेटे की मौत पर मिला 20 लाख मुआवजा

रांची। सड़क हादसे में अपने बेटे देवानंद कुमार को खो चुकी खूंटी जिला निवासी उदमणि देवी को 20.61 लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। एमएसीटी के पीठासीन अधिकारी मनीष की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल दावा आवेदन पर सुनवाई पश्चात उक्त आदेश दिया है। दावेदार को मुआवजा राशि का भुगतान 30 दिनों के अंदर 7.5 फीसदी ब्याज की दर के यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को करने को कहा गया है। मृतक दैनिक अखबार खबर मन्त्र में कार्यरत था। वह 9 फरवरी 2018 को मोटरसाइकिल से खूंटी बाजार से घर लौट रहा था। उसी दौरान मुरहू थाना क्षेत्र में डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

### मल्लिकार्जुन खड़गे को जान से मारने की धमकी पर राजस्थान के दो विधायकों पर प्राथमिकी दर्ज



रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राजस्थान के दो विधायकों के खिलाफ सोमवार को कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। आवेदन में कहा गया है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को राजस्थान के दो विधायक मणिकांत रठौर और मदन दिलावर ने जान से मारने की धमकी दी है। यह धमकी कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान दी गयी है। इसके बाद कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनके परिवार पर जान का खतरा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पूरे देश में भाजपा विधायकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी जा रही है।

### केके लाल बनाये गये पथ निर्माण विभाग के प्रभारी अभियंता प्रमुख

रांची। केके लाल पथ निर्माण विभाग के प्रभारी अभियंता प्रमुख बनाये गये हैं। राज्य सरकार ने केके लाल को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में प्रभारी अभियंता प्रमुख पथ निर्माण विभाग के पद पदस्थापित किया है। वहीं, अधीक्षण अभियंता एनएच धनबाद सुदर्शन चौबे को स्थानांतरित करते हुए उन्हें प्रभारी मुख्य अभियंता मुख्यालय अनुश्रवण एवं गुण नियंत्रण के पद पदस्थापन के लिए सेवा भवन निर्माण विभाग को दी गयी है। पदस्थापन की प्रतीक्षा में जयप्रकाश सिंह की सेवा अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में प्रभारी मुख्य अभियंता पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन झारखंड सरकार के पद पर पदस्थापन के लिए सेवा दी गयी है। अधीक्षण अभियंता पथ निर्माण अंचल हजारीबाग अनिल कुमार सिंह को अपने ही वेतनमान में प्रभारी मुख्य अभियंता उत्तर के पद पर पोस्टिंग के लिए सेवा भवन निर्माण विभाग को दी गयी है। एसई उमेश कुमार की सेवा ग्रामीण कार्य विभाग से वापस लेते हुए उन्हें प्रभारी मुख्य अभियंता केंद्रीय निरूपण संगठन रांची बनाया गया है। उन्हें अपने कार्यों के साथ अतिरिक्त सदस्य तकनीकी झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार रांची में प्रतिनियुक्त किया गया है। इस संबंध में सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है।


**Directorate of Tourism, Government of Jharkhand**

MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi - 04 Tele Fax : 0651-2331828
Email: dirjharkhandtourism@gmail.com / jtdcltd@gmail.com

Ref. No.: 432 /2023 Date :04 /05/2023

**TENDER NOTICE**

**Tender for Printing of Stationery Items of Jharkhand Tourism Development Corporation Limited**

The Jharkhand Tourism Development Corporation Limited (JTDCL), Government of Jharkhand (GoJ) undertaking intends to invite **Tender for Printing of Stationery items of Jharkhand Tourism Development Corporation Limited.**

The detailed RFP document can be downloaded from the website **https://tourism.jharkhand.gov.in** and submit their Applications. The Application Due date is on **29/05/2023 at 12:00 hours.**

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the above website.

Sd/-
**Director**

PR 296707 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)D


## चिरूडीह खनन क्षेत्र बड़कागांव में निषेधाज्ञा उल्लंघन से जुड़ा मामला

# पूर्व विधायक निर्मला देवी समेत 11 आरोपी ठोस साक्ष्य के अभाव में बरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को पूर्व विधायक निर्मला देवी समेत 11 आरोपियों को निषेधाज्ञा उल्लंघन से जुड़े एक मामले में पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सुनवाई के दौरान बड़कागांव की तत्कालीन विधायक निर्मला देवी समेत 10 आरोपी अदालत में व्यक्तिगत रूप में मौजूद थी। जबकि, हजारीबाग जेल में बंद एक आरोपी बसारत मियां को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। चिरूडीह माइनिंग एरिया बड़कागांव में शांति भंग होने को लेकर धारा 144 लगी हुई थी। बावजूद योगेंद्र साव एवं निर्मला देवी ने अपने समर्थकों के साथ 15 सितंबर 2016 को निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए कफन सत्याग्रह चलाया।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता विमल कुमार ने बताया कि निषेधाज्ञा उल्लंघन करने के आरोप में हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अनुज कुमार प्रसाद ने तत्कालीन विधायक निर्मला देवी, योगेंद्र साव समेत उनके समर्थकों के खिलाफ केस किया था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से एक गवाह प्रस्तुत किया गया था। बता दें कि इसी मामले में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को 27 फरवरी को साक्ष्य के अभाव में बरी हो चुके है। यह केस साल 2019 में हजारीबाग से रांची कोर्ट पहुंचा था।

### पूजा सिंघल समेत चार की 22 मई तक बढ़ी हिरासत अवधि



रांची। मनरेगा घोटाले की राशि मनी लाउंड्रिंग करने की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल समेत चार की न्यायिक हिरासत अवधि 22 मई तक बढ़ा दी गई है। सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पूजा सिंघल के साथ सीए सुमन कुमार, इंजीनियर शशि प्रकाश एवं बर्खास्त इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। चारों आरोपी अभी जेल में है। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 22 मई निर्धारित की है। वहीं, मामले में ईडी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत करना था, लेकिन, गवाह नहीं आने के कारण गवाही नहीं हो सकी। मालूम हो कि पूजा सिंघल तीन महीने की अंतरिम जमानत के बाद बीते 12 अप्रैल को सरेंडर की थी। तब से जेल में है। ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था।

### सांसद ने छात्रा तनू साहू को किया सम्मानित



रांची। ईचागढ़ की 10वीं की छात्रा तनु साहू जिसने गुरु तेग बहादुर सिंह पर एनसीईआरटी की लेखन प्रतियोगिता में झारखंड से एकमात्र तनु का चयन किया गया है आगामी 9 मई को नई दिल्ली में सांसद भवन में आयोजित संविधान को जानने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा इन्हें सम्मानित किया जाएगा पूरे देश भर के 22 बच्चों को चयनित किया गया है सांसद संजय सेठ ने आज रांची एयरपोर्ट पर तनु साहू और उनके पिता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उन्हें बधाई दी साथ ही उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ हर संभव मदद करने की बात कही।

## धनबाद में स्मार्ट मीटर लगाने का सर्वे शुरू, डेढ़ लाख स्मार्ट मीटर लगाये जायेंगे

### रांची में साल के अंत तक साढ़े तीन लाख स्मार्ट मीटर होंगे रिप्लेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची के बाद अब धनबाद जिले में स्मार्ट मीटर जल्द लगाया जायेगा। झारखंड बिजली वितरण निगम इसकी तैयारी कर रहा है। निगम की मानें तो एजेंसी बेनटेक को जिला में स्मार्ट मीटर का काम दिया गया है। एजेंसी की ओर से अभी सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट के बाद जिले में मीटर रिप्लेसमेंट शुरू किया जायेगा। जीएम आईटी संजय सिंह ने बताया कि योजना के तहत जिला में डेढ़ लाख मीटर लगाये जाने हैं। संभावना है कि आने वाले महीने में धनबाद जिला में स्मार्ट मीटर बदलने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

मालूम हो कि पिछले साल से रांची में स्मार्ट मीटर रिप्लेस किया जा रहा है। इसके तहत रांची जिला के अलग अलग हिस्सों में लगभग साढ़े तीन लाख स्मार्ट मीटर बदले जाने हैं। अभी कोकर, बरियातु, अशोक नगर, किशोरगंज, हरमू, रातू रोड, कांके समेत अन्य इलाकों में स्मार्ट मीटर बदला जा रहा है। एजेंसी को इस साल के अंत तक साढ़े तीन लाख स्मार्ट मीटर रिप्लेस करने का आदेश दिया गया है।

**जमशेदपुर में केंद्रीय योजना के तहत लगेंगे मीटर** : जेबीवीएनएल की मानें तो जमशेदपुर में भी स्मार्ट मीटर बदलना है। निगम की मानें तो अब जमशेदपुर में केंद्रीय अनुदान से स्मार्ट मीटर रिप्लेस किया जायेगा। जमशेदपुर में भी डेढ़ लाख स्मार्ट मीटर रिप्लेस किया जाना है। निगम की ओर से इसके लिए टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। बताते चलें कि साल 2020 में जेबीवीएनएल ने धनबाद, जमशेदपुर और देवघर जिला में भी स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बनी थी। इसके बाद अब योजना के लिये टेंडर प्रक्रिया की जा रही है।

**प्रीपेड होगी व्यवस्था** : स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली की व्यवस्था प्रीपेड होगी। ऐसे में उपभोक्ताओं को पहले मीटर रिचार्ज करना होगा। उसके बाद बिजली जला सकते है। रिचार्ज खत्म होने पर मीटर की ओर से अलर्ट दिया जायेगा, जिस पर उपभोक्ता रिचार्ज कर सकते है। रिचार्ज के लिये उपभोक्ताओं को आइडी दिया जायेगा। वहीं, स्मार्ट मीटर घर के बाहर लगाने का प्रावधान है।

## डायन-बिसाही में मारपीट व हत्या की सर्वाधिक घटना वाले जिलों की विस्तृत जानकारी दे झालसा : हाइकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। राज्य में डायन बिसाही को लेकर हत्या एवं मारपीट की बढ़ती घटनाओं को लेकर हाईकोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने झालसा के सदस्य सचिव को निर्देश दिया कि वह बताएं कि डायन बिसाही को लेकर मारपीट एवं हत्या की घटनाएं जिलों के किस-किस क्षेत्र में सर्वाधिक होती है। ऐसे जगहों को चिन्हित करते हुए शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को अवगत कराएं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 5 जुलाई निर्धारित की है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

बता दें कि पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान झालसा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि झालसा वैसे जगह पर पहुंची है जहां डायन बिसाही जैसी घटनाएं सर्वाधिक होती हैं। इन क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि डायन को लेकर होने वाली हत्या पर रोकथाम हो सके। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने झालसा के सदस्य सचिव और राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा था कि डायन बिसाही की रोकथाम को लेकर लोगों को जागरूक करने को लेकर क्या-क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया था कि डायन बिसाही जैसी घटनाओं पर अंकुश के लिए जागरूकता कार्यक्रम को प्रमोट करना चाहिए।

### पोक्सो मामले का आरोपी बरी

रांची। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग युवती का अपहरण करने के मामले में आरोपी गिरिडीह निवासी रवींद्र मंडल एवं प्रवीण मंडल को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दोनों पर रांची से लोहरदगा जा रही युवती का अपहरण करने का आरोप था। इस घटना को लेकर लोअर बाजार थाना में 29 मई 2018 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने कहा कि दोनों आरोपी मामले में निर्दोष है। इसी आधार पर अदालत ने दोनों को बरी कर दिया।


**GOVT.OF. JHARKHAND OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla**
**Very Short e-Quotation No. 04/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for estimared for repairing and maintenance of 50 HP C/F motor pump ser no-1 and other allied works at Rural W/S scheme Netarhat *under D.W.& S. Mechanical Division Gumla.* work to drinking Water supply from reputed Manufacturers /experience /Authorized Dealers/ Registered departmental contractor having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Division. Gumla, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 11.05.2023 at 3.30 hrs. to 18.05.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 18.05.2023 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Gumla

PR 296759 Water Resource(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**कोनार नहर प्रमण्डल, डुमरी (गिरिडीह)**

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/KCD Division Dumri/IFB-03/2023-24 दिनांक 08/04/2023 (जिसका PR No. 295096 Water Resource (2023-24) है) आमंत्रित निविदा के संबन्ध में इस शुद्धि–पत्र के प्रभाव से निम्न अंकित सूचनाएँ इस हद तक संशोधित समझी जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 7. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 15.05.2023, अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 8. | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात जमा करने का स्थान। | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल, डुमरी (गिरिडीह)। अधीक्षण अभियंता का कार्यालय ,तेनुघाट बाँध अंचल, तेनुघाट। मुख्य अभियंता का कार्यालय ,जल संसाधन विभाग, हजारीबाग। |
| 9. | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.05.2023, अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 10. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17.05.2023, अपराह्न 2:00 बजे तक |

शेष शर्ते यथावत रहेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता,
कोनार नहर प्रमण्डल,डुमरी(गिरिडीह)

PR 296710 Water Resource(23-24).D



**शपथ पत्र**



मैं नवीन कुमार पांडेय पिता रमेश पांडेय निवासी ग्राम- गोसांग, पोस्ट-कुशहा, थाना- कांडी, जिला-गढ़वा झारखंड शपथ पूर्वक बयान देता हूँ।

1. यह कि उपरोक्त पत्ते का स्थाई निवासी हूँ। 2. यह कि अंजली पांडेय (ANJALI PANDEY) मेरी पुत्री है। 3. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड संख्या 3639 2591 6449 में नाम (JANU PANDEY) एवं जन्म तिथि वर्ष 2008 दर्ज है जो गलत है। 4. यह कि मेरी पुत्री का स्कूल नामांकन पंजी में नाम अंजली पांडेय (ANJALI PANDEY) एवं जन्म तिथि 20/03/2009 है जो सही है। 5. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अंजली पांडेय एवं वास्तविक जन्म तिथि 20/03/2009 है। 6. यह शपथ पत्र में मेरी पुत्री का आधार कार्ड में दर्ज गलत नाम एवं जन्म तिथि सुधार कर वास्तविक नाम एवं जन्म तिथि दर्ज कराने के निमित्त निष्पादित कर रहा हूं। 7.उपरोक्त सभी बयान मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है। आज दिनांक 26/04/2023 ई को लेख्य प्रमाणक, खूंटी के समक्ष उपस्थित होकर उपरोक्त बयानों की पुष्टि मेरे हस्ताक्षर बना कर की गई।

नवीन कुमार पांडेय (शपथकर्ता)
क्रम संख्या 1055 , दिनांक 26.04.2023


## असिस्टेंट इंजीनियर एग्जामिनेशन

### रिक्त सीटें भरने के मामले में सरकार और जेपीएससी जवाब दे : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जेपीएससी द्वारा ली गई असिस्टेंट इंजीनियर एग्जामिनेशन में रिक्त पदों को भरने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार एवं जेपीएससी को जवाब दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 21 जून को होगी। बता दें कि असिस्टेंट इंजीनियर एग्जामिनेशन को लेकर जेपीएससी ने नवंबर 2022 में मेरिट लिस्ट जारी किया था। अप्रैल 2023 में कट-ऑफ मार्क्स और अभ्यर्थियों का स्कोर कार्ड जारी किया था। इसमें सिविल ब्रांच के कुल 542 पदों सहित मैकेनिकल ब्रांच के भी पदों के लिए विज्ञापन निकला था। सिविल ब्रांच के 542 पदों में से 514 सफल अभ्यर्थियों का मेरिट लिस्ट जारी किया गया। वहीं 514 सफल अभ्यर्थियों में से 18 अभ्यर्थियों ने ज्वाइन नहीं किया। इससे सिविल ब्रांच के कुल 46 सीट खाली रह गए। प्रार्थी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में राज्य सरकार को रिक्त पदों पर निर्णय लेना जरूरी है।

### धनबाद के भू-अर्जन पदाधिकारी जीटी रोड पर बनी संरचना का मूल्यांकन रिपोर्ट दें: हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। धनबाद के बरवड्डा से बराकर जानेवाला जीटी रोड (6 लेन) के किनारे बनी संरचना के मुआवजा से संबंधित विमल कुमार तुलस्यान की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट सुनवाई में हुई।

मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एआर चौधरी की कोर्ट ने जिला भू अर्जन पदाधिकारी धनबाद, सीओ गोविंदपुर, अमीन या एनएचएआई के अधिकारी के समक्ष जांच कर जमीन पर स्थित सभी प्रकार की संरचनाओं का मूल्यांकन कर न्यायालय अपर समाहर्ता, धनबाद के समक्ष रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है ताकि प्रार्थी के जमीन का मूल्यांकन कर उसे उचित मुआवजा दिलाया जा सके। कोर्ट ने उक्त दिशा निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने पैरवी की।

दरअसल, यह मामला धनबाद के बरवड्डा से बराकर की ओर जाने वाली जीटी रोड (6 लेन) के भूमि की संरचना के अधिग्रहण से जुड़ा है। बता दें कि इस जमीन पर प्रार्थी का कोक प्लांट है। एनएचएआई द्वारा जीटी रोड को 4 लेन से 6 लेन करने को लेकर प्रार्थी के जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है, लेकिन उस जमीन पर बने संरचना का मुआवजा उसे नहीं मिल रहा था जिसे लेकर प्रार्थी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित होंगे धनबाद मटकुरिया फ्लाईओवर के विस्थापित

**नगर विकास विभाग ने दिया जुडको को डीपीआर तैयार करने का निर्देश**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। धनबाद के मटकुरिया फ्लाईओवर के 175 विस्थापितों को पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा। नगर विकास विभाग ने फ्लाईओवर के विस्थापितों को अविलंब आवास देकर बसाने का निर्देश जुडको के अधिकारियों को दिया है। इस संबंध में पहले विभागीय सचिव विनय चौबे ने भी आवश्यक पहल करने को कहा था। इसके बाद जुडको को कहा गया है कि वह मटकुरिया फ्लाईओवर के विस्थापित 175 परिवारों को वहीं चिह्नित जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना से अवास बनाकर बसाने की दिशा में काम करें। इसके लिए डीपीआर सहित अन्य तकनीकी कार्य पूरा करने को कहा है। डीपीआर बनने के बाद पीएम आवास शहरी से योजनाओं की स्वीकृति दी जायेगी।

नगर विकास विभाग ने इसके अलावा नगर आयुक्त धनबाद द्वारा चिंहित माडा क्षेत्र के एक जल स्त्रोत का जीर्णोद्धार कर उस जगह सौंदर्यीकरण को लेकर भी योजना बनाने का निर्देश जुडको के अधिकारियों को दिया है। वहीं, धनबाद में बनने वाले कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर के अधिष्ठापन को लेकर कंपनी चयन का निर्देश दिया गया है।

### झारखंड में शराब घोटाला मामले में सीएम चुप्पी तोड़ें : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने झारखंड शराब घोटाले को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। श्री मरांडी ने कहा कि शराब घोटले में सीएम की चुप्पी रहष्यमयी है। उन्होंने पहले ही सीएम को उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा साजिश के तहत मनचाहे छत्तीसगढ़ी कंपनियों को टेंडर दिलाने से होने वाले राजस्व नुकसान के संबंध में आगाह किया था, लेकिन उनकी बातों को ध्यान नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा कि उनकी शराब घोटाले को लेकर भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिये। अब ये भी समझ में आ गया कि झारखंड में शराब घोटाला करने का आईडिया और टीम छत्तीसगढ़ से सोची समझी रणनीति के तहत ज्यादा से ज्यादा घोटाला करने के लिये ही लाया गया था। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग में भी इसी गिरोह ने 2000 करोड़ से अधिक का भ्रष्टाचार किया है, जिसके तार झारखंड के उत्पाद विभाग के अधिकारियों से भी जुड़े होने की खबरें आ रही हैं।

## दो-तीन माह बाद झारखंड में दिखेगा जदयू का नया स्वरूप

# विपक्षी एकता के लिए नीतीश कुमार जल्द आयेंगे झारखंड: अशोक चौधरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। बिहार के मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने कहा है कि अगले दो-तीन महीने के बाद झारखंड में पार्टी का नया स्वरूप देखने को मिलेगा। अशोक चौधरी सोमवार को मोरहाबादी स्थित सरकारी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष और सांसद खीरू महतो, विधायक (बिहार) मनोज यादव, पार्टी प्रवक्ता सागर कुमार उपस्थित थे।

अशोक चौधरी ने कहा कि 20-30 मई के बीच सभी जिलों में तीन प्रभारी दो-दो फेज में दौरा करेंगे। इसमें एमएलसी विजय सिंह, विधायक मनोज यादव का भी नाम तय है। अगले वर्ष होने वाले चुनाव से पूर्व झारखंड में संगठन को धारदार बनाने का प्रयास होगा। पुराने, नये जिलाध्यक्षों के साथ मिलकर नये लोगों को जोड़ेंगे। झारखंड के पांचों प्रमंडल में रैली की जायेगी। इसके बाद प्रदेश स्तर पर रांची में होने वाली रैली में नीतीश कुमार भी आएंगे।

**सकारात्मक दिशा में है विपक्षी एकता की मुहिम** : अशोक चौधरी ने कहा कि देश में विपक्षी एकता के लिए मुहिम चल रही है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार इस प्रयास में लगे हुए हैं। पार्टी अध्यक्ष ललन सिंह पिछले दिनों झारखंड के सीएम से मिले भी थे। नीतीश का प्रयास है कि देश में संयुक्त विपक्ष एकत्र होकर 2024 का चुनाव लड़ें। जरूरत पड़ने पर दलों को समझौता करना होगा। झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। विपक्षी एकता की मुहिम में नीतीश यहां भी आएंगे।

# आक्रोशित हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

# सरकार की कठपुतली बनकर कार्य ना करे प्रशासन : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कदमा के शास्त्रीनगर क्षेत्र में पिछले दिनों हुए सांप्रदायिक उपद्रव मामले में प्रशासन द्वारा निर्दोष भाजपा नेताओं एवं हिंदूवादी नेताओं को गिरफ्तार करने और जेल भेजे जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आहूत प्रदर्शन में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ड दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा समेत जमशेदपुर के तमाम बड़े नेता व हजारों कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ हुंकार भरा। इस दौरान सभी नेताओं ने एक स्वर में जिला प्रशासन की पक्षपाती पुलिसिया कार्रवाई को अनुसूचित बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया। धरना-प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने भाजपा एवं हिंदूवादी नेताओं के सम्मानपूर्वक रिहाई एवं हेमंत सरकार के खिलाफ स्लोगन वाले पोस्टर हाथों में लेकर विरोध दर्ज कराया। धरना-प्रदर्शन को लेकर भाजपा जमशेदपुर में व्यापक तैयारी


धरना कार्यक्रम को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश।

की थी। सोमवार सुबह से ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जुटने लगे थे, दोपहर तक पूरा कार्यक्रम स्थल कार्यकर्ताओं की भीड़ से भर गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगे निर्दोष भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशासन ने राज्य सरकार के इशारे पर जेल में डालने का जो त्य किया है, वो पूर्वाग्रह की पराकाष्ठा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के दमन के आगे जेल जाना स्वीकार किया परंतु झुकना स्वीकार नही किया। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों से बहुसंख्यक समाज के सभी पर्व-त्यौहार पर बंदिश लगाने की साजिश की है। आखिर हिन्दू समाज कब तक मर्माहत होंगे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि सरकार अगर इसी प्रकार से हिन्दू समाज की भावनाओं को दबाने का कार्य करेगी तो हिन्दू समाज अन्याय को सहन नही करेगा। कहा कि लौहनगरी का इतिहास है कि जब-जब जमशेदपुर की जनता करवट लेती है तो यहां इतिहास बदलने का कार्य होता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन बताएं कि कदमा मामले में जिन लोगों को छोड़ा गया, उन्हें किसके इशारे पर छोड़ा गया। भाजपा सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है, परंतु प्रशासन एक आंख में काजल और एक आंख में सुरमा वाली कहावत चरितार्थ ना करें। दीपक प्रकाश ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस ने बजरंग दल की तुलना पीएफआई से करने के साथ बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कर करोड़ों हिंदुओं और राम भक्तों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने जिला प्रशासन के कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि एक मंत्री के इशारे पर राज्य सरकार की कठपुतली बनकर कार्य ना करें। आपने कानून के मर्यादा की पालन करने की शपथ ली। परंतु पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर प्रशासन ने दर्जनों भाजपा नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को बिना जांच-पड़ताल किये एक पेशेवर अपराधी और आतंकवादी की भांति गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उन्होंने कहा कि पूरे शहर में कानून व्यवस्था रसातल में चली गई है और आपराधिक घटनाओं का ग्राफ प्रतिदिन बढ़ रहा है। प्रतिदिन चोरी, गोलीकांड, डकैती और छिनतई की घटनाओं से जनता भयाक्रांत है। परंतु प्रशासन अपराधियों को पकड़ने से अधिक निर्दोष भाजपा कार्यकर्ताओं को अपराधी की भांति पकड़ने में तत्पर रहती है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि पूरे राज्य में परिवर्तन की लहर चल रही है। कोल्हान में झामुमो-कांग्रेस के विधायक खाता नही खोल पाएंगे। ये लड़ाई लंबी लड़नी है, राज्य सरकार और जिला प्रशासन को जनता और कार्यकर्ता जवाब देंगे। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि समाज के लिए खड़े होने वाले भाजपा एवं हिन्दू संगठन के नेताओं को प्रशासन ने बिना जांच किये जेल में डाल दिया और पत्थरबाजी करने वाले उपद्रवियों का स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ता जेल जाने से कभी डरने वाले नही हैं। जिस दिन पार्टी का आह्वान होगा भाजपा कार्यकर्ता जेल भरो आंदोलन के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के तुष्टिकरण के रवैये और प्रशासन के अन्याय के खिलाफ भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूरी मजबूती से तैयार खड़ा है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के साथ प्रशासन ने जिस तरह से तानाशाही कार्रवाई की है उससे सारा शहर आक्रोशित है। कदमा मामले में ज्ञापन देने गए नेताओं को प्रशासन ने पूर्वाग्रह से ग्रषित होकर जेल भेज दिया। यह पहली बार होगा जब न्याय की मांग करने वाले को जेल भेज दिया गया। ऐसी कार्रवाई कांग्रेस सरकार के आपातकाल की याद दिलाती है। भाजपा प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने कहा कि कदमा मामले में भाजपा नेताओं एवं हिंदूवादी नेताओं पर विद्वेषपूर्ण कार्रवाई कर संविधान के रक्षा का संकल्प लेने वाली प्रशासन ने संविधान की धज्जियां उड़ा दी। कहा कि सरकार आते जाती रहती है, भाजपा नेताओं को अपराधी की भांति गिरफ्तार कर जेल में डालने वाली प्रशासन को झामुमो-कांग्रेस सरकार के कार्यकर्ता की भूमिका से बाहर आना होगा। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि जिला प्रशासन और हेमंत सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं को कमजोर समझने की भूल ना करें। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री अनिल मोदी एवं धन्यवाद ज्ञापन साकची पश्चिम मंडल अध्यक्ष बजरंगी पांडेय ने किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान पूर्व सांसद आभा महतो, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, बिनोद सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, मिथिलेश सिंह यादव, नीरज सिंह, विकास सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, भरत सिंह, अनिल सिंह, ड राजीव, निर्भय सिंह, डा जटाशंकर पांडेय, संजीव कुमार, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दीपक प्रकाश के नेतृत्व वाले धरना को जनता ने नकार दिया : कांग्रेस

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा के द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के नेतृत्व में धरना को जनता नें नकार दिया। भाजपा के पास जनहित का कोई मुद्दा नही है इनके छोटे से बड़े नेता न तो बेरोजगारी की बात करते हैं ना बढ़ती महंगाई पर और न हीं विकास पर इन विषयों पर भाजपा के नेता अपने मुंह छुपाते रहे हैं और आम जनमानस का ध्यान इन विषयों से भटकाने के लिए अल-बल बोल रहे हैं,अब जनता इनको जान चुकी है तभी तो पिछले 8 दिनों से तैय्यरी करने के बावजूद प्रदेश अध्यक्ष के धरना-प्रदर्शन में 250 से 300 लोग आए हैं, उसमें भी आधे 12-13 वर्ष के नाबालिग बच्चे थें ।भाजपा अपने आपको विश्व कि सबसे बड़ी पार्टी कहती है और हकीकत यह है कि पार्टी के अपने कार्यकर्ता हीं हतोत्साहित हैं। यह लोग कांग्रेस पार्टी एवं जेएमएम के गठबंधन सरकार के विकास कार्यों से घबरा गए है। बार-बार हिंदुत्व की बात को सामने लाते हैं, भाजपा संगठन के लोग भूल गए कि माननीय मंत्री स्वास्थ्य श्री बन्ना गुप्ता जी के नेतृत्व में दोमुहानी सोनारी में गंगा आरती का आयोजन व्यापक पैमाने पर सफल रहा था जिसमें सारा शहर उमड़ पड़ा था, बारीडीह में हमलोगों द्वारा आयोजित परमपूज्य जीयर स्वामीजी के द्वारा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिदिन 30 हजार से 35 हजार लोग यज्ञ में शामिल होते थे हमलोग पूजा-पाठ धर्म आस्था के लिए करते हैं और भाजपाई राजनीति के लिए। जहां तक विकास कार्यों कि बात है तो माननीय मंत्री के विकास कार्यों में एमजीएम अस्पताल का पुनर्निर्माण जिसमें 400 आधुनिक बेड बनाने का कार्य प्रारंभ है जो करीब450 करोड़ के लागत से बनने जा रहा है , मानगो सहित जमशेदपुर में लगनेवाले जाम से मुक्ति के लिए 1440 करोड के लागत से फ्लाईओवर बनने जा रहा है शहरवासियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का बस अड्डा बनने जा रहा है। भाजपा के लोग बताएं इसी शहर से मुख्यमंत्री के रूप में अर्जुन मुंडा जी रहे, रघुवर दास जी रहे, इन्होंने क्या काम किया जनता के भलाई के लिए, कुछ भी नहीं किया, किसी प्रकार की योजना नहीं लाए, जनता के बीच इनके कारनामे कांग्रेस पार्टी चौक चौराहे पर पहुंचकर रोजाना बता रही है। भाजपा जनता के भला के लिए कुछ भी नहीं करने वाली, ये बात बनाकर सिर्फ भावनाओं से खेलना जानते हैं जिसे जनता समझ चुकि है इसीलिए जनता नें भाजपा के इस कार्यक्रम से किनारा कर लिया ।


कांग्रेस जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी।

स्पीड न्यूज

## मारवाड़ी युवा मंच और जेसीआई पहचान का समर कैंप 11 को



**जमशेदपुर।** सोमवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा और जेसीआई जमशेदपुर पहचान बिष्टुपुर के एक होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में समर कैंप पोस्टर जारी किया जिसका थीम 'कनेक्टिंग तो नेचर है' रखा गया है। समर कैंप पोस्टर रिलीज इवेंट में 11 मई को गोल्डन लीफ रिजॉर्ट में आयोजित होने वाले समर कैंप में पेश की जाने वाली रोमांचक गतिविधियों और कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा के अध्यक्ष मोहित मूनका ने कहा कि हम इस रोमांचक आयोजन के लिए रोमांचित हैं। जेसीआई जमशेदपुर पहचान की अध्यक्ष संगीता खाबरा ने कहा कि हम इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने और समर कैंप का समर्थन करने के लिए उत्साहित हैं। हमारा मानना है कि समर कैंप बच्चों को एक अनूठा और समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा, और हमें इस पर गर्व है। इस दौरान मोहित मूनका, सचिव सौरव सोंथालिया, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, संयोजक अनिमेष छापोलीअ उपस्थित थे, और जेसीआई जमशेदपुर पहचान की और से अध्यक्ष संगीता खाबरा, सचिव चांदनी अग्रवाल, संयोजक पायल सोंथालिया उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों को किया गया यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक



जमशेदपुर। सोमवार को जुगसलाई स्थित आर पी पटेल हाई स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच यातायात सुरक्षा जागरुकता अभियान जुगसलाई यातायात प्रभारी संगीता कुमारी के निर्देशानुसार चलाकर यातायात सुरक्षा से संबंधित पाठ पढ़ाया गया। इस दौरान यातायात रोड सेफ्टी से संबंधित कई सारे स्कूली बच्चों को टिप्स दिया गया। इसके अलावे टू व्हीलर पर आगे पीछे दोनों बैठने वाले को हेलमेट लगाकर बैठने को कहां गया। बच्चों को यातायात सेफ्टी से संबंधित शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर प्रकाश गिरी, बिजय कुमार सब इंस्पेक्टर निर्भय कुमार सिंह आरक्षी, शशि आचार्या, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, सुधीर कुमार सिन्हा चालक, स्कूल की सहायक शिक्षिका जमुना कुमारी, सहला तरनुम, कंप्यूटर संयोजक श्रीकांत साहू, क्लर्क दीपंकर मोदक उपस्थित थे।

## बीएसीइटी में आइओटी व आटोमेशन पर एक दिवसीय सेमिनार संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बी ए कलेज अफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नेलजी, घुटिआ , जमशेदपुर में 7 मई 2023 को आईओटी तथा अटोमेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमे प्रमुख वक्ता एन आई टी, जमशेदपुर के प्रोफेसर डॉक्टर कुणाल कुमार सिंह तथा बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के चेयरमैन डॉक्टर शिव कुमार सिंह थे। डॉक्टर कुणाल ने छात्रों को आइओटी में सेंसर का उपयोग तथा इंडस्ट्री 40 के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कुछ ही समय में दुनिया इंडस्ट्री 50 को अपना लेगी। उन्होंने भविष्य मे कैसे सेंसर का उपयोग मानव करेंगे इस पर चर्चा किया। तदोपरांत कॉलेज के चेयरमैन डाक्टर शिव कुमार सिंह ने ऑटोमेशन का उपयोग किस प्रकार इंडस्ट्री में हो रहा है इस पर प्रकाश डाला तथा भविष्य में मानव जीवन को अटोमेशन कैसे प्रभावित करेगा इसको भी बताया। उन्होंने अटोमेशन के अनेक स्तर के बारे में बताया। सेंसर का उपयोग इंडस्ट्री में कैसे किया जाता है, इसको भी विस्तृत रूप से बताया। इस कार्यशाला का आयोजन कलेज के एकेडमी अफ फ्यूचर स्किल द्वारा किया गया। आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न करने का द्वायित्व सहायक प्राध्यापिका प्रिया राहुल, सहायक प्राध्यापक दिवेश कुमार एवम सहायक प्राध्यापिका पूजा कुमारी के हाथों में था।

## श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आगाज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्री नाथ पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य आयोजन का आगाज रंगारंग कार्यक्रम के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विद्यालय के अध्यक्ष सुखदेव महतो विशिष्ट अतिथि के रूप में अनीता महतो एवं अकादमिक निदेशक दिलीप कुमार महतो, प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभकिया। प्रातः काल सबसे पहले बच्चों ने योगा शिक्षक के समक्ष विभिन्न योगासन किए तत्पश्चात छात्रों को अलग-अलग समूह में बांटा गया। कक्षा प्रथम से चतुर्थ के बच्चों के लिए चित्रांकन एवं कार्ड मेकिंग, कक्षा पंचम से अष्टम के छात्रों के लिए गंगा मिट्टी के डिजाइन एवं गलास में चित्रकारी करना रहा। समर कालीन शिविर का प्रथम दिन था जो बड़ा ही मस्ती भरा रहा। विद्यालय के चेयरमैन सुखदेव महतो ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस शिविर में जो लक्ष्य रखा गया है उससे आप लाभान्वित हो, सभी तरह के ज्ञान को अर्जन कीजिए जो आपको इस शिविर में सिखाया जाएगा। साथ ही अभिभावकों को भी संदेश देते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों में बच्चों को अवश्य भेजना चाहिए ताकि किताबी ज्ञान के साथ-साथ अतिरिक्त ज्ञान और व्यवहार कुशलता तथा अन्य कौशलों का ज्ञान बच्चे प्राप्त कर सके। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह शिविर 6 दिनों का है। आने वाले दिनों में कई तरह की आकर्षक कार्यक्रम बच्चों के लिए रखी गई है जैसे प्रति से जुड़ाव, प्रातिक क्रिया कलाप, कोयल विधि के द्वारापेंसिल स्टंट बनाना,कैंपिंग आर्ट, लीव बुकमार्क पर पेंटिंग, टेराकोटाज्वेलरी ग्लास पेंटिंग वल हैंगिंग टी शर्ट एंड केंडलमेकिंग और उनके कई तरह के उपयोग म्यूजिक एंड मूवमेंट जर्नी, योगा एंड लजिकल स्किल डेवलपमेंट इत्यादि कई कौशल विकास सिखाया जाएगा। इस समर कैंप में 125 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया है।

## अडानी सीमेंट के अजय कपूर को टॉप विजनरी सीइओ का अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो


अजय कपूर।

**जमशेदपुर/मुंबई।** अडानी सीमेंट की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनियां और अडानी समूह का हिस्सा एसीसी और अंबुजा सीमेंट्स ने घोषणा की है कि अजय कपूर, सीईओ, अडानी सीमेंट, एसीसी और अंबुजा सीमेंट्स को टप विजनरी सीईओ के रूप में मान्यता दी गई है। यह मान्यता एचआर एसोसिएशन अफ इंडिया द्वारा प्रदान की गई है। एचआरएआई ने 2023 की 23 पहल के हिस्से के रूप में विजनरी सीईओ की सूची की घोषणा की है। इस सूची में ऐसे सीईओ शामिल किए गए हैं, जिन्होंने अपने संबंधित संगठनों में असाधारण नेतृत्व, रणनीतिक दृष्टि और व्यापार कौशल का प्रदर्शन किया है। सूची में अजय कपूर सहित 23 उल्लेखनीय सीईओ शामिल हैं, जिन्हें उनके संगठन और सीमेंट क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मान्यता प्रदान की गई है। उनका नेतृत्व सीमेंट व्यवसाय के लिए विकास और नवीनता लाने में सहायक रहा है। अजय कपूर ने कहा, 'एचआर एसोसिएशन अफ इंडिया द्वारा टप विजनरी सीईओ के बीच मान्यता मिलने पर मैं वास्तव में विनम्र और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अडानी सीमेंट की पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि असाधारण नेतृत्व वही है, जो लोगों को प्रेरित करने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में प्रयास करता है। 'एचआर एसोसिएशन अफ इंडिया की ओर से मिली यह मान्यता मुझे स्पष्ट दृष्टि और हमारे लक्ष्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ हमारी टीम का नेतृत्व जारी रखने के लिए प्रेरित करती है। मैं यह पुरस्कार अपनी टीम को समर्पित करता हूं जिन्होंने हमारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।' एचआर एसोसिएशन अफ इंडिया से मान्यता कपूर के उद्योग में उत्कृष्ट योगदान को ही प्रमाणित करती है। उन्होंने न केवल असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया है, बल्कि अपने क्षेत्र में दूसरों को भी प्रेरित किया है। उनकी दृष्टि, समर्पण और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें उद्योग में अनेक लोगों के लिए एक आदर्श बना दिया है।

## फिल्म 'खामोशी' में दिखेगी लौहनगरी की खूबसूरती, शहर में हो रही शुटिंग



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्टील सिटी के नाम से मशहूर जमशेदपुर अब फिल्म के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां एक से बढ़कर एक फिल्म की शूटिंग हो रही है। अभी भोजपुरी फिल्म 'खामोशी' की शूटिंग चल रही है, जिसमें भाग लेने के लिए मुंबई से लगभग एक दर्जन कलाकार पहुंचे हैं। इसमें खास बात यह है कि स्थानीय कलाकारों को भी अपने भविष्य संवारने का मौका मिल रहा है। फिल्म के निर्माण में लगभग 80 प्रतिशत कलाकार स्थानीय ही हैं। फिल्म में मुख्य अभिनेता राघव पांडे, अयाज खान, रितिका शर्मा, स्नेहा मिश्रा होंगी। वहीं, फिल्म के निर्देशक शहर के ही मो.हबीब है। वहीं, पहली बार जमशेदपुर आए अभिनेता राघव पांडे, रितिका शर्मा और अयाज खान ने बताया कि यहां काफी अच्छे-अच्छे लोकेशन हैं, जहां पर फिल्म की शूटिंग अच्छे ढंग से हो सकती है। इसे अगर विकसित किया जाए तो यहां बड़ी-बड़ी फिल्मों की भी शूटिंग हो सकती हैं। उन्होंने खामोशी फिल्म के बारे में बताया कि यह लव स्टोरी के साथ मनोरंजन और पारिवारिक फिल्म है। किसी तरह की अश्लीलता नही है।

## अरका जैन विवि के छात्रों ने समझी मीडिया में कैरियर की बारीकियां

### फिल्म एंड मीडिया विभाग की अनामिका हलदर ने दिया ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर

- अरका जैन विश्वविद्यालय के जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन विभाग में अनलाइन गेस्ट लेक्चर 'नौकरी की संभावना और मीडिया उद्योग' के विषय पर आयोजित किया

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय, के जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन विभाग में अनलाइन गेस्ट लेक्चर 'नौकरी की संभावना और मीडिया उद्योग' के विषय पर आयोजित किया। इस सेशन की मुख्य वक्ता अनामिका हलदर, असिस्टेंट प्रोफेसर, फिल्म एंड मीडिया डिपार्टमेंट, इंटरनेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन से हैं। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अनामिका हलदर ने मीडिया करियर की बारीकियों को समझाया एवं यह भी बताया कि किस तरह से अपनी दिलचस्पी और कौशल के अनुसार सही करियर का चयन करे। अपने लेक्चर के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि कैसे अपना सीवी डिजाइन करे। अंत में उन्होंने अनेक प्रकार के सीवी के बारे में भी बताया और मीडिया रोजगार के अनछुए पहुलओं पर भी प्रकाश डाला। जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन के विभागाध्यक्ष डॉ राहुल अमीन ने कहा कि फाइनल सेमेस्टर के छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग बहुत उपयोगी है। विभाग द्वारा फाइनल सेमेस्टर के छात्रों के लिए इस तरह के करियर काउंसलिंग का उद्देश्य यह है की उन्हें अपने करियर से जुड़ी सही मार्गदर्शन मिल सके, तभी हमने मीडिया एक्सपर्ट से फाइनल सेमेस्टर छात्रों को रूबरू करवाया ताकि उन्हें सही सलाह मिल सके। सेशन के अंत में छात्रों ने मुख्य वक्ता से करियर से जुड़ी कई सवाल पूछे जिससे उन्हें संतोषजनक उत्तर मिले। सेशन सभी छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी रहा।

खबर एक नजर में

## इनरव्हील क्लब ने बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एच पी भी टीका का खुराक दिलवाया



**जमशेदपुर।** इनरव्हील क्लब जमशेदपुर ईष्ट ने 15 साल से कम उम्र के बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर बचाव के लिए पांच बच्चियों को एच पी भी टीका का प्रथम खुराक दिलवाया। दुसरी खुराक 6 महिने के बाद दिया जायगा। क्लब की सदस्य डाक्टर नीलम के मदद से कार्यक्रम बहुत अच्छी तरह सम्पन्न हुआ। मौके पर अध्यक्ष अर्चना, उपाध्यक्ष संपा उपाध्याय और डॉ नीलम मौजूद थी।

## किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल ने मनाया मदर्स डे



**जमशेदपुर।** किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल के द्वारा चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। पहले दिन एम्सुमेंट टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क, दूसरे दिन स्मैश गेम जोन, पीजेपी सिनेमा तथा तीसरे दिन मिनी ओलंपिक्स में बच्चों ने बहुत मस्ती की। साथ ही बच्चो ने फ्रूटी, दोसा, पिज्जा, बर्गर, चाउमीन का भी लुफ्त उठाया। इस दौरान बच्चो की हर जरूरत का पूरा खयाल रखा गया। समर कैंप के तीसरे दिन मिनी ऑलिमिक्स का आयोजन किया गया जिसमे शारीरिक गतिविधि से संबंधित खेल कूद का आयोजन किया गया। जिसमे लेमन स्पेस रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आईरा अली तथा रिंग टॉस में प्रथम पुरस्कार मुसाब शाहबाज को मिला। समर कैंप का समापन द कैनलाईट में मदर्स डे सेलिब्रेशन के साथ हुआ। जिसमे मॉम्स के लिए ट्विनिंग विथ योर चाइल्ड थीम पर रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं ने माहोल ही बना दिया। सारे प्रतियोगिताओं को जीतकर सुपर मॉम का खिताब अरसलान हैदर की मॉम को मिला तथा अपने उत्कृष्ठ परिधान के लिए दिवा मोम का खिताब मैशा अनवर की मॉम को मिला। इस अवसर पर चीफ गेस्ट राशिद जफर, स्कूल के डायरेक्टर भी मौजूद थे। अतिथि की मौजूदगी ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। राशिद जफर ने सारे प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र देकर उनकी हौसला अफजाही की। ऐंकर सबा असगर ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रोगाम के अंत में किड्स इंटरनेशन प्ले स्कूल के डायरेक्ट सैयद राशिद जफर ने कहा कि समर कैंप ने बच्चो में उत्साह और उमंग भर दिया। किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल की प्रिंसिपल रुखसार ऐशा ने कहा कि बच्चों के बीच इस तरह की शारीरिक एक्टिविटीज करवाना बहुत जरूरी होता है। इस मौके पर स्कूल की एडमिन सायमा अख्तर, अरीबा सफकत, गुरप्रीत कौर, पूनम नागेलिया और सारी शिक्षिकाओं का पूरा योगदान रहा।

## एलुमनाई एसोसिएशन ऑफ नवोदयंस का वार्षिक सम्मेलन सह नवोदयन मिलन समारोह संपन्न



**जमशेदपुर।** सोमवार को जमशेदपुर एलुमनाई एसोसिएशन ऑफ नवोदयंस यानी 'जान' की वार्षिक सम्मेलन सह नवोदयन मिलन समारोह होटल जीवा में प्रातः 9:00 बजे से लेकर संध्या 4:00 तक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न नवोदय विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र गण जो संप्रति जमशेदपुर या आसपास के इलाके में अपने पर्सनल या प्रोफेशनल कारणों से निवास कर रहे हैं, इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कोल्हान में स्थित तीन नवोदय विद्यालयों के प्राचार्य गण मौजूद रहे। सिजुलता नवोदय विद्यालय, बहरागोड़ा नवोदय विद्यालय एवं झिकपानी नवोदय विद्यालय के प्राचार्य गण मुख्य अतिथि के रुप में पधारे थे। कार्यक्रम में पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं ने तथा उनके परिवार के सदस्यों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षन सौम्य भार्गव रहे, जो कि स्वर्ण मयूरम की उपाधि से सम्मानित हैं और उन्होंने परंपरागत कत्थक नृत्य को पाश्चात्य आधुनिकता के फ्यूजन के साथ प्रस्तुत किया और दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त तेजस्विनी और हिमशिखा, मामी-भगिनी की जोड़ी ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं दूसरी ओर मास्टर तरुण कृष्ण, एक 7 साल के बच्चे ने, अपने नृत्य से दर्शकों को झुमने पर मजबूर कर दिया। दीपक कालिंदी एवं अश्वनी की जोड़ी ने ढोल के साथ गाना गाकर दर्शकों का मन मोह लिया। फिल्मी गाने पर नमिता प्रामाणिक के नृत्य पर दर्शक झूम उठे। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में गौरव सिंह 'क्रांतिगुरु' और रोहित जो कि टाटा स्टील में सीनियर अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं और आईआईटी दिल्ली से पास आउट किए हुए हैं, अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रथम वर्ष में एमबीबीएस कर रहे छात्र तेजस्वी सिंह ने मां पर कविता सुनाकर दर्शकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, रेलकर्मी, बैंक कर्मी, शिक्षक गण व्यवसाई गण एवं विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में गोविंद रजक ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जो मिशन चलाया है उसे दर्शकों के सामने पेश किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जमशेदपुर एवं आसपास में निवास करने वाले देश के विभिन्न नवोदय विद्यालय के छात्रों को एक मंच पर लाना था। कार्यक्रम में एंकर की भूमिका हरेन्दु शर्मा एवं शीतल बागे ने निभाई। 110 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। घोषणा की गई कि इसी वर्ष दिसंबर में 'जान' के सदस्यों का मिलन दिसंबर के पहले रविवार को नवोदय विद्यालय सिजुलता के प्रांगण में की जाएगी, इसकी उद्घोषणा वहां के प्राचार्य उपाध्याय सर ने की। कार्यक्रम के प्रायोजक के रूप में मुख्य भूमिका एचडीएफसी म्युचुअल फंड के सदस्यों एवं सोनी सिंह ने निभाया।

## स्पीड न्यूज

### कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष ने किया 5 विधानसभा प्रभारी की घोषणा





मेदिनीनगर। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष अजित मेहता ने पांच विधान सभा प्रभारी की घोषणा किया है। जिसमें संतन कुमार मेहता प्रभारी हरिहरगंज हुसेनाबाद विधान सभा क्षेत्र, राणा प्रताप कुशवाहा प्रभारी डालटनगंज चैनपुर मंडरिया विधान सभा क्षेत्र, निर्मल कुमार मेहता लेस्लीगंज पांकी विधान सभा क्षेत्र, कन्हाई महतो प्रभारी बिश्रामपुर मझिआंव बिधान सभा क्षेत्र, सुरेन्द्र मेहता प्रभारी पाटन छतरपुर बिधान सभा क्षेत्र का नाम शामिल है। मौके पर कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष अजित मेहता ने कहा कि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो के निर्देश पर विधानसभा के प्रभारी नियुक्त की गई है। विधानसभा के प्रभारी अपने अपने विस क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाकर संगठन की मजबूति के लिए प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव करायें।

### आराधना ने लगाई आंगनबाड़ी सेविका चयन में अनियमितता का आरोप

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के निमिया में आंगनबाड़ी सेविका के चयन में आराधना सिंह ने अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। आराधना सिंह ने इसकी जांच के लिए उपायुक्त व उप विकास आयुक्त पलामू को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि 2 मई को मुखिया जैनुल सिद्दीकी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जन प्रतिनिधियों व सीडीपीओ के मिलीभगत से कम योग्यताधारी रखने वाली सोनाली कुमारी पति मिथिलेश सिंह का सारी नियमों को ताक पर रखकर सेविका पद के लिए चयन कर दिया गया। जबकि आराधना सिंह की योग्यता पोस्ट ग्रेजुएट के साथ बीएड है। इसके बावजूद भी फर्जी योग्यताधारी वाले का चयन कर दिया गया। आराधना सिंह ने सेविका चयन में सीडीपीओ अनिता कुमारी व प्रवेक्षिका शांति कमलेश पर पक्षपात करने का आरोप लगया है। उन्होंने कहा है कि ग्राम सभा में सीडीपीओ अनिता द्वारा उनकी एक न सुनी गई। इसके लिए उन्होंने उपायुक्त ए दोड्डे व उप विकास आयुक्त से निष्पक्ष जांच कर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही आरटीआई के तहत चयनित सेविका सोनाली कुमारी का शैक्षणिक योग्यता का प्रमाणपत्र की मांग भी की है।

### प्रखंड प्रमुख ने किया गाय का वितरण



पाटन पलामू। जिला पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में प्रखंड पाटन के चेतमा ग्राम पंचायत किशनपुर के लाभुक उमाकांत उपाध्याय को पशुपालन विभाग के द्वारा गाय एवं बछड़ा का 90 प्रतिशत अनुदान पर दिया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख पाटन शोभा देवी गाय प्रदान करते हुए कहा कि किसानों को गाय से लाभ होने के साथ आय भी बढ़ेगा। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### भाजपा नेता सह प्रखंड बीस सूत्री के पूर्व सदस्य अक्षयवट का निधन



सतबरवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ी गांव निवासी वयोवृद्ध सेवानिवृत्त शिक्षक व पूर्व प्रखंड 20 सूत्री सदस्य सह भाजपा नेता अक्षय वट नाथ पांडेय करीब 81 वर्ष की उम्र में रविवार को शाम अंतिम सांस रांची स्थित हॉस्पिटल में ले लिया। सोमवार को पैतृक गांव के मलय नदी के तट पर भाजपा का झंडा ओढ़ा कर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया जाता है कि कुछ महिनों से वे अस्वस्थ चल रहे थे।भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने बताया कि अक्षय वट नाथ पाठक पार्टी के एक ईमानदार तथा कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता थे जो शिक्षक से सेवानिवृत्त के बाद पार्टी हित में लगातार कार्य कर रहे थे। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। निधन की खबर सुनकर भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ,भाजपा झारखंड प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी मनोज सिंह, पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता, अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, पूर्व जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, चतरा सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, चंचल यादव, अनुज चंद्रवंशी, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष रवि प्रसाद, संदीप कुमार, दिनेश साव, बलराम पाठक समेत कई शुभचिंतक पैतृक आवास पहुंचे थे।

### कायस्थ महासभा ने गरीब बेटी की शादी में सहयोग करने पर की चर्चा



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पलामू के अंतर्गत संचालित लिला महथा स्मीति न्यास के सदस्यो की एक आपात बैठक न्यास के वरिष्ठ सदस्य प्रेम श्रीवास्तव के आवास पर उनकी अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विषयो पर चर्चा हुई जिसमे प्रमुख, गढ़वा जिला के नगरउटारी थाना अंतर्गत के एक गरीब बेटी के विवाह मे सहयोग करने पर चर्चा की गई। बच्ची श्वेता (काल्पनिक नाम) के विवाह के शुभ अवसर पर न्यास के खाता से सहयोग करने का निर्णय सर्वसम्मती से लिया गया।

### बजरंग दल आज करेगा 300 मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

मेदिनीनगर। बजरंग दल मंगलवार को पूरे देश में कुमति निवार सुमति के संगी सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से हनुमत शक्ति को जागृत कर कांग्रेस सहित आतंकियों के पैरोकार अन्य संगठनों तथा देश विरोधी और हिंदू विरोधी मानसिकता की सद्बुद्धि हेतु भगवान बजरंगबली का आह्वान करेगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन नौ मई को संध्या 7 बजे स्थानीय चंद्रशेखर आजाद चौक, रेड़मा के पास स्थित हनुमान मंदिर में की जाएगी। विश्व हिंदू परिषद पलामू के जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र ने कहा कि कर्नाटक कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में और उसके बाद राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों में कांग्रेसी व कुछ अन्य हिंदू द्रोही नेताओं के द्वारा बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा और, बजरंग दल जैसे देशभक्त संगठन की तुलना पी एफ आई जैसे देशद्रोही आतंकी व हिंसक संगठन से करने से देश भर में बजरंगियों में आक्रोश है।

## हैदरनगर और उंटारीरोड स्टेशन पर होगा इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव : सांसद

>> सांसद ने पलामू प्रमंडल की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आभार व्यक्त किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता के लिए खुशखबरी है। विगत समय से रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या (18635/18636) का हैदरनगर एवं उंटारी रोड स्टेशन पर ठहराव की मांग पूर्ण हो चुकी है। इसकी जानकारी देते हुए सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि हैदर नगर एवं उंटारी रोड स्टेशन पर शीघ्र ही रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव प्रारंभ हो जाएगा। सांसद द्वारा 12 मई को प्रातः 4:45 बजे हैदर नगर स्टेशन और 13 मई को उंटारी रोड स्टेशन पर परिचालन मेरे द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। इस अवसर पर हैदर नगर स्टेशन और उंटारी रोड स्टेशन पर कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। क्षेत्र की जनता से आग्रह है कि आप सभी उपस्थित होकर अपने चिर परिचित मांग को पूर्ण होने का साक्षी बनें। सांसद ने पलामू प्रमंडल की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आभार व्यक्त किया है।

### मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में छापेमारी



छापेमारी के दौरान कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला

मेदिनीनगर। सदर एसडीओ राजेश कुमार साह व एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में सोमवार को छापेमारी किया गया। इस दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुआ। इस संबंध में एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया कि छापेमारी रूटीन के तहत किया गया है। ताकि जेल की विधि व्यवस्था कायम रहे। उन्होंने कहा कि जेल के सभी वार्डो समेत महिला वार्डो का भी औचक निरीक्षण गहनता पूर्वक किया गया। इस दौरान किसी प्रकार की कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जेल में रूटीन के अनुसार छापामारी किए जाने से कैदियों में जेल प्रशासन के प्रति भय बना रहता है। ताकि कैदी जेल में सामान्य रूप से अपना समय काट सकें। इससे कैदियों में भी यह विश्वास बना रहता है कि जेल में भी वे अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। छापेमारी के दौरान मजिस्ट्रेट के अलावे कई पुलिस अधिकारी एवं महिला पुरुष पुलिसकर्मी शामिल थे।

## विश्रामपुर में आठ हजार उपभोक्ताओं के पास लगभग 15 करोड़ बिजली बिल बकाया

### कनीय अभियंता ने उपभोक्ताओं से सूद माफी योजना का लाभ उठाने का किया अपील

**महेंद्र प्रजापति**



जानकारी देते कनीय अभियंता अभिषेक कुमार।

विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के आठ हजार उपभोक्ताओं के पास लगभग 15 करोड़ बिजली बिल बकाया है। जिसके वसूली हेतु विद्युत विभाग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसकी जानकारी बी मोड़ विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय अभियंता अभिषेक कुमार ने दी.उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सूद माफी योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कनीय अभियंता कहा कि विभाग को एक फॉर्म भरकर उपभोक्ता जमा करें। उन्हें कुल बकाया बिल के बारे में बताया जायेगा। बिल में जितना राशि सूद का होगा उसे माफ कर दिया जायेगा। मूल राशि को एक मुस्त जमा करना होगा। जेई अभिषेक कुमार ने बताया कि अब तक इस योजना से सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया है। जिसमे सरकार को लगभग 96 लाख रुपया का राजस्व प्राप्त हुआ है और उपभोक्ताओं को लगभग 50 लाख का सूद माफ किया गया। यह योजना आगामी 30 मई तक लागू रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से इस योजना का लाभ उठाने का अपील किया है।

## डालटनगंज स्टेशन पर चेकिंग अभियान में कई यात्री बिना टिकट के पकड़े गये

- अभियान में करीब 12 घंटे के अंदर 145 बेटिकट यात्रियों को ट्रेनों में अनाधिकृत रूप से यात्रा करते पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से 84 हजार 165 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया




**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। रेलवे अपनी आमदनी बढ़ांने के लिए बेटिकट यात्रियों के खिलाफ सख्त हो गया है। बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

सोमवार को डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में देर रात से ही अभियान चलाया गया। रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार एवं धनबाद रेल मंडल के सीआईटी बीएम पांडे के नेतृत्व में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। टिकट जांच अभियान में करीब 12 घंटे के अंदर 145 बेटिकट यात्रियों को ट्रेनों में अनाधिकृत रूप से यात्रा करते पकड़ा गया।

पकड़े गए यात्रियों से 84 हजार 165 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। रेलवे स्टेशन पर सीआइटी बीएम पांडे ने आधा दर्जन टिकट निरीक्षकों व आरपीएफ,जीआरपी के जवानों को साथ लेकर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर एकसाथ टिकट जांच किये। इस सम्बंध में बीएम पांडे ने बताया कि टिकट जांच अभियान के दौरान वैसे यात्री भी पकड़े गए जिनके पास टिकट तो था लेकिन वे साधारण टिकट लेकर एक्सप्रेस ट्रेन और आरक्षित कोचों में सफर कर रहे थे।

इस अभियान में टिकट कलेक्टर कुमार अजय, रविंद्र कुमार दुबे, दिलीप कुमार, भरत लाल, अनुराग तिर्की, बूकुंद यादव आदि शामिल थे।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री सह समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

## स्कूली बच्चों को केंद्र और राज्य प्रायोजित योजनाओं का लाभ दिलायें : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त दोड्डे ने मुद्रा ऋण योजना, पीएमईजीपी, केसीसी, स्वयं सहायता समूह, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई, पीएमजेडीवाई, ऋण प्रवाह, पीएमएसभी निधि सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान एलडीएम अनुकरण तिर्की ने बताया कि पूरे पलामू जिले में मार्च तिमाही 2022- 2023 के तहत मुद्रा लोन 42048 लोगों की बीच 35188.71 लाख रुपया दिया गया। वंही केसीसी लोन 28448 लोगों के बीच 31382.85 लाख रुपया, स्वयं सहायता समूह के 3023 महिलाओं के बीच 4652.85 लाख रु, पीएमईजीपी के तहत 93 लोगों के बीच 251.90 लाख रु सहित कई अन्य योजनाओं के तहत लोन दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों को सक्रिय होकर आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करने की बात कही। पलामू जिले में संचालित सभी बैंकों को स्कूलों में नामांकित बच्चों का खाता खोलने में आने वाली परेशानियों को दूर करने की बात कही ताकि बच्चों को केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ दिया जा सके।

बैठक में उपायुक्त उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, एलडीएम, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, विधायक प्रतिनिधि समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पांकी क्षेत्र की समस्याओं को मुखर होकर उठायेंगे : आशा उपाध्याय



मेदिनीनगर। समाजसेवी आशा उपाध्याय ने प्रेस वार्ता में कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क समेत अन्य क्षेत्र में अभी भी पांकी विस क्षेत्र काफी पीछे है। इसमें बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने कई समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती इलाके में अभी भी सड़कों का घोर अभाव है। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र की समस्याओं को वे मुखर होकर उठायेंगी। समस्या समाधान कराने के लिए वे जिले से लेकर राज्य तक आंदोलन करेंगी। पांकी विस क्षेत्र की बेहतरी के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरे पति डॉक्टर अमित प्रकाश उपाध्याय क्षेत्र भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को जान रहे हैं और अपने स्तर से समस्या के समाधान कराने का प्रयास भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा परिवार पूर्व से ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे पांकी विधानसभा का समग्र विकास हो इसे लेकर मैं निरंतर लोगों की सेवा करती रहूंगी।

## आशी केयर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



निदेशक मनीष तिवारी।



उप निदेशक अमितेश पांडेय

मेदिनीनगर। आशी केयर अस्पताल पांकी रोड, रेड़मा द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन नौ मई को किया जायेगा। उक्त जानकारी हॉस्पिटल के निदेशक मनीष तिवारी और उप निदेशक अमितेश पांडेय ने संयुक्त रूप से दी। अधिकारियों ने बताया कि इस शिविर में डॉ रेणु यादव (संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल, नयी दिल्ली)अपनी सेवा देंगी। पांडेय ने बताया कि शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक है। अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पैसे की कमी की वजह से बहुत से मरीज अपना जांच नही करवा पाते है और इस दौरान देखा गया कि गर्भावस्था के अंतिम समय मे खून की कमी और जानकारी के अभाव के कारण जच्चा ओर बच्चा की मौत तक हो जाती है। यह शिविर आयोजित किया गया ताकि महिलाओं को उन दिनों में क्या करना है इसकी जानकारी आम जानो तक पहुंचे और विशेष परिस्थितियों में तुरंत डॉ से सलाह ले। परामर्श और जांच बिल्कुल ही निःशुल्क रहेगा। गर्भवती महिलाएं इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

### राहिल बने युवा राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष



पाटन पलामू। झारखण्ड युवा राजद ने अपने प्रदेश कमिटी का विस्तार किया है। पलामू से राजद के युवा चेहरा पाटन छतरपुर विधानसभा के राहिल राज उर्फ प्रकाश राम को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। राहिल राज ने प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव जी और युवा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे इस पद के काबिल समझा है। राहिल राज ने झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद कहा कि जिस जिम्मेवारी से प्रदेश कमिटी ने हमे इस पद को नवाजा है उनके उम्मीद पर हमेशा खरा उतरूंगा। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा,युवा अध्यक्ष केदार यादव, विजय रविदास, मुकेश मेहता, सतेंद्र यादव, चंदन तिवारी, उपेंद्र मेहता, संतोष यादव, लॉलेश यादव, मुस्ताक अहमद, अरुण मेहता, निरंजन यादव,फैजुल हक रशीद,कैलाश यादव,साहिल साहनी,प्रमोद यादव, धनवंत चौधरी, देववंश मांझी, विजय राम, विश्वनाथ राम घूरा, राजेश रौशन, सम्मी अहमद आदि ने टेलीफोन के माध्यम से बधाई दिए।

### जमीन विवाद में मारपीट, एक गिरफ्तार

पड़वा पलामू। पड़वा थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव के मुड़कटवा टोला में जमीन विवाद को हुई मारपीट में योगेन्द्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल योगेन्द्र का इलाज मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घायल योगेन्द्र के बयान के आधार पर पड़वा थाना में जितेंद्र साव, राकेश साव एवं मथुरा साव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी मथुरा साव को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

### बोलेरो की चपेट में आने से लड़की घायल

सतबरवा पलामू। सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया गांव के समीप सोमवार को करीब 4:30 बजे अज्ञात बोलेरो के चपेट में आने के कारण लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के चपरना गांव निवासी सविता देवी उम्र करीब 20 वर्ष घायल हो गई है। घायल अवस्था में उसे नवजीवन अस्पताल तुमबागड़ा में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि महिला अपने साथी के साथ बाइक से सतबरवा से मनिका की ओर जा रही थी विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने बकोरिया के समीप अपने चपेट में ले लिया जिसके कारण उसे चोट आई है। समाचार लिखे जाने तक वाहन पुलिस पकड़ से बाहर है।

## चार दिन से लापता नाबालिक का मिला शव, पड़ोसी पर ही हत्या करने का आरोप

पड़ोसी सपरिवार फरार

पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



घटनास्थल पर लोगों की भीड़

विश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाना क्षेत्र के भोलाटांड रक्साहा गांव के लापता नाबालिक का शव सोमवार को नदी के बीचों बीच दो पत्थरों के बीच दबा मिला। मिली जानकारी के अनुसार भोलाटांड निवासी जिबराइल अंसारी का पुत्र शाहिद अंसारी (15) चार मई की रात को गांव के ही एक बारात में शामिल होने गया था। जिसके बाद वह घर वापस नहीं आया। सभी संभावित जगह खोजबीन के बाद परिजनों ने रेहला थाना में मामला दर्ज कराया था। रेहला पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही थी। इसी बीच सोमवार के शाम चार बजे गांव किनारे खुंटीसोट नदी के बीचो बीच ग्रामीणों ने एक शव देखा। शव दो पत्थरों के बीच दबा हुआ था। जिसकी सूचना रेहला पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पत्थरो के बीच से निकाला। शव की पहचान पिछले चार दिनों गायब शाहिद अंसारी के रूप में हुई। शव मिलने की खबर मिलते ही आसपास के लोग काफी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। शव देखते ही परिजनों की चीत्कार निकलने लगी। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी विकास चौधरी उर्फ बादशाह ने मामूली बात पर शहीद अंसारी को कुछ दिनों पहले जान से मारने की धमकी दी थी। बादशाह ने ही शाहिद का अपहरण कर उसकी हत्या की है।

### रक्तदान हम सबका सामाजिक दायित्व : डीसी




रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उदघाटन उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने दीप प्रज्वलन कर किया। उपायुक्त ने रक्तदान शिविर में पहला डोनर मेधावी पांडेय को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। समाचार लिखे जाने तक 10 से अधिक लोग रक्तदान कर चुके थे। मौके पर दोड्डे ने कहा कि रक्तदान हम सब का सामाजिक दायित्व है। हमें नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी भी व्यक्ति की जान रक्त के अभाव में न जाएं। इस अवसर पर उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावा सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, मुख्य परियोजना निदेशक इंद्रजीत सिंह, महिला कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहिनी गुप्ता सहित रेड क्रॉस सोसायटी के कई सदस्य मौजूद थे।

## विश्रामपुर बीडीओ ने तोलरा पंचायत की कई योजनाओं का किया निरीक्षण



प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का निरीक्षण करते बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने सोमवार को तोलरा पंचायत में चल रहे कई योजनाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के प्रगति का भी जायजा लिया। आवास योजना के लाभुकों को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

बीडीओ ने कहा कि आवास योजना के जो लाभुक राशि लेकर निर्माण कार्य पूरा नहीं करा रहे हैं उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम कुंडी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में भी गए। जहां उन्हें 40 नामांकित बच्चो के बजाए मात्र आठ बच्चे केंद्र में मिले। जिसके बाद उन्होंने सेविका को कड़ी फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में सुधार लाने को कहा। मौके पर अजीत सिंह सहित कई प्रखंड कर्मी और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एमके डीएवी की साक्षी अग्रवाल ने राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

साक्षी अग्रवाल के प्रतिभा पर विद्यालय को है गर्व : प्राचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**




मेदिनीनगर। डीएवी प्रबंधकृत समिति नयी दिल्ली के प्रधान आर्यरत्न पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉक्टर जे पी शूर डायरेक्टर पी एस-1 के आशीष की छत्रछाया में संचालित एमके डीएवी पब्लिक स्कूल के दशम ब की छात्रा साक्षी कुमारी अग्रवाल का चयन इंस्पायर अवार्ड 2023 के लिए हुआ। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार एवं स्कूली साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम के अंतर्गत चार मई 2023 को झारखंड राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। सत्र 2021-22 में साक्षी ने भाग लिया और प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके पूर्व साक्षी ने जिला स्तर पर भी सफलता प्राप्त कर चुकी है। जो की दस हजार रुपये पुरस्कार भी प्राप्त की थी। यह प्रतियोगिता जैक बोर्ड मुख्यालय परिसर नामकुम रांची में आयोजित की गई थी। इसमें साक्षी कुमारी अग्रवाल ने महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक पदवेश चप्पल बनायी थी। जो संकट के समय दुर्व्यवहारी व्यक्ति को आहत कर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करता है। जैक बोर्ड द्वारा चयन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ जी एन खान ने साक्षी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि साक्षी की प्रतिभा पर विद्यालय को गर्व है। नवाचार का यह उदाहरण अन्य छात्रों को प्रेरित करेगा। उन्होंने विद्यालय के अन्य बच्चों को सलाह देते हुए कहा कि प्रतिभा हर क्षेत्र में छिपी हुई है। जिसे पहचानने की जरूरत है।प्राचार्य ने साक्षी एवं उनके माता-पिता को बधाई दिया। साक्षी ने कहा कि मेरे इस काम में हौसला बढ़ाने के लिए माता-पिता ने काफी सहयोग प्रदान किया है। इनके साथ ही साथ विद्यालय के शिक्षक भी हमें प्रेरित करते रहे हैं। उसने कहा कि आगे चलकर महिला सुरक्षा को लेकर मैं कई तरकीब को निकालना चाहती हूं जिससे कि महिलाओं को कहीं भी आने-जाने ले कोई भी भय उत्पन्न नहीं हो सके। साक्षी को इस परियोजना कार्य में विद्यालय के विज्ञान शिक्षक विक्रम कुमार चंदेल ने सहायता एवं मार्गदर्शन किया। साक्षी ने इस सफलता के लिए विज्ञान शिक्षक एवं प्राचार्य का आभार प्रकट किया।

स्पीड न्यूज

## वरीयता सूची में एसीपी का मिले लाभ: पूर्णिमा



**झरिया।** विधायक सह सचेतक (सत्तारूढ़ दल) श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा राज्य के कृषि विभागों में कार्यरत जनसेवकों (भीएलडब्ल्यू) के ग्रेड पे घटाने संबंधित कृषि निदेशालय झारखंड रांची के आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की। राज्य स्तरीय वरीयता सूची प्रकाशित करने तथा के आधार पर जनसेवकों को एसीपी का लाभ प्रदान करने के संबंध में मुख्यमंत्री तथा कृषि मंत्री श्री बदल पत्रलेख को पत्राचार किया गया। आज रांची स्थित माननीय मंत्री बदल पत्रलेख के आवासीय कार्यालय में विधायक जी ने राज्य में कार्यरत कर्मियों की मांगों को अवगत कराते हुए पत्र सौंपा।जिसपर माननीय मंत्री जी ने पत्र के आलोक में उचित कारवाई करने की बात कही।

## सड़क दुर्घटना में 7 युवक घायल

**धनबाद।** बलियापुर – गोविन्दपुर मुख्य सड़क मार्ग पांडेयडीह ट्रेनिंग के पास सोमवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में सात युवक घायल हो गए। घायलों में विरेंद्र महली, संजीत महली, सत्यनारायण महली, गणेश महली, प्रदीप महली, विकास महली सहित सात युवक शामिल है। इनमें विकास महली व विरेंद्र महली की हालत चिंताजनक बतायी जा रही है। घटना के बाद आसपास के लोग जुटे हैं। घायलों को इलाज के लिए धनबाद शहीद निर्मल महतो मेमोरियल एंड अस्पताल भेज दिया गया। पता चला है कि सभी सात युवक टुंडी लधरिया से मालवाहक टाटा मैजिक गाड़ी से कालुबाथन थाना क्षेत्र के बरमुंडी बरात आए थे। बारात से घर वापस लौटने के क्रम पांडेयडीह के समीप गोविंदपुर की ओर से आ रही सीमेंट लदा अज्ञात ट्रक ने जोरदार धक्का मारा.जिससे टाटा मैजिक में सवार सात युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## युवक का शव भटिंडा फॉल में तैरता मिला

**पुटकी।** कुस्तौर बीएनआर काली मंदिर के निवासी गणेश नट्ट के छोटे पुत्र शुभम कुमार जो रविवार की सुबह मॉर्निंग वॉक करने के लिए घर से कह कर निकला और काफी देर घर नहीं लौटने पर परिजन ने उसके नंबर पर फोन किया लगभग 10.00 फोन पर बात हुई तो शुभम ने बताया कि जल्द घर आते हैं। जिसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया काफी देर घर नहीं लौटने पर परिजन के द्वारा खोजबीन करने पर भी शुभम का कुछ पता नहीं चला। शाम करीब 3:00 बजे शुभम के परिजन को जानकारी मिली कि शुभम का बाइक भटिंडा फॉल में संदिग्ध अवस्था में पार्किंग में खड़ा है जिसके बाद परिजन काफी डर गया और मुनिडीह ओपी में अपने बेटे की गुमशुदगी का सनाह दर्ज कराया। रात में परिजन के द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी शुभम का सुबह तक पता नहीं चला और सोमवार की सुबह लगभग 10:00 बजे शुभम का शव भटिंडा फॉल में ग्रामीणों के द्वारा देखा गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस शव को बरामद कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नियोजन को लेकर हर्ल गेट पर बीएमएस ने दिया धरना

### नियोजन का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** स्थानीयों के नियोजन की माँग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ड्रीम प्रोजेक्ट हर्ल सिंदरी खाद कारखाने के मुख्य द्वार से तीन सौ मीटर की दूरी पर भारतीय उर्वरक श्रमिक संघ के बैनर तले धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने सोमवार को एकदिवसीय धरना दिया। उन्होंने कहा कि खेला मैं देख रहा हूँ, हर्ल प्रबंधन को जवाब देना होगा। धनबाद एसडीओ प्रेम कुमार तिवारी के निर्देश पर हर्ल मुख्य द्वार पर सोमवार से दो दिनों तक धारा 144 लागू है। हालांकि झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा, बलियापुर सीओ रामप्रवेश कुमार व सिंदरी थाना प्रभार प्रभारी की उपस्थिति में एसडीओ धनबाद द्वारा जारी निषेधाज्ञा के बावजूद मुख्य द्वार से मात्र 50 मीटर की दूरी पर झामुमो का धरनास्थल जारी रहा। धनबाद सांसद ने हर्ल सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय का तबादला व एच आर की बर्खास्तगी की माँग करते हुए कहा कि हर्ल प्रबंधन से सत्ता व विपक्ष दोनों नाखुश हैं। बुद्धिहीन प्रबंधक दूतों को भेजकर आवाज टेप करवा रही है। प्रबंधन को 8 लाख लोगों के समर्थित सांसद पर विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि हर्ल के पूर्व महाप्रबंधकों ने श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी की बातों को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि हर्ल एच आर विभाग पैसा लेकर आउटसोर्सिंग में मजदूरों को काम पर लगवाता है। उन्होंने धरना में अनुपस्थित रहे सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक व हर्ल प्रबंधन के रिश्ते को मीठा बताया। उन्होंने विगत 9 जनवरी 2023 को हर्ल एच आर विक्रांत कुमार के आवास पर चली गोली का जिक्र करते हुए कहा कि प्रशासन को चाहिए कि धारा 211 के तहत हर्ल एच आर को गलत सूचना देने के आरोप में गिरफ्तार करे।

### जिन्होंने कारखाना बनाया उसे से निकाल दिया गया

धरना में मौजूद सिंदरी विधायक की धर्मपत्नी तारा देवी ने कहा कि हर्ल प्रोजेक्ट में रोजगार की आस लगाए बैठे स्थानीयों ने प्रोजेक्ट का निर्माण किया। सिंदरी विधायक द्वारा प्रोजेक्ट में लगाए गए कार्यरत मजदूरों को कारखाना बनने के बाद चुन चुनकर निकाला गया है। बाहरी श्रमिकों को निकालकर रैयतों व विस्थापितों को प्राथमिकता देनी होगी। धरना का संचालन जिला महामंत्री निताई रजवार ने किया। सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी, मानस प्रसून, धर्मजीत चौधरी, घनश्याम ग्रोवर, शैलेश सिंह, कुमार महतो, विजय सिंह, मनोज मिश्रा, अरविंद खत्री, पशुपति महतो, कार्तिक मुखर्जी, दिनेश सरखेल, रविश्वर मरांडी, गोरांग मंडल, उत्तम चौबे सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सविमं सिंदरी में बाल संसद की घोषणा

**सिंदरी।** सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में बाल संसद के लिए विगत 6 मई को हुए चुनाव का परिणाम सोमवार को परिणाम घोषित किया गया। इसके लिए मंत्री, सहमंत्री और सेनापति के विजेताओं के नामों की घोषणा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के पूर्व छात्र व चिकित्सक डॉक्टर त्रिनेत्र ने कहा कि इस विद्यालय ने मेरे अंदर सेवाभाव वसंस्कार भरा है। इससे मैं आज सिंदरीवासियों की सेवा कर रहा हूं। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में भाग लेनेवालों के अंदर नेतृत्व क्षमता है। विद्यालय की सारी व्यवस्था बाल संसद के सहयोग से चलेगी।


सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, कॉके रोड, – 834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा
समग्र शिक्षा
समाहरणालय भवन, कोडरमा, दूरभाष: 8002410681
jepckoderma@yahoo.co.in & kodermassa@gmail.com

आवश्यक सूचना

विषय:– यू–डाईस प्लस 2022–23 हेतु ई–विद्यावाहिनी अंतर्गत विद्यालय में नामांकित विद्यार्थीवार ऑकडा Child Wise Mandatory Field में अद्यतन करने के संबंध में।

विभागीय सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक MIS/06/2019/151(PaRT-5)/381 दिनांक 06.02.2023 के आलोक में यू–डाईस युक्त सभी निजी विद्यालयों को ई–विद्यावाहिनी अंतर्गत Child Wise Mandatory Field में विद्यालय के नामांकित सभी विद्यार्थी का ऑकडा अद्यतन करने का निदेश प्राप्त है। इस संबंध में इस कार्यालय का ज्ञापांक 198 दिनांक 10.02.2023 एवं पत्रांक 381 दिनांक 22.03.2023 निर्गत है। समीक्षा के क्रम में देखा जा रहा है कि निजी विद्यालयों के द्वारा विद्यार्थियों के ऑकडों का अद्यतनीकरण नहीं किया जा रहा है।

अतः उक्त के आलोक में कोडरमा जिला अंतर्गत संचालित सभी यू–डाईस युक्त निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्रबंधक को सूचित करते हुए निदेश दिया जाता है कि दिनांक 09.05.2023 तक ई–विद्यावाहिनी अंतर्गत Child Wise Mandatory Field में सभी नामांकित विद्यार्थियों का शत्–प्रतिशत ऑकडा एवं विवरणी अनिवार्य रूप से अद्यतन कर लेगें। दिनांक 09.05.2023 तक अद्यतनीकरण का कार्य पूर्ण नहीं होने कि स्थिति में संबंधित निजी विद्यालयों का यू–डाईस कोड को रद्द कर दिया जाएगा एवं नामांकित विद्यार्थियों को नजदीकी विद्यालयों में नामांकित करा दिया जाएगा।

इसे अतिआवश्यक समझे।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 296706 Jharkhand Education Project Council(23-24).D


# आउटसोर्सिंग कंपनी पर की बमबाजी

### दहशत का माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** पूटकी थाना क्षेत्र के एकड़ा स्थित एसएनआर( सिंह नेचुरल) न्यू सी पेच आउटसोर्सिंग कंपनी में देर रात अज्ञात अपराधियों ने अपना वर्चस्व कायम करने के लिए आउटसोर्सिंग कैम्पस में बम फेककर कर दहशत फैलाने की कोशश किया हलाकि इस घटना मे कोई हताहत नहीं हुआ है।वही कंपनी मे नाईट गार्ड बताया कि देर रात लगभग 2:00 बजे हम लोग कंपनी परिसर में सोए थे। तभी कंपनी के कैंपस के बाहर धमाके की आवाज सुनाई दी धमाके से ईट पत्थर उड़कर हमारे वाहन मे लगी हमलोग भयभीत हो गए सुबह हमलोग घटना की जानकारी प्रबंधन को दिए।वही घटना की सूचना मिलते ही पूटकी थाना प्रभारी रासविहारी लाल एवं लोयाबाद थाना प्रभारी विकाश यादव अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे।आउटसोर्सिंग कैम्पस के अंदर दो जिन्दा बम बरामद कर पानी मे डालकर निष्क्रिय कर घटना की तफ्तीश में जूट गई। वही कुछ समय बाद पोकलेन गाड़ी का ड्राईवर गाड़ी निकाल कर काम कर रहा था।तभी पोकलेन के अंदर भी एक जिंदा बम बरामद किया।उसे भी पानी मे डाल कर निष्क्रिय किया।अनुमानित हैं कि नए आउटसोर्सिंग खुलने से अपराधी किस्म के लोग अपना वर्चव कायम करने के लिए घटना को दें रहे अंजाम. पुटकी थाना प्रभारी ने कहा कि घटना को अंजाम देने वाले अपराधी जल्द ही पुलिस के शिकंजे में होगी।

## कतरास कॉलेज के प्राचार्य का घेराव

**कतरास।** सोमवार को एनएसयूआई कतरास कॉलेज के कार्यकारी अध्यक्ष तारीक अनवर के नेतृत्व में कतरास कॉलेज के प्राचार्य का घेराव किया गया तथा दूसरे संगठन द्वारा कॉलेज परिषद में लगाए जा रहे झंडा नाम एंव कॉलेज परिषद में प्रचार किए जाने का विरोध किया गया। बताते चलें की अभी हाल ही में दूसरे संगठन द्वारा कॉलेज परिषद मे सकोरा लगाया गया था जिसमे दूसरे संगठन का नाम लिखा गया था जिसमें एनएसयूआई ने नाम लिखे जाना तथा इसमें कॉलेज प्रशासन का साथ देने के मामले को गलत ठहराया। चितरंजन कुमार, आकाश केपी एवं साहिल खान तथा जिला मीडिया प्रभारी रवि शर्मा ने प्राचार्य से कहा कि संगठन का प्रचार उचित नहीं है।


**Office of Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**
**Very Short Tender e- Procurement Notice**
**(3rd Call)**
Tender reference:- HZB/UNTIED/DT/24/2022-23 (3rd Call) Date :- 08.05.2023
P.R. No.- 294447, 282647 Drinking Water and Sanitation (22-23).D

| Sl. No | Particulars | Details | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Construction of Drilled Tube Wells of 125 mm x 115 mm dia. x 60.00 Mtr. avg. depth with installation of India Mark-II ( I.S. 15500 Part-2/2004) Hand Pump in differet places of District Hazaribagh under D. W. & S. Division Hazaribagh for the year 2022-23 on "TURN KEY BASIS". [Head-Untied Fund] | | | | | |
| | | Group No. | No. of D/T | Estimated Cost (in Rs.) | E. M. Required (in Rs.) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
| | | HZB/UNTIED/DT-01 | 23 Nos. | 19,12,967/- | 40,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 10.05.2023 up to 02:00 PM | | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 15.05.2023 upto 05.00 PM | | | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 16.05.2023 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag | | | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 17.05.2023 at 03.30 AM | | | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | | | |

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR 296794 Drinking Water and Sanitation(23-24)D


## एनडीए में 33वां रैंक लाने वाले हर्ष को विधायक ने किया सम्मानित

**बेरमो।** गोमिया के छात्र हर्ष कुमार ने एनडीए की परीक्षा में देश भर में 33वां रैंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया हैए हर्ष की इस कामयाबी पर सोमवार 8 मई को विधायक लंबोदर महतो हर्ष के घर पहुंचे और बुके देकर बधाई दीए विधायक ने कहा कि हर्ष ने गोमिया का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया हैए उन्होंने कहा कि मेहनत ही सफलता के मार्ग को खोलती हैए हर्ष ने इसे साबित किया है। मौके पर जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार नायक, संदीप कुमार स्वर्णकार, शैलेश रवानी आदि मौजूद थे।

# छऊ नृत्य के लिए मुखौटा बनाने का प्रशिक्षण

### डीपीएस में कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में विद्यार्थियों को छऊ नृत्य से संबंधित मुखौटे बनाने के प्रशिक्षण की कार्यशाला का आयोजन किया गया। लोक कलाकार फाल्गुनी सूत्रधर और त्रिगुणी सूत्रधर ने झारखंडए बंगाल और ओडिशा की प्रमुख लोक नृत्य.शैली छऊ की महत्ता से परिचित करते हुए ऑन द स्पॉट कागज की लुग्दीए मिट्टीए तारए कपड़ाए ऊन बुरादा आदि से मास्क बनाकर इसे तैयार करने की बारीकियां समझाईं। इसके बाद बच्चों ने अपने तरीके से मास्क का रंगरोगन कर अपनी कलात्मकता का परिचय दिया। उन्होंने मां दुर्गाए भगवान गणेशए राक्षस आदि के मुखौटे तैयार किए। इस क्रम में पूर्व से तैयार मुखौटों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बच्चों में कौशल आधारित शिक्षा की दिशा में इस आयोजन को अहम बताया। उन्होंने कहा कि अनुभव आधारित शिक्षा के तहत इस प्रकार के आयोजन आगे भी होते रहेंगे। कार्यशाला में कक्षा 9 से 12वीं तक के सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(लापता शंकर पासवान उम्र–11 वर्ष)



थाना दैनिकी सनहा सं0–22/023, दिनांक–21.04.2023 में लापता पुरूष शंकर पासवान, उम्र– करीब 11 वर्ष, पे0– मुखलाल पासवान, ग्राम– जमुवी, थाना नगर उंटारी, जिला–गढ़वा राज्य झारखण्ड के रहने वाले हैं। जो दिनांक–15.04.2023 को समय 60:30 अपने घर से लापता हैं। उक्त लापता पुरूष का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता पुरूष शंकर पासवान, उम्र– करीब 11 वर्ष, पे0– मुखलाल पासवान, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग– सावला
लम्बाई– लगभग 5 फीट
भाषा– हिन्दी, स्थानीय

निवेदक, पुलिस अधीक्षक,

PR 296801 Police (23-24)D


# जोड़ापोखर पुलिस ने एफआईआर से पोक्सो एक्ट को ही हटा दिया

### पीड़िता लगा रही एसएसपी से गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जोरापोखर थाना क्षेत्र के रहने नुनुकडीह मोहन धौड़ा निवासी नाबालिक लकड़ी के साथ 28 अप्रैल 2023 को सुबह मे पड़ोस के रहने वाला झमन तुरी छेड़खानी करने लगा तथा उसे जबरन पकड़ कर अपने साथ लेकर जाने लगा। लड़की जब चिल्लाई तब आस पड़ोस के लोगो को देख कर झमन ने बच्ची को छोड़ दिए ।उसके बाद विरोध करने के बाद मार पिट की गयी। जिसकी लिखित शिकायत जोरापोखर थाना मे दी गई पुलिस के द्वारा। छेड़खानी का मामला दर्ज कर ली गई लेकिन नाबालिग रहने के बाद भी पुलिस पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज नही की। और उलटे लड़की के परिजनों पर हरिजन एक्ट के तहत जोरापोखर थाना मे झूठा मुकदमा दर्ज की गई है।

## सविमं सिनीडीह में अभिभावक गोष्ठी

कतरास। सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में हुआ। शुरूआत में प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, कार्यक्रम के अध्यक्ष अभिभावक श्री मनोज कुमार रवानी, अध्यक्षा अभिभाविका श्रीमती अंजु अग्रवाल ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलन जला कर किया।

# पतालेश्वर महादेव शिव मंदिर धाम में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** शिव शंकर को जिसने पूजा उसका बेड़ा पार हुआ, अंत काल भौसागर में उसका बेड़ा पार हुआ, भोले शंकर के नाम जपो। मौका था तिसरा थाना अंतर्गत चांद कुइयां स्थित श्री श्री 108 श्री पातालेश्वर महादेव शिव मंदिर धाम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जंहा कलश यात्रा के साथ हुई शुरूआत। सर्व प्रथम आचार्य नित्यानंद पांडे, विद्यानंद पांडे, नरेंद्र पांडे, मनोज पांडे, सुमन शास्त्री आदि ने भक्तों को विधिवत पूजा अर्चना कराया। तत्पश्चात गाजे बाजे के साथ 201,कलश यात्रा प्रारंभ हुआ जो चांद कुइयां कलौनी, बस्ती गोलमारा आदि होते हुए पंचायत भवन समीप तलाव में गंगा पूजन आचार्य की ओर से कराया गया। इसके बाद सभी महिला पुरुष मंदिर परिषद पहुंचे। जहां गंगा पूजा एवं जलाधिवास का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान रंग बिरंगे पताके के साथ लोग चल रहे थे धर्म की जय हो ,अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो गौ हत्या बंद हो, भगवान भोलेनाथ की जय आदि जय कारा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। आचार्य ने बताया कि भक्ति से ही शक्ति मिलती है पूजा अनुष्ठान से पूरा वातावरण शुद्ध होता है और जो भी लोग सच्चे मन से भगवान की आराधना करते हैं, उनके मनोकामना पूर्ण होती है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-02/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय मध्य विद्यालय नवाडीह का जीर्णोद्धार कार्य | 13,78,100.00 | 27,600.00 | 2500.00 | 2 माह |
| 2 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेमरडीह का जीर्णोद्धार कार्य | 10,69,200.00 | 21,400.00 | 2500.00 | 2 माह |
| 3 | राजकीय बालिका मध्य विद्यालय किस्को का जीर्णोद्धार कार्य | 15,63,300.00 | 31,300.00 | 5000.00 | 2 माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | 12.05.2023 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :- | 19.05.2023 अपराहन 5:00 बजे तक |
| 4 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | :- | 20.05.2023 अपराहन 02:30 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :- | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 22.05.2023 अपराहन 2:00 बजे |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० | :- | 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर) |

9. निविदा शुल्क Scheduled Commercial Bank / Nationalised Bank द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 296841 Lohardaga(23-24)#D


# धनबादः भाजपा नेताओं ने देखा द केरल स्टोरी फिल्म

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** लगातार चल रहे विवादों के बीच निर्देशक सुदीप्तो सेन की 'द केरल स्टोरी' सिनेमाघरों में शुक्रवार, 5 मई को रिलीज हो चुकी है। विवादों के चलते ही मेकर्स को फिल्म के ट्रेलर में भी बदलाव करना पड़ा। यों देखा जाए तो सत्य घटनाओं पर आधारित फिल्म बनाना फिल्मकारों को हमेशा से आकर्षित करता आया है, मगर जब मेकर किसी सच्ची घटना को पर्दे पर उतारता है, तो उसकी जिम्मेदारी बढ़ जाती। काल्पनिक कहानियों में सिनेमैटिक लिबर्टी ली जा सकती है, मगर सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्म में छोटी-सी अतार्किक बात भी अखरती है और नतीजतन उसके प्रभाव को कम कर देती है। फिल्म केरल में युवा हिंदू लड़कियों के कथित धर्मांतरण और इस्लाम की कट्टरता के इर्दगिर्द घूमती है। फिल्म में दावा किया गया है कि यह केरल की तीन युवा लड़कियों की सच्ची कहानियों पर आधारित है। इस मुवी को खासकर महिलाओं को दिखाने के लिए सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय सचिव रमेश पाण्डेय ने कोयलांचल के तमाम बजरंगी भाई व बहन को भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर धनबाद के बीग बाजार स्थित आईनॉक्स सिनेमा घरों मे मुवी दिखाने लाये। वहीं रमेश पाण्डेय अपने बजरंगी भाई के साथ जय श्री राम के नारा से पूरा आईनॉक्स गूंज उठा।

### महिलाओं को किया जा रहा गुमराह

रमेश पाण्डे ने बताया की इस मूवी महिलाए को किस तरह से प्रेमजाल में फसाकर उसको ल्भजिहाट कर उसे धनमांतरन करवाया गया है ।ये सच्ची घटनाओं पर बना मुवी महिलाओं को खासकर सिख है। साथ ही इरफान अंसारी पर भी तंज कसते हुये कहे की इरफान अंसारी ने इस मुवी को झारखंड में दिखाने से वैन लगाने की बात कहती थी इसको लेकर भी जमकर मुदार्बाद के नारे लगाते दिखे बजरंगी व हिंदु साथी।


ई–प्रोक्योरमेंट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,
भवन अंचल, हजारीबाग
अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/DHANBAD/06/2023-24 दिनांक:– 08.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Boundary Wall with Main Gate & Concertina Coil Fencing at Urdu M. S. Kanchandih, Block Nirsa, Dhanbad. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | Rs.84,27,100/-(Eighty Four Lac Twenty Seven Thousand One Hundred) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (Six) Month |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.05.2023 |
| 5 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 18-05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे |
| 6 | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 19-05.2023 को अपराह्न 12.00 बजे |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546–222640 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

•किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
•अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.

नोडल पदाधिकारी ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग।

PR 296846 Building(23-24)D

## खतरे का संकेत

**म**ई की शुरुआत में जब पूरा देश लू की चपेट में होता है उस समय जब लोगों को गरम कपड़ों की जरूरत महसूस होने लगे तो समझ लेना चाहिए कि ग्लोबल वार्मिंग के संकट ने दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कहने को यह मौसम पश्चिमी विक्षोभ की देन है लेकिन सवाल यह है कि समुद्र के मिजाज में यह परिवर्तन क्यों आ रहा है। बताया जा रहा है कि दस मई तक किसी भी इलाके में गरम लहरें नहीं महसूस होंगी। तमाम इलाकों में बारिश व ओलावृष्टि तथा पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हैरत में डाल रही है। कमोबेश देश के अधिकांश भागों में मौसम के मिजाज में यह तीव्र बदलाव महसूस किया गया है। दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में सुबह धुंध जैसी स्थिति नजर आई है। लोग भले ही इस मौसम को सुहावना बता रहे हों, लेकिन किसान अभी खेतों में खड़ी फसल को पूरी तरह काट नहीं पाये हैं। यदि अन्न बर्बाद होता है तो हमारी खाद्य श्रृंखला भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेगी। महंगाई की मार से हमें दो-चार होना पड़ेगा। यही वजह है कि किसान के माथे पर भी चिंता की लकीरें हैं। निस्संदेह, जब मई के महीने में फरवरी-मार्च के मौसम का अहसास होने लगे तो इसे खतरे की घंटी के तौर पर देखा जाना चाहिए। ये हाल उस मौसम में है जब देश के विभिन्न भागों में भीषण गर्मी पड़ती है और तापमान पचास डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचता है। इस समय सूर्य पूरे ताप के साथ नजर आता है। हालांकि, अप्रैल में कुछ समय भरपूर गर्मी रही लेकिन बाद में माह के अंत और मई की शुरूआत में तापमान अचानक बदल गया। यह स्थिति सिर्फ उत्तर भारत में ही हो, ऐसा भी नहीं है। इसका प्रभाव दक्षिणी, पश्चिम, मध्य व पूर्वी भारत में भी नजर आ रहा है। यहां तक कि कई इलाकों में तापमान में दस डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। यह देश-दुनिया के लिए खतरे की घंटी है।

## अयोध्या का विकास

**पी**एम नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ ने इस धारणा को बदल दिया। केवल अस्था ही नहीं तीर्थाटन और पर्यटन की दृष्टि से तीर्थ नगरों का विश्व स्तरीय विकास शुरू किया गया। योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किए गए दीपोत्सव से अयोध्या की उदासी का अंधेरा छंटने लगा। सैकड़ों वर्षों की श्री रामलीला परम्परा मे नया अध्याय जुड़ा। श्री राम, जानकी, हनुमान जी, और लक्ष्मण का अभिनय करने वाले प्रतीकात्मक पुष्पक विमान से आते हैं। प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री उनका अभिनन्दन करते है। आरती उतारते हैं। फिर जन्मभूमि पर मन्दिर निर्माण का समय भी आ गया। दूसरी तरफ श्री राममंदिर निर्माण को रुकवाने के लिए जमीन आसमान करने वाले लोग भी थे। अब मन्दिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही हजारों करोड़ रुपये की योजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं। मेडिकल कालेज, इंटरनेशनल एयर पोर्ट बन रहा है। अयोध्या की उदासी दूर हुई। उत्साह, उमंग का वातावरण बना। इसकी अभिव्यक्ति दीप जला कर की गई। अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें मूलभूत सुविधाओं का विकास, ढांचागत निर्माण कार्य, शिक्षा स्वास्थ्य, सड़क कनेक्टिविटी आदि सभी क्षेत्र शामिल है। इसमें पुरातत्व महत्व के मंदिरों और परिसरों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण शामिल है। बीस हजार करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में क्रूज पर्यटन परियोजना, राम की पैड़ी परियोजना, रामायण आध्यात्मिक वन, सरयू नदी आइकॉनिक ब्रिज, प्रतिष्ठित संरचना का विकास पर्यटन सर्किट का विकास, ब्रांडिंग अयोध्या, चौरासी कोसी परिक्रमा के भीतर दो सौ आठ विरासत परिसरों का जीर्णोद्धार, सरयू उत्तर किनारे का विकास आदि शामिल हैं। राजनीतिक चश्में से अलग इसे पर्यटन के विकास के लिये मील का पत्थर माना जा सकता है।

# देश के बांधों की सुरक्षा पर उठते सवाल




**गुजरात** में मॉनसून की भयावह बारिश के एक सप्ताह बाद 11 अगस्त, 1979 को दो मील लंबा माछू बांध-2 टूट गया था। बांध के विशाल जलाशय से निकला पानी भारी आबादी वाले निचले क्षेत्र में गया जिससे औद्योगिक शहर मोरबी और इसके आसपास के खेती पर निर्भर रहने वाले गांव नष्ट हो गए। कई पुल टूट गए, कारखाने बरबाद हो गए और हजारों मकान ढह गए। इस आपदा में लोगों की मौत का ठोस आंकड़ा नहीं मिल पाया लेकिन अनुमानतः यह 25,000 से अधिक था। टॉम वूटेन और उत्पल संदेसरा द्वारा लिखी गई पुस्तक 'नो वन हैड ए टंग टू स्पीक' ने इन आधिकारिक दावों को खारिज कर दिया है कि बांध की विफलता ऊपरवाले के हाथ में थी बल्कि उन्होंने इसके लिए कई संरचनात्मक और संचार विफलताओं की ओर इशारा किया जिससे आपदा की स्थिति पैदा हुई और इसका स्तर और बढ़ गया।

भारत में कई और बांध असफल रहे हैं जिनमें कड्डुम (1957), पानशेत (1961), खडकवासला (1961) चिक्खोले (1962) और नानक सरार (1967) शामिल हैं। फरवरी 2021 की शुरूआत में, उत्तराखंड में चमोली जिले का एक क्षेत्र तबाह हो गया और 140 लोगों की जान तब चली गई जब एक ग्लेशियर टूटने से तेज गति वाला पानी नदी में अचानक बढ़ा और रास्ते में पड? वाले एक बांध को बहा ले गया और इससे दूसरा बांध भी क्षतिग्रस्त हो गया। सरकार ने हाल ही में राज्यसभा को बताया कि 1979 के बाद से बांध की नाकामी के 42 उदाहरण हैं। ताजा उदाहरण आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में मौजूद अन्नमय्य जलाशय से जुड़ा है जिसके कारण नवंबर 2021 में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई।

दुनिया में बांधों की संख्या के लिहाज से भारत तीसरे पायदान पर है और यहां 5,745 बांध हैं। चीन में 23,842 बांध और अमेरिका में 9,261 बांध हैं। चिंता का विषय यह है कि लगभग 80 प्रतिशत बांध 25 वर्ष से अधिक पुराने हैं और इनका रखरखाव पर ध्यान न होने और अक्सर टाले जाने के कारण कई तरह के जोखिम जुड़ गए हैं। इसके अलावा बांधों की उम्र की बात करें तो यह भी एक बड़ी समस्या है क्योंकि करीब 293 बांध (6 प्रतिशत) 100 साल से अधिक पुराने हैं और 973 (18 प्रतिशत) 50-100 साल पुराने हैं।

एक बांध की दीर्घकालिक सुरक्षा इसकी



-विनायक चटर्जी

> भारत में कई और बांध असफल रहे हैं जिनमें कड्डुम (1957), पानशेत (1961), खडकवासला (1961) चिक्खोले (1962) और नानक सरार (1967) शामिल हैं। फरवरी 2021 की शुरुआत में, उत्तराखंड में चमोली जिले का एक क्षेत्र तबाह हो गया और 140 लोगों की जान तब चली गई जब एक ग्लेशियर टूटने से तेज गति वाला पानी नदी में अचानक बढ़ा और रास्ते में पड़ने वाले एक बांध को बहा ले गया।

सामग्रियों के खराब होने, नींव के कमजोर होने और भूकंपीय खतरों पर निर्भर करती है। बांधों के भौतिक पुनर्वास में दो तरह की स्पष्ट गतिविधियां शामिल हैं। पहला 'डी-सिल्टेशन' प्रक्रिया है जिसके जरिये मूल जलाशय क्षमता बहाल की जाती है जबकि दूसरी 'सुरक्षात्मक' गतिविधियां हैं जिसमें संरचनात्मक सुरक्षा, जलीय सुरक्षा और परिचालन सुरक्षा शामिल है।

बांध को बंद करने के मुद्दे को भी कार्य-एजेंडा में शामिल किए जाने की आवश्यकता है। सिविल सोसाइटी समूहों और स्वतंत्र विशेषज्ञों ने विभिन्न संदर्भों में केरल में मुल्लापेरियार बांध, त्रिपुरा में गुमटी नदी पर डुंबर बांध और महाराष्ट्र में जायकवाडी बांध के लिए इसे पहले ही बंद करने की मांग उठाई जा चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने 8 अप्रैल को फैसला सुनाया कि 126 साल पुराने मुल्लापेरियार बांध के लिए एक पर्यवेक्षी समिति, राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण के सभी कार्यों और शक्तियों का निर्वहन करेगी जब तक कि बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 के तहत एक नियमित राष्ट्रीय प्राधिकरण कार्य नहीं करने लगता है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) में बांध सुरक्षा संगठन (डीएसओ) की स्थापना मई 1979 में बांध सुरक्षा के बारे में राज्यों को समझाने के लिए की गई थी। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्टों में बांध सुरक्षा से संबंधित मुद्दों का जिक्र अक्सर किया गया है। ऐसी रिपोर्टों में डीएसओ के प्रभावी होने को लेकर भी सवाल उठाया गया है।

चार राज्यों (मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और तमिलनाडु) में 423 करोड़ रुपये की लागत से 1991 से 1999 तक विश्व बैंक की सहायता से पहले प्रमुख कार्यक्रम, बांध सुरक्षा आश्वासन और पुनर्वास परियोजना पर अमल किया गया था। दूसरा कार्यक्रम विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना (डीआरआईपी) थी जो अप्रैल 2012 से मार्च 2021 तक की अवधि के लिए थी और जिसका बजट 3466 करोड़ रुपये तक था। इस योजना के तहत सात राज्यों, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड स्थित 223 बांधों का पुनर्वास किया गया था।

ड्रिप की सफलता के आधार पर जल शक्ति मंत्रालय ने ड्रिप के दूसरे चरण और तीसरे चरण की शुरूआत की है। इन नई योजनाओं में 19 राज्य हैं और तीन केंद्रीय एजेंसियां (भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड, सीडब्ल्यूसी और दामोदर घाटी निगम) शामिल हैं। बजट खर्च करीब 10,211 करोड़ रुपये है जो 736 बांधों के पुनर्वास प्रावधान के लिए पर्याप्त है।

2 अगस्त, 2019 को बांध सुरक्षा विधेयक, 2019 लोकसभा में पारित किया गया था। इस विधेयक में बांध सुरक्षा पर एक राष्ट्रीय समिति, राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण, बांध सुरक्षा पर राज्य समिति और राज्य बांध सुरक्षा संगठन की स्थापना कर निर्दिष्ट बांधों की निगरानी, निरीक्षण, संचालन और प्रबंधन का प्रावधान है। इस विधेयक का कई राज्यों द्वारा इस आधार पर विरोध किया गया था कि यह बांधों का प्रबंधन करने के लिए राज्यों की संप्रभुता का अतिक्रमण कर रहा है क्योंकि पानी, संवैधानिक रूप से राज्य का विषय है।

केंद्र का कहना था कि अंतर-राज्यीय नदी बेसिन, बांधों से संबंधित 92 प्रतिशत आंतरिक इलाकों को कवर करते हैं जिससे केंद्र इस तरह के कानून लागू करने के लिए सक्षम हो जाता है। आखिरकार राज्यसभा ने 2 दिसंबर 2021 को इस विधेयक को पारित कर दिया। इस तरह से यह नया अधिनियम और संबंधित पुनर्वास कार्यक्रम भारत के बांधों के पेशेवर प्रबंधन और संबंधित सुरक्षा मुद्दों के एक नए दौर की शुरूआत करते हैं। उम्मीद की जा सकती है कि भारत के 5,745 बांध अब सुरक्षित हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### खास बात

## अन्य क्षेत्रों के लिए इनविट

**भारतीय** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और पावरग्रिड के बुनियादी ढांचा निवेश न्यास (इनविट) की सफलता के बाद केंद्र सरकार 6 लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन के तहत रेलवे, जहाजरानी, गैस पाइपलाइन और अन्य क्षेत्रों के लिए भी इनविट लाने की तैयारी कर रही है।

वित्त मंत्रालय बुनियादी ढांचे से जुड़े विभागों को इनविट लाने के लिए कह रहा है और रेलवे एवं जहाजरानी मंत्रालयों तथा गेल लिमिटेड में इनविट के परीक्षण हो रहे हैं। केंद्र चालू वित्त वर्ष में कुछ खास क्षेत्रों के और भी इनविट लाने की योजना बना रहा है।

वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'सड़क और बिजली के बाद अगला कदम यह देखना है कि अन्य क्षेत्रों में किन सरकारी परिसपत्तियों का इनविट के जरिये मुद्रीकरण किया जा सकता है। यह बड़े संस्थागत निवेशकों से धन जुटाने का आकर्षक रास्ता है।'

रेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'हमारे लिए परिसंपत्ति मुद्रीकरण अत्यंत शुरूआती अवस्था में है, इसलिए हम नए सिरे से अपने मुद्रीकरण के तरीके बनाने की कोशिश कर रहे हैं और वास्तव में हम इनविट को भी विकल्प के तौर पर देख रहे हैं। शीर्ष स्तर से हमें साफ तौर पर मुद्रीकरण के लिए कहा जा रहा है।' बहुत से निजी क्षेत्र के इनविट बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध हैं। सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियां दो इनविट- नैशनल हाइवे इन्फ्रा ट्रस्ट और पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ला चुकी हैं। एनएचएआई का इनविट पिछले साल अक्टूबर में शुरू किया गया था। इसमें कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड और ओंटारियो टीचर्स पेंशन प्लान बोर्ड एंकर निवेशक थे। इसके जरिये 5,000 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। शुरूआत में इसमें कुल 400 किलोमीटर के पांच चालू टोल रोड शामिल थे।

ये टोल रोड राजस्थान, गुजरात, तेलंगाना और कर्नाटक में हैं। पावरग्रिड का इनविट मई 2021 में सूचीबद्ध हुआ और खबरों के मुताबिक कंपनी वित्त वर्ष 2023 में 7,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लिए इनविट के जरिये रकम जुटाएगी।

**देखिये** मुख्यमंत्री जी, छवि रंजन जैसे अफसर की गिरफ़्तारी से लोगों में क्या प्रतिक्रिया है? समझने कि कोशिश करिये। आंख मूंद कर मत बैठिये। सोचिये इनके जमीन लूट आतंक एवं भयादोहन से आम लोगों पर क्या गुजरी होगी? लोगों में व्याप्त यही असंतोष की आग अगले चुनाव में आपको जमीन धरा देगी।


**– बाबू लाल मंराडी, विधायक**

### आपके ट्वीट

**वैसे** जब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी तो 1993 में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाकर अदालत में औंधे मुँह गिरे थे। हनुमान जी के क्षेत्र में प्रतिबंध की घोषणा मंगलवार को। सहज पाप प्रिय तामस देहा। यथा उलूकहि तम पर नेहा।

**– सुधांशु द्विवेदी, भाजपा**





**सनातन** संस्कृति विश्व को एक परिवार व पश्चिमात्य संस्कृति विश्व को बाजार के रूप में देखती है,यह उपभोक्तावादी दृष्टि-प्रचंड भोगवाद ही संकटों का मूल है। प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों का त्यागपूर्वक उपयोग करना सीखें।

**– अवधेशानंद गिरी**

## स्वयं को जानना

### धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**जीवन** एक स्वांसों का खेल है। जब दिव्य शक्ति ने इस ब्रह्मांड का निर्माण किया तो वह ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं थी।

क्योंकि किसी ऐसी अन्य शक्ति की संभावना जो इसे बाध्य करे वह खुद ही दिव्यता की अवधारणा से संगत नहीं है। यह माना जा सकता है कि यह उसने अपने आनंद के लिए किया है। कोई भी आनंददायक गतिविधि को एक खेल या लीला माना जा सकता है। स्वांसों का यह खेल किस दिशा में जा रहा है?

खेल की शुरूआत दिव्यता के खुद को बहुत प्रभावी ढंग से पदार्थ में छिपा लेने में हुई। सर्वज्ञानी, सर्वशक्तिमान दिव्य शक्ति को मृत, अचेतन पदार्थ मानना बहुत कठिन है। तब दिव्य शक्ति ने पहले अपनी जीवनी शक्ति स्वांस और बाद में मन के माध्यम से अपनी रचना के स्वरूप उजागर करने शुरू किए। मानव की रचना के बाद यह खेल अधिक रोचक हो गया, क्योंकि अब ऐसा प्राणी था, जिसको अपनी पहचान का धुंधला सा एहसास है और वह उस दिव्यता की खोज करना चाहता है, जिसने खुद को उसी के भीतर ही छिपा रखा है।

अब वाकई यह खेल लुका-छिपी का हो गया - दिव्यता छिपती है और आदमी उसे खोजता है - आमतौर पर हर कहीं केवल वह जगह छोड़कर जहां उसे पाना सबसे आसान है अर्थात खुद के भीतर। सत्य तक पहुंचने के लिए मानव विश्वासपूर्वक जिस औजार पर भरोसा कर सकता है वह है तर्क शक्ति। लेकिन तर्क शक्ति पूर्ण सत्य का अचूक मार्गदर्शक नहीं है।

### कार्टून वर्ल्ड

**कैसी मानसिकता?**



कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

### लेटर टू एडिटर

#### तुरंत हो कार्रवाई

**केंद्र** सरकार जिस प्रकार से जम्मू कश्मीर में हालात सुधारने की बात कहती है, वास्तविकता उससे कोसों दूर है। कश्मीरी पंडितों की घर वापसी होती हुई दिखाई नहीं देती। पाकिस्तान के जिस तरह से विस्फोटक हालात हैं, उनसे लोगों का ध्यान हटाने के लिए पाकिस्तान कुछ भी कर सकता है। इन सब बातों को लेकर भारत सरकार को आवश्यक कार्रवाई समय रहते करनी चाहिए। **-रविकांत, रांची**

#### अलगाव की राह

**हाल** ही में तलाक के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की पीठ का फैसला प्रशंसनीय है। तलाक की डिक्री प्राप्त करने की प्रक्रिया अक्सर समय लेने वाली और लंबी होती है क्योंकि परिवार अदालतों के समक्ष बड़ी संख्या में इसी तरह के मामले लंबित होते हैं। इस फैसले से बड़ी संख्या में तलाक के मामलों का बोझ कम करने में मदद मिलेगी।

**-रामनिवास, जमशेदपुर**

# समलैंगिक विवाह, परिवार व्यवस्था से जुड़े कुछ तथ्य

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**भारतीय** संदर्भों में समलैंगिक विवाह के विचार के विरोध में कम से कम एक हजार से अधिक ऐसे तर्क दिए जा सकते हैं जो वर्तमान भारतीय सामाजिक व्यवस्था के समर्थन में हैं और समलैंगिक विवाह की बातचीत करने या न्यायालय के समक्ष इसकी मांग कर रहे लोगों के विरोध में जाते हैं। विचार करें, विवाह क्यों किया जाता है? विवाह निजी मसला है या सामाजिक? विवाह सिर्फ दो व्यक्तियों के यौन संबंधों की स्वीकार्यता भर है या दो परिवारों का जुड़ना और उसके माध्यम से समाज, संस्कृति और सभ्यता को पोषित, पल्लवित और पुष्पित करना भी है?

एक विषय यह भी है कि भारत में परिवार व्यवस्था को कमजोर करने के लिए इन दिनों जो लगातार प्रत्यय हो रहे हैं, सोचने वाली बात है कि यह किसके हक में जाएंगे? आखिर इनसे किसका भला होने वाला है ? भारतीय परिवार व्यवस्था को ध्वस्त कर हम कौन से समाज निर्माण की ओर अग्रसर होंगे ? और वह भविष्य का कैसा सामाजिक ताना-बाना होगा, यहां पर स्त्री और पुरुषों के संबंधों के अतिरिक्त इस प्रकार के संबंध व्याख्यायित होते आम नजर आएंगे? यह सिर्फ उनकी चिंता भर नहीं, बल्कि भारत समेत दुनिया भर में परिवार व्यवस्था पर विश्वास करने वाले करोड़ों करोड़ लोगों की चिंता भी है। वस्तुतः भारतीय समाज और उसकी मान्यताएं समलैंगिक विवाह को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता

### सामयिक

सही कह रहे हैं कि समलैंगिक शादी का मसला इतना सरल नहीं है, सिर्फ स्पेशल मैरिज एक्ट में हल्का बदलाव करने से बात नहीं बनेगी। समलैंगिक शादी को मान्यता देना बहुत सारी कानूनी जटिलताओं को जन्म दे देगा। परिवार और पारिवारिक मुद्दों से जुड़े ऐसे कानून जिनमें पति के रूप में पुरुष और पत्नी के रूप में स्त्री को जगह दी गई है, इस प्रकार के इससे 160 दूसरे कानून भी प्रभावित होंगे।

यह रिपोर्ट यह समझाने के लिए पर्याप्त है कि भारत में दुनिया के देशों के बीच सबसे कम तलाक या संबंध विच्छेद होते हैं जबकि आज के समय में हम सभी जानते हैं कि भारत जनसंख्या की दृष्टि से दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। भारत में तलाक प्रतिशत एक फीसदी है, जबकि वियतनाम में सात, तजाकिस्तान में 10, ईरान में 14, मैक्सिको, मिस्र और साउथ अफ्रीका में 17-17, ब्राजील में 21 और तुर्किये में 25 प्रतिशत लोग तलाक लेते हैं। यह वैश्विक रिपोर्ट बता रही है कि जिन देशों में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दी गई है, ऐसे यूरोप और अमेरिकन देश आज सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। यहां पर सबसे ज्यादा परिवार टूट रहे हैं । पुर्तगाल में सबसे अधिक तलाक के 94 फीसदी मामले हैं। जबकि स्पेन में 85, लक्समबर्ग में 79, रूस में 73, यूक्रेन में 70, क्यूबा में 55, फिनलैंड में 55, बेल्जियम में 53, फ्रांस में 51 फीसदी और अमेरिका में 43 प्रतिशत तलाक के मामले सामने आए हैं।

ऐसे में समलैंगिक विवाह की बात करने वाले और उनका समर्थन करने वालों को यह नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय संदर्भ में विवाह सिर्फ दो लोगों का साथ रहना, शारीरिक संबंध बनाने तक सीमित रहना भर नहीं है बल्कि इससे आगे विवाह चेतना के स्तर पर परस्पर का मिलन, अनेक परिवारों का आपस में मिलन और सहयोग, विविधताओं के बीच सह अस्तित्व एवं संस्कारों का मिलन है। इसलिए समझदारी इसी में है कि समलैंगिक विवाह जैसे व्यर्थ के विषयों को हम हवा न दें और भारतीय परिवार व्यवस्था के लाभ का अपने जीवन में अधिक से अधिक आनंद उठाएं।

# देश के सिर्फ 6 प्रतिशत किसान पाते हैं एमएसपी

**मनोज शर्मा**

**किसानों** को उनकी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के नाम पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं। लेकिन देश के लगभग 14 करोड़ किसान परिवारों में बहुत कम को ही इसका असली लाभ मिल पाता है। फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2020-21 में रबी फसलों की खरीद के लिए अब तक 31 जुलाई तक देश के केवल 43 लाख 35 हजार 477 किसानों ने ही न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है। सभी किसानों को मिलाकर 389.77 लाख मिट्रिक टन अनाज की खरीद की गई है। इसमें सबसे ज्यादा 15 लाख 93 हजार 793 मध्यप्रदेश के किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है।

**मध्यप्रदेश से पिछड़ा पंजाब**

रबी फसलों में सबसे प्रमुख गेहूं के उत्पादन में पंजाब इस बार मध्यप्रदेश से पिछड़ गया। संभवतया यही कारण है कि इस साल न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठा पाने में इस बार पंजाब के किसान दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। एफसीआई के आंकड़ों के मुताबिक पंजाब के 10 लाख 49 हजार 982 किसानों ने रबी की फसल के लिए एमएसपी का लाभ उठाया है। हरियाणा के 7 लाख 82 हजार 240, उत्तर प्रदेश के 6 लाख 63 हजार 810 और राजस्थान के 2 लाख 18 हजार 638 किसानों ने एफसीआई के

### कृषि

जरिए अपनी फसलें बेचकर न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है। दिल्ली में केवल 6 किसानों ने ही रबी की फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है। पूरे रबी सीजन की खरीद में केवल 6 किसानों को न्यनतम समर्थन मूल्य का लाभ मिलना बताता है कि दिल्ली के किसानों को लेकर सरकार की नीतियों में बड़े बदलाव की आवश्यकता है। दिल्ली के 357 में से लगभग 222 गांवों के कुछ हजार हेक्टेयर खेत में ही अब खेती होती है।

**बाजार में एमएसपी जरूरी**

देश में लगभग 30 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन प्रति वर्ष होता है। इसमें लगभग 15 करोड़ टन किसान परिवार स्वयं अपने उपभोग में इस्तेमाल करता है। बाकी 15 करोड़ टन में से 9 करोड़ टन से कुछ अधिक सरकार एपीएमसी मंडियों के जरिए खरीद करती है। कुल अनाज की खरीद में सरकारी खरीद का हिस्सा सबसे ज्यादा होता है, यही कारण है कि किसान चाहते हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य और एपीएमसी मंडियों वाली व्यवस्था बरकरार रहे। सरकार को इसके लिए किसान बिल में लिखित व्यवस्था कर देनी चाहिए।लगभग 6 करोड़ टन अनाज किसानों को खुले बाजार में बेचना पड़ता है। वर्तमान में किसानों की मांग है कि अगर वह खुले बाजार में भी फसलों की खरीद व्यवस्था लागू करना चाहती है तो उसे यहां भी न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करना चाहिए। अनुमान है कि इस बाकी फसल की खरीद में प्राइवेट खरीदारों को अधिकतम 30 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करना पड़ेगा, जो बहुत बड़ी राशि नहीं होगी। सरकार ने फसलों का खरीद मूल्य 1868 रुपये प्रति क्विंटल और ए ग्रेड धान के फसलों की कीमत 1888 रुपये घोषित किया हुआ है। लेकिन सच्चाई यह है कि किसानों के फसलों की खरीद बहुत कम मात्रा में हो रही है। इसलिए मंडी तक पहुंच चुके किसान को मजबूरी में अपनी फसल 1200 रुपये प्रति क्विंटल तक में बेचना पड़ रहा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
पिनः -834006
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### चचेरी बहन की शादी में भाग लेने सपरिवार नेमरा पहुंचे मुख्यमंत्री

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी चचेरी बहन गायत्री कुमारी उर्फ गुड़िया की शादी समारोह में शामिल होने सड़क मार्ग से सोमवार शाम रामगढ़ जिले के गोला के नेमरा स्थित आवास पहुंचे। सोरेन के साथ पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन सहित उनके परिवार के सभी सदस्य नेमरा पहुंचे। मुख्यमंत्री के पहुंचने पर जिला प्रशासन ने उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। साथ ही बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सोरेन ने घूम-घूमकर शादी की तैयारियों का जायजा लिया। गांव के बुजुर्ग लोगों से भी हालचाल पूछा। इस दौरान डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडे, एसडीओ मो. जावेद हुसैन, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, बीडीओ संतोष कुमार, सीओ सुदीप एक्का, डीटीओ सौरव प्रसाद, उत्पाद आयुक्त सहित प्रशासनिक अधिकारी वहां मौजूद थे। जानकारी के अनुसार गायत्री कुमारी की शादी सेक्टर 4 बोकारो निवासी रमेश हेम्ब्रम के साथ संपन्न होगी। बारात देर रात पहुंचेगी। विवाह को लेकर शाम में पानी काटने की रस्म को घर के पास बड़ा तालाब में निभाया गया। नेमरा स्थित आवास को दुल्हन की तरह सजाया गया है। तोरण द्वार भी जगह-जगह बनाये गये हैं। मेहमान एवं आगंतुकों के लिए भोजन की उत्तम व्यवस्था कराई गई है। सुरक्षा को लेकर जगह-जगह पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### राज्य स्तरीय जूनियर व सीनियर एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा के लिए चयन प्रक्रिया 14 को

**हजारीबाग।** आगामी 27 व 28 मई को सब जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता, दो से चार जून के बीच आयोजित होने वाले 12वीं राज्यस्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता व 23 से 25 जून के मध्य आयोजित होने वाले जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए आगामी 14 मई को खिलाड़ियों के चयन हेतु प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। हजारीबाग एथलेटिक्स एसोसिएशन के जिला सचिव अजित कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य जूनियर अंडर-14, अंडर-16 व सिनियर-18 के बीच प्रतियोगिता का आयोजन होना है। उन्होंने कहा कि 14 मई को आयोजित होने वाले चयन प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले की ओर से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। चयन के लिए अंडर-14 के बालक-बालिका के लिए 60 मीटर, छह मीटर लंबी कूद, गोला फेंक, जैवलिन थ्रो अंडर-16 के लिए 80 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक अंडर-18 के लिए एथलेटिक्स इवेंट का आयोजन किया जाएगा।

### नेत्र शरीर का अभिन्न अंग इसकी देखभाल जरूरी : विवेक प्रधान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को बच्चों एवं शिक्षकों के लिए नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान व चिकित्सीय टीम ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में शार्प साइट आई हस्पिटल रांची के चिकित्सकों ने आंखों की जांच की। इस दौरान आशीष प्रकाश, प्रकाश कुमार यादव, विकास कुमार सोनी, अफरोज आलम ने आंखों की जांच करते हुए आंखों की सही देखभाल की जानकारी दी। साथ ही बताया कि ज्यादातर बच्चों की आंखों में कोई कमी नहीं मिली। कुछ में ड्राईनेस की समस्या पाई गई। मौके पर प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने कहा कि आजकल बच्चों का ज्यादातर समय मोबाइल व कंप्यूटर पर व्यतीत हो रहा है। ऐसे में आंखों पर इसके पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर बच्चों की आंखों की जांच कराने से किसी भी प्रकार की संभावित परेशानी से बचा जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ स्कूल प्रबंधन नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया है। आगे भी इस प्रकार के नियमित जांच शिविर लगाए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने में नाजिया तौहिद, सोनम खातून, प्रकाश ओझा आदि का विशेष योगदान रहा।

### पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा : प्रो.एनके तिवारी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग एनएसएस प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज एनएसएस इकाई दो के तत्वावधान में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण एवं मिशन लाइफ पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि मिशन लाईफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना है, जिसकी शुरुआत गुजरात के केवड़िया से की गई है। इस योजना के अंतर्गत तीन बातें रिड्यूश (कमी करना), रियूज (पुनः उपयोग करना) व रिसाईक्लिंग पर फोकस करना है। इसका तात्पर्य यह है कि हमें अपने जीवन में ऐसा बदलाव लाना है, ताकि कार्बन उत्सर्जन कम से कम हो। मुख्य वक्ता अरूण कुमार सिंह झा ने कहा कि हमसबों का यह दायित्व है कि कम से कम सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग कर जल संरक्षण पर जोर दें, तभी पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।

# वडेरा ज्वेलर्स में हथियार बंद अपराधियों ने की डकैती

## अपराधियों ने कर्मचारी के हांथ बांधकर दिया घटना को अंजाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर में एक के बाद एक लूटपाट की घटनाएं घटने से व्यवसायी खौफजदा हैं। गत 11 अप्रैल को एलआईसी ऑफिस के निकट से हथियार बंद अपराधियों ने 29 लाख 34 हजार रूपए की लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसका अबतक उदभेदन नही हो पाया है। वहीं, सोमवार को लगभग 1:45 बजे हथियार बंद अपराधियों ने शहर के थाना चौक होटल शिवम कॉम्पलेक्स स्थित वडेरा ज्वेलर्स में हथियार के बल पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक 1:45 बजे दो बाइकों में चार की संख्या में अपराधी ज्वेलरी दुकान पहुंचे। दो अपराधियों ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि दो ने टोपी पहनी हुई थी। सभी अपराधियों ने मास्क लगाया हुआ था। अपराधी जब ज्वेलरी दुकान पहुंचे तब उन्होंने हथियार के बल पर दुकान के कर्मचारी आकाश सिंह को कब्जे में कर लिया। अपराधियों ने कर्मचारी के हाथ बांध दिये और ज्वेलरी दुकान में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। दुकान के कर्मचारी आकाश के अनुसार अपराधी दुकान से चांदी की लाखों रूपए मूल्य की ज्वेलरी एक थैले में भरकर ले भागे। बताया गया की अपराधी लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद शहर के मेन रोड की ओर से भाग निकले। वहीं, ज्वेलरी दुकान में लूटपाट की घटना की जानकारी मिलने के उपरांत थाना प्रभारी रोहित महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने घटना के संबंध में दुकान के मालिक और कर्मचारी से पूछताछ की। दुकान के कर्मचारी आकाश सिंह ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी अभियान आरंभ कर दिया है।



घटना की जानकारी देता दुकान का कर्मचारी आकश

### घटना से व्यवसायियों है खौफ

वहीं, शहर में लूटपाट की बढ़ती घटनाओं से शहर के व्यवसायी वर्ग म्रें खौफ है। व्यवसायी कह रहे हैं की पुलिस प्रशासन इस तरह की घटना में शामिल अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे, ताकि इस प्रकार की घटनाएं नही हों। इधर, घटना के बाद रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंडल ने वडेरा ज्वेलर्स पहुंचे और दुकान के मालिक से भेंट किया। चेंबर प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने पुलिस प्रशासन से घटना में शामिल अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है की घटना में शामिल अपराधियों का फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गया। कहा जा रहा है की इससे पुलिस को घटना की छानबीन में मदद मिलेगी।

# एलआइसी ऑफिस के निकट लूटपाट की घटना और वडेरा ज्वेलर्स में लूटपाट की घटना के तार जुड़े हुए !

### अपराधियों ने दोनो घटना में पुलिस की व्यस्तता का उठाया फायदा


**अमित सिन्हा**

**रामगढ़।** रामगढ़ में पिछले 11 अप्रैल को एलआईसी कार्यालय के निकट हथियारों से लैस अपराधियों ने 29 लाख 34 हजार रूपए की लूट की घटना को अंजाम दिया था। वहीं, सोमवार को थाना चौक शिवम कॉम्पलेक्स स्थित वडेरा ज्वेलर्स में अपराधियों ने हथियार के बल पर लाखों रूपए मूल्य की ज्वेलरी लूट की घटना को अंजाम दिया। दोनो घटनाओं के संबंध में जानकार सूत्रों का कहना है की इनमें काफी कुछ समानताएं हैं। सूत्रों के अनुसार 11 अप्रैल की घटना में शामिल अपराधियों ने बाइक का प्रयोग किया था और हेलमेट पहना हुआ था। वहीं, 8 मई को ज्वेलरी दुकान में लूटपाट की घटना में भी अपराधियों ने बाइक का प्रयोग किया और हेलमेट पहन रखा था।

**घटना को अंजाम देने से पूर्व घटना स्थल की हुई रेकी :** सूत्रों के मुताबिक दोनो लूटपाट की घटना से पूर्व अपराधियों द्वारा उन स्थलों की पूरी तरह से रेकी की गई। उसके उपरांत घटना को अंजाम दिया गया। एलआईसी ऑफिस के निकट घटना के समय गनर नही था।

सूत्रों के मुताबिक अपराधियों को इस बात की पूरी जानकारी थी। वहीं, वडेरा ज्वेलर्स में लूटपाट की घटना के समय भी गार्ड नही था। साथ ही ज्वेलर्स के मालिक कुछ कार्य के सिलसिले में रांची गए थे। संभवतः अपराधियों को इसकी पूरी जानकारी थी।

**दोनो घटनाओं के दिन पुलिस पूरी तरह रही व्यस्त, अपराधियों ने इसका उठाया फायदा :** सूत्रों का कहना है की दोनो घटनाओं के दिन रामगढ़ पुलिस पूरी तरह से व्यस्त रही। जिसका अपराधियों ने लाभ उठाया और घटना को अंजाम दिया। 11 अप्रैल को राजभवन घेराव को लेकर रामगढ़ थाना प्रभारी दलबल के साथ टॉल प्लाजा में तैनात थे। उसी दौरान अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। वहीं, 8 मई की घटना के समय भी थाना प्रभारी मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर टॉल प्लाजा पर थे। जिसकी शायद अपराधियों को पूरी जानकारी थी और उन्होंने घटना को अंजाम दिया।



घटना को अंजाम देने आए सीसीटीवी में कैद अपराधी

**दोनो घटनाओं में अपराधियों को मिला लोकल सहयोग :** सूत्रों के मुताबिक लूटपाट की दोनो घटनाओं में शामिल अपराधी बाहर के थे और शायद स्थानीय अपराधियों का पूरा सहयोग उन्हें मिला। जिसके बल अपराधी घटना को अंजाम देने में सफ ल रहे। एलआईसी ऑफि स के निकट लूटपाट में अपराधी बाइक से झंडा चौक की ओर से आए और घटना के बाद गोलपार होते हुए कैथा की ओर भागे। वहीं, 8 मई की लूटपाट की घटना में अपराधी नईसराय की ओर से बाइक पर आए और घटना के बाद मेन रोड की तरफ भागे। सूत्रों के मुताबिक दोनो घटनाओं के तार एक दूसरे से जुड़े हुए लग रहे हैं।

**पुलिस घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ने के लिए चला रही छापेमारी अभियान :** लूटपाट की घटनाअ के बाद रामगढ़ थाना पुलिस घटना में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए सघन छापेमारी अभियन चला रही है। इसको लेकर पुलिस ने शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वहीं, संदिग्ध लोगों से पूछताछ की।

### जनता की समस्याओं का समाधान ही कांग्रेस का उद्देश : अंबा प्रसाद

**भुरकुंडा/पतरातू।** विधायक अंबा प्रसाद ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को ले प्रत्येक सोमवार को पीटीपीएस में जनता दरबार लगा रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को पतरातु स्तिथ रोड संख्या 5 पर लगे जनता दरबार में विधायक अंबा प्रसाद ने दर्जनों ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। साथ ही कई समस्याओं का समाधान ऑन द सपोर्ट किया। बाकी बचे समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान ही कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य है। हर हाल में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान होगा।

### हम विकास के कार्यों में सबसे आगे हैं : डीएम

**रजरप्पा।** दोहाकातु पंचायत में मरम्मति कर जलमीनार पानी टंकी का रामगढ़ सदर पार्षद धनेश्वर महतो डीएम ने पानी टंकी का उदघाटन फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया गया। मौके पर पार्षद ने कहा कि हम विकास के कदम में पहले पैदान पर हैं। आगे प्रयास रहेगा कि हर घर तक पानी पहुंचाया जाए। मौके पर आजसू जिला सह सचिव बबलू करमाली, आजसू जिला कोषाध्यक्ष एवं कुंदरूकलां मुखिया किसुन राम मुंडा, कलावती देवी दोहाकातु मुखिया, उपमुखिया जयप्रकाश महतो, पवन करमाली, सेवकी करमाली, महादेव महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण कार्यस्थल स्थल पर अपराधियों ने बोला धावा

# कर्मियों के साथ मारपीट, श्रीवास्तव गैंग के नाम पर काम बंद करने की दी धमकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भदानीनगर रामगढ़।** भादानीनगर ओपी क्षेत्र के देवरिया में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत चल रहे है सड़क निर्माण कार्य स्थल पर सोमवार की दोपहर लगभग तीन बजे बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने धावा बोल दिया। इस दौरान अपराधियों ने लेवी की मांग करते हुए अमन श्रीवास्तव गैंग के नाम पर काम बंद करा दी। इस दौरान अपराधकर्मियों ने संवेदक के कर्मियों के साथ मारपीट करते बंदूक के बल तत्काल काम बंद करने की धमकी दी।

साथ ही अपराधियों ने कहा की जब तक अमन श्रीवास्तव से बात नहीं करोगे तब तक काम बंद रखना होगा। अन्यथा अंजाम बुरा होगा की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। मालूम हो कि आरयू डिपार्टमेंट के मां छीन्मस्तिका इंटरप्राइजेज के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। लेवी की मांग को लेकर ही अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। सूचना के बाद भदानीनागर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

साथ ही पूरे मामले की जानकारी लेते हुए हुए हुए ओपी प्रभारी राजदीप कुमार ने कहा कि जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे। किसी हाल में कार्य बंद नहीं होगा। इधर अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस छापामारी अभियान चला रही है। वहीं पुलिस ने संवेदक को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाते हुए सड़क निर्माण कार्य को पुनः चालू करा दी। इधर क्षेत्र में घटना के बाद से दहशत का माहौल है।



मामले की जानकारी लेते ओपी प्रभारी राजदीप कुमार

## एक नजर में

### इंदरा मुखिया ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया

**चरही।** चूरचू प्रखंड केआठों पंचायत में स्वच्छता पखवाड़ा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 15 मई तक चलने वाले इस अभियान में ग्रामवासियों को जागरूक करने के साथ पंचायतों को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य है।इस अभियान के तहत सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय इंदरा में मुखिया राधिका देवी की अध्यक्षता में जगरू?कता रैली निकाली गयी।साथ ही बाल संसद एवं छात्र-छात्राओं को एफटीके कीट के मध्याम से जल जांच का प्रशिक्षण दिया गया।तथा प्लास्टिक के पॉलीथिनों को उपयोग नहीं करने का सलाह दिया गया।रैली का शुभारंभ विद्यालय परिसर से होते हुए फुसरी,ढुबागढ़ा एवं अन्य टोलों से होते हुए विद्यालय परिसर पहुंचकर समाप्त किया गया।तथा ग्रामीणों के द्वारा स्वच्छता पर शपथ लिया।रैली के दौरान बच्चों ने ग्रामीणों को अपने आसपास गंदगी नहीं फैलने देने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान बच्चों ने हम सब का यही है सपना स्वच्छ भारत हो अपना,खूबसूरत होगा देश का हर छोर क्योंकि सफाई करेंगे हर ओर।आदि नारे लगाते देखे गए। मौके पर मुखिया राधिका देवी,पूर्व मुखिया दशरथ महतो,उपमुखिया बिनोद महतो,पंसस बीरेंद्र कुमार भुइयां, एएसआई बैजनाथ मेहता,वनरक्षी प्रियतोष कुमार तिवारी,वार्ड सदस्य शीतल टुडू,गुलाचो देवी,आसमा खातून,इदरीस अंसारी,संगीता देवी, प्रधानाध्यापक मोईज अंसारी, शिक्षक युगेश्वर महतो,मोहन राम , अनिल कुमार,सेविका प्रमिला देवी, सीता देवी, पूनम देवी,रेहाना सुलतान,शांति देवी,सहिया निर्मला देवी,गीता देवी,कुंती देवी,खुशीर्दा बेगम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### चित्राकंन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**चरही।** सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुसरी मांझी टोला में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चुरचू बीडीओ के आदेशानुसार चित्राकंन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय और तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।जिसमें चित्रांकन में प्रथम स्थान प्राप्त करने अष्ठम वर्ग की मुनजान खातून,दूसरा स्थान साहिल अंसारी और तीसरे स्थान आर्यन अली तथा निबंध प्रतियोगिता में,पहला स्थान अष्टम वर्ग की छात्रा अफसाना खातून, दुसरे स्थान गुलिस्ता परवीन और तीसरे स्थान सप्तम वर्ग की सुषमा सोरेन को बहेरा मुखिया देवकी महतो,उपमुखिया शिवचंद मुर्मू,प्राचार्य मनोज हंसदा और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकूल रविदास के द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया।इस प्रतियोगिता में शिक्षक हसीब अहमद,जोहन हेम्ब्रोम,जेठीवाल मांझी,शिक्षिका रोसा मरांडी,गीता कुमारी,वार्ड सदस्य अजहरुद्दीन अंसारी,जावेद अली आदि शामिल थे।

### सात माइल मोड़ की तस्वीर बदलेगी

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड का सात माइल मोड़ की तस्वीर बदलेगा। जल्द ही अलग लुक में हजारीबाग-बगोदर सड़क चौड़ीकरण कार्य की शुरूआत की जाएगी। इसके लिए प्रखंड के पंचायतों की सड़क किनारे के जमीन मापी की मापी की जायगी। राम बालक कुमार विष्णुगढ़ सिओ ने बताया की जल्द ही निर्माण की प्रकिया को लेकर भू मालिकों के खाता प्लाट का नक्शा तैयार किया जा रहा है। अधिग्रहण करने की प्रक्रिया अब जल्द ही शुरू होने वाली है। अंचल कार्यालय द्वारा मामले पर बताय गया की। सात माइल मोड़ की अब अलग तस्वीर होगी। बर्तमान सड़क से 50 फिट पूर्व दिशा की और जमीन को अधिग्रहीत किया जाना है। बतातें चलें की लोगों को सड़क चौड़ीकारण कार्य का इंतजार वर्षों से था लेकिन अब लोगों का इंतजार खत्म हो गया है। अब बगोदर-हाजारीबाग रोड में वाहन सरपट दौड़ेगी,जीससे लोगों का समय भी बचेगा।

# हरा राशन कार्डधारियों के बैकलॉग राशनवितरण के लिए लगायें कैंप : उपायुक्त

## वन नेशन वन राशनकार्ड की सहज सुलभता सुनिश्चित कराने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में खाद्य आपूर्ति एवं सहकारिता विभाग के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं संबंधी समीक्षात्मक बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनवितरण प्रणाली के माध्यम से लाभूकों को मिलने वाले राशन वितरण सहित विविध समस्याओं एवं उनके समाधान की समीक्षा की गई। इस क्रम में लाभूकों के द्वारा नये राशनकार्ड बनाने, राशनकार्ड में नाम जोड़ने, राशनकार्ड से नाम हटाने, वन नेशन वन राशन के तहत प्राप्त आवेदन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि वन नेशन वन राशन के तहत प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करते हुए लाभूकों को अपने सुविधा के हिसाब से राशन मिले यह सुनिश्चित करने के लिए प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के लॉगईन पर प्राप्त शतप्रतिशत आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। वहीं हरा राशन कार्ड के लिए आवंटित अनाज का नवम्बर माह के बैकलॉग को पीडीएस दुकानों में कैम्प लगाकर लाभूकों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया गया। ताकि लोग लाभान्वित हो सके और अगले माह के वितरण की प्रक्रिया के तहत अनाज उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावे एफसीआई एवं एसएफसी के माध्यम से माह मई का खाद्यन्न का उठाव एवं वितरण 15 मई तक कराने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। वहीं डाकिया योजना के तहत लक्षित समुदाय के घरों तक राशन वितरण करते हुए एप्प के माध्यम से संबंधित आंकड़ों को अद्यतन करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में पीजीपोर्टल के माध्यम से आमजनता के राशन खाद्यन्न से संबंधित लंबित 67 शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश संबंधित क्षेत्रीय पणन अधिकारियों को दिया गया। मौके पर सहकारिता विभाग की समीक्षा के क्रम में लैम्प्स एवं पैक्स को सशक्त करने एवं बुनियादी सुविधाओं को अपग्रेड करने का निर्देश दिया। साथ ही सहकारिता विभाग की योजनाओं के तहत अपनी कार्ययोजना को तैयार करने आगामी कृषि मौसम में लोगों को खाद्य बीज की समस्या न हो इसके लिए कृषि विभाग के साथ समन्वय करते हुए योजना क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त सहित जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहाकारिता पदाधिकारी, एमओ, सहित संबंधित अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।



दिशानिर्देश देती उपायुक्त

## उपायुक्त के निर्देश पर गठित टीम ने जिले के विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित मिले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

### राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण

**खबर मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर सोमवार को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों की जांच को लेकर जिला स्तर पर गठित टीम ने औचक निरीक्षण किया। प्रखंडों के बीडीओ, सीओ तथा जिलास्तरीय अधिकारियों समेत कुल 42 सदस्यों को व्यापक स्तर पर एक साथ औचक निरीक्षण के आदेश दिए थे। बता दें कि इससे पूर्व तत्कालिन उपायुक्त रवि शंकर शुक्ल ने जिले के सभी विद्यालयों के औचक निरीक्षण के लिए टीम गठित किया था। ऐसे में निरीक्षण के बाद विद्यालयों की स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।



औचक निरीक्षण के दौरान उपायुक्त

**74 शिक्षक अनाधिकृत रूप से पाए गए अनुपस्थितः** औचक निरीक्षण अभियान में विभिन्न प्रखंडों के कुल 240 विद्यालयों की जांच की गई। इनमें 74 शिक्षक अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित पाए गए।

**राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहमः** उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है, लेकिन कई शिक्षक अपने दायित्वों के निर्वहन में रुचि नहीं रखते हुए विद्यालयों में नहीं आते हैं। वैसे गैरजिम्मेवार शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

### तीन विद्यालयों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

शिक्षकों की अनुपस्थिति की शिकायत पर उपायुक्त ने समेकित रूप से टीम गठित कर इस कार्य को अंजाम दिया। इसी क्रम में उपायुक्त ने भी तीन विद्यालय आनंदा प्लस टू हाई स्कूल, मध्य विधालय नूरा एवं राजकीयकृत श्री कृष्ण आरक्षी बाल उच्च विधालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में स्वीकृत पद, कार्यरत पद, निरीक्षण के समय उपस्थित शिक्षकों की संख्या, अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित शिक्षकों के नाम, पदनाम एवं अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित शिक्षकों की अवधि की गहन जांच की।

# जल जीवन मिशन की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** योजनाओं की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण के साथ उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना के माध्यम से आमजनों को पेयजल सुविधा मुहैया कराने हेतु किये जा रहे कार्यों की अद्यतन गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि हजारीबाग जिले में कुल लक्ष्य के विरूद्ध 31.85 प्रतिशत घरों तक नल से जल की आपूर्ति की जा रही है। जिस पर उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने के लिए संवेदक को आवश्यक निर्देश देने सहित पाईपलाईन में पड़े संबंधित योजनाओं को शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं योजनाओं में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता न हो यह सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए सतत निगरानी, अनुश्रवण एवं निरीक्षण करने का निर्देश वरीय पदाधिकारियों को दिया। साथ ही लोगों/जनप्रतिनिधियों के माध्यम से गुणवत्ता संबंधी शिकायतों का निवारण प्रणाली बनाकर मामले को निष्पादित करने का निर्देश दिया। मौके पर हर पंचायतों में योजना की गुणवत्ता बनी रहे इसके लिए वरीय अधिकारियों एवं पेयजल विभाग के अभियंताओं की टीम द्वारा रैंडम चेकिंग एवं भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने पेयजल की योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से जिलाएवं प्रखण्ड स्तर पर संवेदकों के साथ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए नियमित बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश जारी करने का निर्देश पेयजल कार्यपालक अभियंता को दिया। इसके अतिरिक्त निर्मित 25 सामुदायिक शौचालयों में हो रही पानी की समस्या के समाधान हेतु डीएमएफटी के माध्यम से जल की सुविधा मई माह के अंत तक उपलब्ध कराकर सामुदायिक शौचालय चालू कराकर स्थानीय प्रतिनिधियों के माध्यम से जून के प्रथम सप्ताह में जनता को समर्पित करने का अल्टीमेटम पेयजल कार्यपालक अभियंता को दिया।

## स्पीड न्यूज

### भाकपा माओवादी संगठन के सहयोगी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाना पुलिस ने भाकपा माओवादी के मुख्य सहयोगी गुमला थाना अंतर्गत हेठजोरी गांव निवासी रामकेश्वर उरांव पिता जतरू उरांव को गिरफ्तार कर सोमवार को गुमला जेल भेज दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बतलाया कि अभियुक्त पांच वर्षों से नक्सली संगठन में रहकर उनके मुख्य सहयोगी के रूप में काम कर रहा था। उसके खिलाफ कुरूमगढ़ थाना में कांड संख्या 3/21 के अलावे अन्य 3 मामले दर्ज हैं।

### बिशुनपुर में नागपुरी एल्बम की शूटिंग

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के सेरका स्थित धरधरी जलप्रपात व बनारी के दक्षिणी कोयल नदी में सोमवार को प्यार की दुनिया नामक नागपुरी एल्बम की शूटिंग हुई। जहां पर एल्बम के हीरो निर्मलगिरी व नायिका करीना कुमारी के द्वारा इन लोकेशन पर एल्बम शूट किया गया। निर्मल गिरी ने कहा कि बिशुनपुर काफी ही मनमोहक जगह है। चारों ओर हरियाली झरना और नदियां शुटिंग के लाइक बेहतर जगह है। यहां आकर शूटिंग करने में बहुत ही अच्छा लगा। साथ ही यहां के लोग भी काफी अच्छे है। जिन्होंने शुटिंग के दौरान हम लोगों का साथ दिया।

### कैरो बीडीओ ने की समीक्षा बैठक



**कैरो।** प्रखंड सभागार में सोमवार को बीडीओ पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। जिसमें पंचायत वार विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी, जिसके तहत बागवानी योजना, पीएम आवास मनरेगा सहित सभी तरह: की संचालित और लंबित योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण करने को कहा। मौके पर दिनेश उरांव, अमन शिखर, गुहां उरांव, अमित कुमार, परवेज अंसारी, सुहैल अहमद, श्याम दयाल उरांव, पंचम एतवा पहान भी थे।

### स्वास्थ्य कर्मी सेवा कार्य में रहें एक्टिव



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में सोमवार को बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने बैठक कर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। बैठक में प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का से स्वास्थ्य कार्यों से संबंधित जानकारी ली। साथ ही नियमित रूप से उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने एवं शत प्रतिशत टीकाकरण को लेकर सीएचओ और एएनएम को निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है और आप सभी स्वास्थ्य कर्मी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। मौके पर उपस्थित लोगों में बीटीटी सीमा कुमारी बबीता देवी सहित कई सीएचओ, एनएम सहिया उपस्थित थे।

### परवेज अंसारी बने भंडरा कमेटी के सदर



**भंडरा।** अंजुमन इस्लामिया भंडरा कमेटी का चुनाव जामा मस्जिद के प्रांगण में आम लोगों की उपस्थिति में हुआ। जिसमे सर्वसम्मति से परवेज अंसारी को सदर चुना गया। वहीं सेक्रेट्री अनवर अंसारी, सदर युसुफ अहमद, सेक्रेट्री खलील अंसारी, खजांची बसीर अंसारी को बनाया गया। कमेटी के बैठक में हाफिज कलीम, फिरोज अंसारी, खुर्शीद आलम, असलम अंसारी, जमाल अंसारी, हाफिज महमूद, तैयब अंसारी, मोहमद, हसमुमदीन अंसारी, आलम अंसारी, इस्लाम अंसारी, कमाल आलम, नसरुदीन साहब, कलाम आलम थे। परवेज को सदर बनाने पर स्थानीय लोगों ने बधाई दी है।

### 60 किसानों को मिले मृदा स्वास्थ्य कार्ड



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित निकरा परियोजना अंतर्गत शिवराजपुर गांव के 60 किसानों के बीच सोमवार को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटा गया। डॉ नीरज कुमार ने कहा कि किसान मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर खादों का प्रयोग करते हैं तो उनको उत्पादन एवं उत्पादकता में काफी बढ़ोतरी मिलेगी। साथ ही मृदा स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। मौके पर शुभम दास ने किसानों को बताया कि अगर हम मृदा स्वास्थ्य पर ध्यान दें तो हमारे खेत की मिट्टी भी स्वस्थ रहेगी। साथ ही उत्पादन एवं उत्पादकता भी बनी रहेगी।

### आपसी विवाद में पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा



**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के भीतर सेरका गांव में रंथी देवी (35) को उसके ही पति दिलेश्वर खेरवार ने कुल्हाड़ी से काट कर निर्मम हत्या कर दी। हत्यारोपी पति को बिशुनपुर पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर दो बजे के आसपास दिलेश्वर घर पहुंचा और पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर नोकझोंक होने लगी। इसके बाद अचानक दिलेश्वर घर में रखी कुल्हाड़ी निकाल पत्नी के गर्दन पर वार कर दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। थाना प्रभारी कुंदन सिंह ने बताया भीतर गांव में पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था। इसके बाद आरोपी पति ने महिला की गर्दन काटकर हत्या कर दी। वहीं आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मां प्यार- त्याग की प्रतिमूर्ति : सुमन गुप्ता



**लोहरदगा।** ज्ञानदीप स्कूल में सोमवार को मर्दस डे का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने सभी माताओं को समर्पित नृत्य और संगीत कार्यक्रम किया। मौके पर सभी माताओं के लिए म्यूजिकल चेयर कॉम्पीटिसन किया। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली माताओं को विद्यालय प्रबंधन ने उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य सुमन गुप्ता ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि माता प्यार और त्याग की प्रतिमूर्ति है, किसी भी विद्यार्थी की सफलता में एक मां का सम्पूर्ण योगदान होता है। मां बच्चे के लालन पालन से लेकर उसको अच्छी शिक्षा दिलाने में मां अपना सर्वस्व क्षमता लगा देती है।

# ज्ञान की रोशनी फैलाने के लिए खुले पुस्तकालय का करें सदुपयोग : डीसी

- बसिया में अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय का उपायुक्त ने किया उदघाटन
- उपायुक्त ने चलायी मुहिम- शिक्षा का दान महादान, कुछ राशि शिक्षा के नाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले के बसिया प्रखंड में सोमवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय का उदघाटन किया। पुस्तकालय का नाम नेता जी सुभाष चंद्र बोस पुस्तकालय रखा गया है। सुदूरवर्ती क्षेत्र के विद्यार्थियों को पुस्तक की कमी से निजात दिलाने के लिए उपायुक्त के निर्देशन एवं अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता के प्रयास से इस पुस्तकालय निर्माण किया गया है।



**खास बातें :** वहीं कंप्यूटर क्लासेस की भी व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा हरेक मूलभूत सुविधा से परिपूर्ण इस पुस्तकालय में 250 से अधिक विद्यार्थी एक साथ बैठ अपनी शांतिपूर्वक पढ़ाई कर सकते हैं। पुस्तकालय संचालन के लिए एक समिति भी बनायी जायेगी। बताते चलें कि कुछ ही दिनों में बसिया के इस अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय के समीप इंडोर स्टेडियम, बैडमिंटन स्टेडियम, खेल मैदान, ओपन जिम, कैंटीन जैसी तमाम सुविधाएं भी देखने को मिलेंगी। जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है। पुस्तकालय का अवलोकन कर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता, बीडीओ एवं वहां के स्थानीय निवासियों को पुस्तकालय खोलने के लिए बधाई दी।

बसिया सहित जिले के सभी प्रखंडों में पुस्तकालय क्रांति के तहत प्रखंड एवं अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय बनाया जा रहा है। बसिया के अनुमंडल स्तरीय इस पुस्तकालय में विद्यार्थियों को हर प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें उपलब्ध होगी। इसके अलावे विद्यार्थियों की जरुरत से जुड़ी सभी पुस्तकें यहां उपलब्ध होगी। पुस्तकालय में स्कूली विद्यार्थियों के साथ साथ बुजुर्गों के रुचि के अनुसार भी कई साहित्यिक किताबें एवं कृषि, पशुपालन आदि जैसे ज्ञानवर्धी किताबों का संकलन किया गया है।

# पीएलएफआइ के तीन नक्सली दो लोडेड देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार,भेजे गये जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले की पुलिस को एक बार फिर नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। दो देसी हथियार और कारतूस के साथ पुलिस ने पीएलएफआई के तीन नक्सलियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के लिए चुनौती बने पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के करीबी एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर है।

लोहरदगा एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर गिरफ्तार तीन पीएलएफआई नक्सलियों को गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए बताया की इन नक्सलियों द्वारा विगत 8 अप्रैल 2023 को कुडू थाना के ग्राम-मकान्दु स्थित क्रेशर माइन्स में प्रतिबंधित नक्सल संगठन पीएलएफआई के एरिया कमाण्डर कृष्णा यादव के साथ मिलकर हथियार बंद दस्ता सदस्यों के साथ लेवी की माग करने तथा नहीं मिलने पर माइन्स में कार्यरत एक पोपलेन मशीन, एक डीजी मशीन में आग लगाकर क्षतिग्रस्त कर धमकी दी गयी थी।

### गिरफ्तार नक्सली पर कई मामले थे दर्ज



भंडरा थाना क्षेत्र में नहर निर्माण में लगे मजदूरों से मोबाईल छिनतई हुई तथा लेवी नहीं मिलने तक कार्य बंद रखने की धमकी देकर पोस्टरबाजी की गयी थी। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान रांची जिला के कौशल यादव, लोहरदगा जिला के दीपक यादव और लातेहार जिला के कुशल यादव उर्फ आकाश यादव के रूप में हुई है। इनपर लेवी, पोस्टरबाजी, धमकी, गोलीबारी आर्म्स एक्ट सहित कई मामले कुडू थाना और भंडरा थाना में दर्ज किया है। नक्सलियों के पास से पुलिस ने दो लोडेड देसी कट्टा, 06 जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन बरामद किया है। इनकी गिरफ्तारी में एएसपी दीपक पांडेय, एसडीपीओ बीएन सिंह, कुडु थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह, तकनीकी शाखा के अभिनव कुमार, सअनि प्रेम प्रकाश की भूमिका रही।

# पारिवारिक विवाद में पत्नी ने पति को टांगी से मार डाला, गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के बूटी पंचायत के बुटी छोटका टोली में स्व सुकरू उरांव के पुत्र दिलेश्वर उरांव (55) की हत्या रविवार देर रात पत्नी एतमनी देवी ने टांगी से प्रहार कर अपने पति का हत्या कर दी। घटना के पीछे पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है।

पंचायत मुखिया पार्वती कुमारी ने घटना की सूचना सोमवार सुबह सेन्हा थाना पुलिस को दिया। हत्या घटना की सूचना पाकर पुलिस दलबल के साथ बुटी छोटका टोली स्थित मृतक के घर पहुंच मामला की अनुसंधान में जुट गयी। इस संदर्भ में पत्नी एतमनी देवी ने कहा कि तीन साल से मैं अपने बेटी दामाद के घर घाघरा में रहती थी।



जांच करने पहुंची पुलिस और मृतक (इनसेट)।

एक महीना पहले मैं अपने पति के घर आ कर रहने लगी, तो पति से बराबर झगड़ा होता था। और रविवार को भी झगड़ा होने लगा जिससे गुस्से में घर में रखा टांगी को निकाल कर उसके सिर पर तीन बार प्रहार किया जिससे मेरी पति की मौत घटने स्थल पर हो गया।

वहीं सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा की पत्नी एतमनी देवी ने हत्या को स्वीकार किया है। घटना को आंजम देने की बात पर फिलहाल एतमनी देवी को पुलिस गिरिफ्तार कर पूछ ताछ कर रही है।

थाना प्रभारी ने कहा प्रथम दृष्टया घटना परिवारिक विवाद का है और पत्नी द्वारा किया गया है। इसकी पुष्टि हो चुकी है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

# पांच लाख लेवी नहीं देने पर ईंट भट्ठा मालिक पर चला दी गोली

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के निगनी गांगू पाड़ा स्थित गुलाब ईट भट्ठा के मालिक उपेंद्र साहू से टीपीसी के नाम पर 5 लाख रुपये की लेवी की मांग की गई है। जिसे देने पर असमर्थता जताने पर रविवार की रात्रि उनके घर पर अपराधियों ने गोली चलाते हुए हस्तलिखित पोस्टर चिपका कर उपेंद्र साहू को 24 घंटे के अंदर 5 लाख रुपये देने की बात कहते हुए नही देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है।

घटना की सूचना पर एसडीपीओ बीएन सिंह एवं सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच छानबीन की। साथ ही घर के बाहर दीवार पर सटे पोस्टर एवं घर पर चली गोली का खोखा कब्जे में लेते हुए पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। उपेंद्र ने बताया कि 20 अप्रैल को उनके मोबाइल पर एक फोन आया जिसमें खुद को टीपीसी का अजय जी बताते हुए संगठन की मजबूती के लिए मदद करने की बात कही। वहीं 23 अप्रैल को पुनः उसी नंबर से फोन कर 15 दिनों के अंदर 5 लाख रुपये लेवी मांगी गयी। जिसके बात अंतिम फोन 29 अप्रैल को करते हुए 5 लाख रुपये जुगाड़ होने की बात पूछी गई जिसपर उपेंद्र कुमार साहू ने असमर्थता जताते हुए पैसा नहीं होने की बात कही जिसके बाद फोन करने वाले ने उन्हें बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी थी।

### रविवार की रात टीपीसी के नाम चिपकाया पोस्टर

रविवार की देर रात पीड़ित के घर के दीवार पर टीपीसी के नाम का पोस्टर साटा गया और दीवार पर गोली चलायी गयी। इधर, पुलिस पूरे मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है।





### डीएवी में नीट की परीक्षाशांति पूर्ण संपन्न

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में नीट की परीक्षा संपन्न हुई। सिटी को-ऑर्डिनेटर डॉ रमाकांत साहू ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 203 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इससे पूर्व परीक्षा केंद्र अध्यक्षों, ऑब्जर्वर एवं निरीक्षकों को एक दिन पूर्व प्रशिक्षण देकर परीक्षा संबंधित सभी नियमों से अवगत कराया गया एवं परीक्षा के दिन परीक्षा संचालन हेतु जरूरी निर्देश दिये गये। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण हुई। शिक्षकों ने सहयोग किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा या असहजता का सामना न करना पड़े। केंद्राधीक्षक के रूप में श्री पवित्र कुमार मोहंती नियुक्त थे।

### गुमला में स्वच्छता को लेकर कार्यशाला

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा सोमवार को स्वच्छता व माहवारी विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला की गयी। जिसमे जिला के सभी केजीबीवी, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में शौचालय सुद्दढ़ीकरण, माहवारी, स्वच्छता प्रबंधन पर सभी वार्डन, अकाउंटेंट एवं बाल संसद के पांच सदस्यों के साथ विशेष रूप से चर्चा की गई एवं सभी विद्यालय में चर्चा करने को कहा गया। मौके पर परियोजना कार्यालय से सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आदित्य राज, सहायक अभियंता शमशाद अली मौजूद थे।

### कुडू प्रखंड में संपूर्ण सीलिंग जमीन की होगी मापी

**कुडू।** कुडू क्षेत्र में अवस्थित संपूर्ण सीलिंग जमीन की मापी के लिए सीओ ने ग्रामवार तिथि तय कर चार अमीनों को प्रतिनियुक्त किया है। ज्ञात हो कि कुडू प्रखंड में करीब 700 एकड़ सीलिंग जमीन है, जो बिरला कंपनी खुद का बताती है। जिसे कंपनी या उसके प्रतिनिधियों द्वारा गलत तरीके से गलत दस्तावेजों के आधार पर खरीद बिक्री की सूचना है। ज्ञात हो कि कंपनियों या उसके प्रतिनिधि उच्च न्यायालय से केस हार चुके हैं। कई जमीन की मापी हो चुकी है। पूर्व में कई रैयतों को नोटिस दी जा चुकी है, शेष को नोटिस दी जा रही है।

### समस्या दूर करना मेरी प्राथमिकता : डॉ रामेश्वर



**किस्को लोहरदगा।** वित्त राज्य मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने किस्को प्रखंड में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर महिला विकास मंडल के विभिन्न महिलाओं ने आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार मंत्री सह विधायक रामेश्वर उरांव को स्वागत कर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में लाया। जहां उनका माल्यापण व बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद जनसुनवाई के कार्यक्रम में रामेश्वर उरांव आमजनों की समस्या से रूबरू हुए और आमजनों की विभिन्न प्रकार की समस्या को समाधान करने का भरोसा दिया।

# लोहरदगा : सेवानिवृत्त आचार्य गोरख पांडेय को दी गयी भावभीनी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के इतिहास विषय के वरिष्ठ आचार्य गोरख पांडेय को सेवानिवृत्त होने के पश्चात उन्हें विद्यालय परिवार द्वारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन करके भावभीनी विदाई दी गयी। इस समारोह में विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक मनोज दास, समिति सदस्य जीतराम बड़ाईक, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि गोरख पांडेय जी अपने विषय के विशेषज्ञ, कर्मठ एवं समर्पित आचार्य रहे। अपने सेवाकाल में उन्होंने विद्यालय की सभी गतिविधियों में समर्पित भाव से अपनी सहभागिता दी। मौके पर विद्यालय की बहन रोमा एवं सहेलियों द्वारा एक भावपूर्ण विदाई गीत प्रस्तुत किया गया।

# 19 को होगा सेविका का चयन

- प्रखंड प्रशासन ने जनावल के राजा डेरा में करायी ग्राम सभा
- ऑन दी स्पॉट कई योजनाओं का लाभुकों को मिला लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड के जनावल पंचायत के राजा डेरा में ग्रामसभा की गयी। जिसमें प्रखंड प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना एवं मनरेगा की टीम ने गांव की समस्या एवं विकास योजनाओं की जानकारी ली। ग्राम सभा में जांच के क्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि यहां के आंगनबाड़ी सहायिका की मृत्यु एक माह पूर्व होने से उसका पद खाली है। जिसके लिए 19 मई को आम सभा में सहायिका का चयन किया जाएगा। वहीं मौके पर विभाग से संचालित सभी योजनाओं के अंतर्गत सावित्रीबाई फुले योजना के 8 लाभुक, मातृ वंदना योजना के 15 लाभुक, लाडली योजना के 6 लाभुक एवं सुकन्या योजना के 06 के लाभुक को फार्म भरकर उसका लाभ दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि राजा डेरा आंगनबाड़ी केंद्र का पोषक क्षेत्र में नवाटोली में आता है जो पहाड़ के ऊपर और दुर्गम क्षेत्र है।



# वापस किये गये 75 मोबाइल

- अपराधियों के द्वारा लूटे गये या खोये हुए मोबाईल को बरामद कर गुमला पुलिस ने लोगों को लौटाया
- जनता और पुलिस के बीच फ्रेंडली रिश्ता बनाने पर चल रहा है कार्य : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला पुलिस ने अपराधियों के द्वारा आम जनता से वर्ष 2022 में लूटे गये या उनके खोये हुए मोबाईल को बरामद कर सोमवार को उन्हें वापस लौटा दिया है। लगभग 75 लोगों को एसपी ऐहतेशाम वकारिव, डीएसपी प्रदीप प्रणव व थाना प्रभारी मनोज कुमार के द्वारा मोबाईल वापस प्रदान किया गया।

मौके पर एसपी ने कहा कि पुलिस मोबाईल वापस कर जनता का सहयोग कर रही है। जनता व पुलिस के बीच फ्रेंडली रिश्ता बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। एसपी ने लोगों से अपील की कि जिनका मोबाईल गुम हो गया है वे थाने में जरूर शिकायत करें ताकि उनका डाटा बेस बनाया जा सके और मोबाईल मिलने पर वापस प्रदान किया जा सके।



### ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवतियां घायल

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में इंटरव्यू देने आ रही बाइक सवार दो युवती सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गयीं। कंडरा चौक के समीप हुई दुर्घटना में घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। दोनों युवती को अंदरूनी गंभीर चोटें है। घायल गुमला कोयनारा टोंगरी टोली के पत्रिक बिलू की पुत्री रितिका तथा चैनपुर बिरसा नगर के थोमस सोरेन की पुत्री एलिन सोरेन है।

# लोहरदगा उपायुक्त ने की पथ निर्माण योजनाओं की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज पथ निर्माण योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उपायुक्त द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, लोहरदगा से सनई-हपात पथ के संबंध में विभाग द्वारा की गई कार्रवाई, पाखर-नारीधुर्वा मोड़ पथ के संबंध में अद्यतन प्रगति, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत नये पथ की पृच्छा की गयी। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पाखर-नारी धुर्वा मोड़ पथ में सुपरिटेंडेंट इंजीनियर द्वारा जांच किये जाने का निदेश दिया गया है। विभाग द्वारा सात वर्ष से पुरानी ग्रामीण सड़कों को मरम्मति के प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश है। डीसी ने सभी बीडीओ को अगले सप्ताह के अंतर मरम्मति के योग्य पथों की सूची उपायुक्त कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# मानव सेवा ही रेड क्रॉस संस्था का मुख्य उद्देश्य है : एसडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लोहरदगा के चेयरमैन डॉ गणेश प्रसाद के नेतृत्व में जिला इकाई ने विज्ञान भवन स्थित लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए उनके उपयोग की पुस्तकें सप्रेम भेंट किया। पुस्तक संग्रह में राहुल कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

सोसायटी के उपाध्यक्ष सह एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना युद्ध के समय सेवा कार्य से किया गया था। आज यह संस्था पूरे विश्व में मानवता का कार्य कर रही है। मानव सेवा ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इस कड़ी में लोहरदगा इकाई ने लाइब्रेरी को उपयोगी व अच्छी पुस्तकें भेंट कर मानवता का कार्य की है। उन्होंने बतलाया कि हम सभी को मानव सेवा का कार्य करना चाहिए। लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना होगा। सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाना चाहिए क्योंकि अधिकांश मौतें समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने से होती है। मानव सेवा ही हमारा प्रथम कर्तव्य है। सोसायटी के चेयरमैन डॉ गणेश प्रसाद ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि रेड क्रॉस की स्थापना सन 1863 में हेनरी ड्युनेट ने जेनेवा में शुरू किया था।



- प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता मानवतावादी, सामाजिक कार्यकर्ता हेनरी ड्युनेट के जन्मदिवस पर प्रत्येक वर्ष 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। लाइब्रेरी को पुस्तक देकर आशा करते हैं कि पुस्तक से बड़ा कोई मित्र नहीं होता है, पढ़ाई कर ज्ञान को बढ़ाएं और अपने जीवन को मानव सेवा में लगाएं। सचिव अरुण राम ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकर्ता समय और परिस्थिति के अनुरूप कार्य करते हुए समाज में मानवता को बढ़ावा देते हैं। कोरोना काल में सोसाइटी के कार्यकर्ताओं ने मास्क, सैनिटाइजर इत्यादि वितरण कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाया था। मौके पर कार्यकारिणी सदस्य प्रो स्नेह कुमार, प्रवीण कुमार, आलोक कुमार ने भी संबोधित किया।

# हिंडालको सीएसआर के तहत घाघरा की पांच पंचायतों में लगाये स्वास्थ्य कैंप : सीओ

- सरांगो और रुकी पंचायत के स्वास्थ्य केंद्र का एक हफ्ता के अंदर जीर्णोद्धार करे कंपनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा अंचल कार्यालय में सोमवार को सीएसआर की बैठक सीओ प्रणव ऋतुराज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हिंडालको खनन क्षेत्र में हो रहे कार्य की जानकारी ली गई। बैठक में अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने हिंडालको कंपनी के पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि टीवी और कुपोषण से प्रभावित पहले 5 पंचायत आदर, रुकी, विमरला, सरांगो व दिरगांव पंचायत के चिन्हित मरीजों को लिए एक दिवसीय कैंप का आयोजन करे। साथ ही बंद पड़े भैसबथान स्कूल की रिपेयरिंग जल मीनार का रिपेयरिंग मई महीने तक पूरा करने की बात कही। ताकि एक जून से वहां स्कूल चालू किया जा सके। साथ ही सरांगो रुकी पंचायत के स्वास्थ्य केंद्र का जीर्णोद्धार एक हफ्ता के अंदर करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कृषि के क्षेत्र में गोंदली रागी की खेती का बीज उपलब्ध कराने, हड़डूबा गांव में पीने का पानी पहुंच पथ तक सड़क मररमती व सोलर लाइट लगाने का कार्य एक हफ्ता के अंदर कार्य शुरू करने का निर्देश दिये। इसके अलावा प्रस्तावित प्याउ का कार्य शुरू करने का भी निर्देश दिया। खराब पड़े जल मीनार मरम्मत की भी बात कही। साथ ही कृषि पदाधिकारी और बीटीएम को लेमन ग्रास प्रोसेसिंग और उसके मार्केट की जानकारी एक सप्ताह में उपलब्ध कराने की बात कही। जलहन, चूल्हा माटी, घुंघरूपाट में लाह की खेती के लिए प्रस्ताव भी आया। जिसमें पाट क्षेत्र की मिट्टी की जांच करने का भी निर्देश दिया गया।



## कोडरमा में वनोपज आधारित जीविकोपार्जन विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# ग्रामीणों की आय-रोजगार बढ़ाना ही लक्ष्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारिता संघ लिमिटेड द्वारा षि एवं वनोपज आधारित जीविकोपार्जन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन श्रम भवन झुमरीतिलैया में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त आदित्य रंजन, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि कोडरमा में आजिविका का साधन मुख्य रूप से खनीज सम्पदा ही है। बहुत दुख की बात है कि लोग पलायन कर रहें है। आधी आबादी जो पुरूष की है वो बाहर काम कर रही है।

कॉपरेटटिव मॉडल अन्य राज्यों में बहुत अच्छा से काम कर रहा है और करोडों का फायदा राज्य सरकार को हो रहा है। साथ ही कई परिवारें अपना पालन पोषण कर रही है। मुख्यमंत्री की सोच के कारण सिद्धो कान्हो फोडरेशन का गठन किया गया है। लैम्पस पैक्स एक्टीव होते हुए भी सरकारी साधन पर निर्भर है। आप अपनी आमदनी का स्त्रोत ऐसा बनाये की सरकार पर निर्भर होने की जरूरत ना रहे। बल्की सरकार को आमदनी का एक हिस्सा दे, ताकि राजस्व की बढोतरी हो। हमारा मूल मकसद है कैसे कॉपरेटिव मजबूत बने, आत्मनिर्भर बने और कैसे आजिविका का जरीया बनाये। कृषक परिवारों को कृषि तथा वनोपज से जोड़कर अधिकाधिक लाभ देने के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की एक बेहतरीन सोच से सिद्धो कान्हो षि एवं वनोपज राज्य सहकारिता संघ लिमिटेड का गठन किया गया है। राज्य में षि उपज के अलावा अन्य वनोत्पादों की बहुत सारी विविधता होती है। ये उत्पाद ग्रामीण समुदायों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये उनके लिए मुख्य आय के स्त्रोत के रूप में काम करते हैं।

ग्रामीण समुदायों को इन उत्पादों के लिए उचित मूल्य नहीं मिल पाता, जिस कारण उन्हें अपने जीवनस्तर में सुधार लाने का मौका नहीं मिल पाता है। सहकारिता का उद्देश्य है ग्रामीण समुदायों को अपने उत्पादों के लिए उचित मूल्य मिल सके और उनके जीवनस्तर में सुधार आ सके। वहीं डीएफओ सूरज कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड की राज्य सरकार षि एवं एनटीएफपी की व्यापारिक क्षमता को पहचाना है और उसके तहत विकास के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की गयी है, कृषि से वनोपज जुड़ा हुआ है। गांवों में रहने वाले ग्रामीण अपनी आय को बढ़ाने के लिए षि कार्य के साथ-साथ वन उत्पादों का संग्रह कर बिक्री करते हैं। लेकिन खुदरा बिक्री के कारण उनको उचित कीमत नहीं मिलता है।

ऐसे में संघ से जुड़े पैक्सों के माध्यम से वन उत्पादों या वनोपज की बिक्री करने से उनको उचित कीमत मिल सकेगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं वनोपज जैसे धान, गेहूं, सब्जी-फल, लाह, ईमली, कोदो, कुटकी, सरगुजा, चिरौंजी, साल, आंवला, महुआ, करंज, हर्रे, बहेरा, रेशम आदि का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधियों को सहकारी आधार पर संगठित करना, क्रय-विक्रय एवं वितरण की ऐसी व्यवस्था करना जिससे की सदस्यों को सर्वोत्तम लाभ मिले।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि एवं वन-उपज का महत्व :

झारखंड एक विधिक कृषि जलवायु वाला राज्य है, जो वन संपदा से भरपूर है। राज्य का वनोपज क्षेत्र, सबसे बड़ी असंगठित क्षेत्रों में से एक है, जिसका वार्षिक अनुपातिक व्यापार 6000 करोड़ से भी अधिक है। झारखंड महुआ, चिरौंजी, इमली, लाभ, मूंगा, करने, साल के बीज, जैसे 32 प्रकार के वन उत्पाद का केंद्र है। फूलगोभी, शिमला मिर्च, खरीफ, आलू, मटर, धान, मक्का, महुआ, कुदकी, कोडी जैसे बागवानी एवं कृषि फसलों के लिए भी राज्य विख्यात है। मौके पर स्थापना उप समाहर्ता जयपाल सोय, जिला कृषि पदाधिकारी बह्मदेव साहू, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, ईडीबीओ मैनेजर राजीव सिंह, एपीआरओ अविनाश कुमार समेत जिले के सभी पैक्स के अध्यक्ष व सदस्य आदि मौजूद थे।

## नेशनल ओलंपियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल के तीन छात्रों को मिला मेडल



**कोडरमा।** नेशनल ओलंपियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल के तीन छात्रों को मेडल मिला है। इस बारे में विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि ब्लूम्स इंडियाज बिगेस्ट ओलंपियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल के दो छात्रों को गोल्ड और एक छात्र को सिल्वर मेडल मिला है। उन्होंने बताया कि साइंस ओलंपियाड में अंशराज को गोल्ड मेडल, राजवीर मोदी को सिल्वर मेडल और रिजनिंग ओलंपियाड में राजनंदनी को गोल्ड मेडल मिला है। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा, डिप्युटी डायरेक्टर विनोद कुमार और प्राचार्य नवीन कुमार ने बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर उनका हौसला बढ़ाया। बच्चों ने यह परीक्षा शिक्षक किशोर कुणाल की देखरेख में दी थी। दूसरी ओर छात्रों की सफलता पर एकेडमिक कोओर्डिनेटर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, रजनी बाला समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एक नजर में

## हिंदू धर्म को नष्ट करने का षड्यंत्र चल रहा है : सुधीर कुमार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** कान्हाचट्टी प्रखंड के पाण्डेयडीह गांव में सोमवार को धर्मांतरण को लेकर विहिप,बजरंग दल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विहिप के जिला मंत्री सुधीर कुमार ने कहा कि पूरे भारत में हिंदू धर्म व संस्कृति को नष्ट करने का षड्यंत्र चल रहा है।

भोले-भाले हिंदू ग्रामीणों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने हिंदु समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संगठन का कार्य सिर्फ हिंदू विरोधी ताकतों से लड़ना ही नहीं है, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज को मजबूत करना भी है। बैठक में पाण्डेयडीह ग्राम के सभी महिला एवं पुरुषों ने अपने धर्म एवं संस्कृति को लेकर शपथ खाई की आज के बाद कोई भी धर्मांतरण का कार्य इस गांव में नहीं होगा, अगर कोई बाहरी व्यक्ति प्रलोभन देकर किसी को धर्मांतरण के लिए आगे करता है तो हम सभी गांव के लोग प्रशासनिक कार्रवाई के लिए आवेदन दे देंगे। बैठक के दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री सुधीर कुमार, जिला गोरक्षा प्रमुख ठाकुर राकेश रंजन राजपुर के मुखिया छोटू सिंह,कैन्डीनगर मुखिया पति अमित कुमार, बजरंग दल प्रखंड संयोजक उदय चंद्रवंशी, सतीश सिंह, कमांडो रजक,और काफी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

## ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के देवरिया भुईयां टोली स्थित नवनिर्मित मकान से पुलिस ने ब्राउन शुगर पीने व पिलाने वाले तीन युवक गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान सदर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी सूरज कुमार खटिक, राजा कुमार और लिपदा गांव निवासी युगल कुमार साव के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवकों के पास से एक ग्राम ब्राउन शुगर, तीन स्मार्ट फोन, माचिस, चिलम, बिडी और दो बाइक जब्त किया गया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन की गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के देवरिया भुईयां टोली स्थित नवनिर्मित मकान में तीन युवक ब्राउन शुगर पीने व पिलाने का काम कर रहे हैं। एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठित किया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए देवरिया भुईयां टोली स्थित नवनिर्मित मकान से तीन युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल



इलाज करते चिकित्सक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में तीन अलग अलग जगहों पर हुए सड़क दुर्घटना में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पहली घटना में बीती रात्रि में बनसानी गांव के आहारा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने धक्का मारकर फरार हो गया। जिससे कुन्दन उरांव गम्भीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरी घटना में बनसानी में ही उसे एक बाईक चालक पीछे से धक्का मारकर फरार हो गए। जिसे घायलावस्था में राहगीरों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना में रेल्वे साइडिंग एचपी पेट्रोल पंप के पास काण्डी निवासी कृष्णा राम को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने जोरदार धक्का मार दिया, जिससे कृष्णा राम गम्भीर रूप से घायल हो गयाा।

## एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में जिला में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारियों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को इस ई-संजीवनी का एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण टीआरआई.एफ. रांची के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी ड. रमण कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि ई-संजीवनी भारत सरकार का टेलीमेडिसिन सेवा है, इस प्लेटफार्म के माध्यम से किसी भी भारतीय नागरिक को मुक्त स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया जाता है तथा इसका मुख्य उद्देश्य डिजिटलीकरण की मदद से उन व्यक्तियों को स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करना है, जिनके लिए अस्पतालों तक पहुंचना मुश्किल होता है। इसके साथ ही कोडरमा जिला में ई-संजीवनी सेवा में बेहतर कार्य करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को प्रोत्साहन स्वरूप उनके बेहतर कार्यो को देखते हुए प्रमाण पत्र दिया गया। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से डॉ. सुनील कुमार यादव, डॉ.नीरज कुमार साहा, डॉ. मनीष कुमार सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार, डॉ.सतनारायण भगत, डॉ. एमक़े. गुप्ता, डॉ. एक़े. रवि, डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. रविकांत सिंह, सुमन मिंज, अरविंद कुमार, सुमित कुमार सिंह, दीपाराम, महिपाल सिंह, सुनीता कुमारी, सुभाष बेरवा, महेश बुनकर, कुमारी ममता वर्मा, मेरी पुष्पा कुल्लू, ज्योति कुमारी, सुमन कुमारी गुप्ता, हाकिम सिंह, प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## बीडीओ ने किया विद्यालय का निरीक्षण



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत संचालित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय परसाबाद का बीडीओ अरूणा कुमारी ने सोमवार को निरीक्षण किया। वहीं बीडीओ ने विद्यालय के साफ सफाई, बच्चों के द्वारा बनाया गया प्रजेक्ट, विद्यालय की विधि व्यवस्था, बागान आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पाण्डेय, आलोक चौबे, शशिभूषण रजक, पंकज पाण्डेय, विरेंद्र कुमार दास, सुषमा सदन शुक्ला, अमित निराला, रमेश साव, राजेश सिंह आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत



**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ढबरिया गांव निवासी उदय चन्द्रवंशी के 26 वर्षीय पुत्र मुकेश चन्द्रवंशी की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना सोमवार की सुबह तकरीबन 11 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह अपनी बाइक से घरेलू सामान की खरीदारी करने कांडी बाजार जा रहा था। इसी दौरान वह अपने घर से कुछ ही दूर पहुंच पाया था कि मुख्य सड़क पर असंतुलित होकर बाइक के साथ गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मझिआंव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल ले जाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची मझिआंव थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। मृतक शादीशुदा युवक था।

## ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** रेड क्रॉस सोसाइटी दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी भवन चतरा में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उदघाटन उपायुक्त अबु इमरान ने झंडोतोलन कर किया। इस दौरान उपायुक्त ने ब्लड डोनेशन कैंप का निरीक्षण भी किया और रक्तदान करने पहुंचे रक्तदाताओं (अमन जैन, मोहम्मद रजा, सैलेंद्र खंडेलवाल, पवन कुमार के साथ साथ मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष शंकर खंडेलवाल, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव सुमित तिब्देवाल, राजबीर को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया।

## पुस्तकालय का कार्य जल्द से जल्द कराएं पूर्णः डीसी

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने सोमवार को अनुमंडल पुस्तकालय में चल रहे नवीकरण एवं पुस्तकालय भवन मरम्मती कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम अनुमंडल पुस्तकालय में नवीकरण कार्य एवं पुस्तकालय भवन मरम्मती कार्य का जायजा लेते हुए शीघ्र सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उक्त मौके पर शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने जानकारी दिया कि नवीकरण का कार्य कुछ उपकरणों के अधिष्ठापन के कारण नहीं हो पाया है। उपकरण अधिष्ठापन का कार्य आगामी दो दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक एवं पुस्तकालय कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## डीसी ने द्वीप प्रज्वलित कर एनीमिया विशेष अभियान कैंप का किया शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार पूरे जिले भर में स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनवाड़ी केंद्र में 08 से 20 मई तक एनीमिया के मरीजों के जांच हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार विशेष अभियान के पहले दिन उपायुक्त अबु इमरान ने सदर अस्पताल चतरा में लगाए गए एनीमिया जांच कैंप पहुंच द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा यह कार्यक्रम जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत एनीमिया का जांच किया जा रहा है एवं एनीमिक लोगों के बीच संबंधित दवाइयों का वितरण भी किया जा रहा है ताकि चतरा को एनीमिया से मुक्त किया जा सके। सभी लोग जागरूक हों और एनीमिया का जांच अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र में कराएं। पोषण तत्व से भरपूर साग सब्जियां की जानकारी आंगनवाड़ी, सेविका, सहायका, चिकित्सक से लें। उन्होंने सभी को एनीमिया से संबंधित विशेष जानकारी के लिए प्रश्न पूछने हेतु आमंत्रित किया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात राजकीयकृत मध्य विद्यालय दीवानखाना चतरा पहुंच विद्यालय के छात्र छात्राओं से मिल पठन पाठन की जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों की उपस्थित का भी जायजा लिया। इसी क्रम में राजकीयकृत मध्य विद्यालय दीवानखाना चतरा समीप आंगनवाड़ी केंद्र में चल रहे एनीमिया विशेष अभियान कैंप का भी निरीक्षण किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉक्टर श्याम नंदन सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, उपाधीक्षक डॉक्टर मनीष, प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक, प्रभारी चिकत्सक पदाधिकारी, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉक्टर आशुतोष कुमार, डॉक्टर सिंड्रेल बालमुचू समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## इलाज के दौरान युवक की मौत



मृतक की फाइल फोटो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत अन्तर्गत विद्यालय टोला में निवासी राजाराम का 24 वर्षीय पुत्र नन्दलाल सोनू उर्फ खिरू की रविवार की शाम रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। जिसका शव सोमवार सुबह सिलिदाग पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। नन्दलाल घर का एकलौता कमाऊ लड़का था। वह कानपुर में मजदूरी कर अपने घर-परिवार का पालन पोषण करता था। अभी गत दिनों पहले ही अपनी बहन की शादी के तैयारी के लिए गांव आया था। सोमवार को सिलिदाग स्थित मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर मुखिया पति दिलीप ठाकुर, प्रदीप सिंह, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, उपेंद्र ठाकुर ने मृतक के शोकाकुल परिजनों को ढाढस बढ़ाया।

## सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत



उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के पंचायत गाड़ा खुर्द निवासी बिगन राम का रविवार की रात निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार वे रात का भोजन करके बिल्कुल अच्छे से सोए थे। रात में उनके सीने में हल्का दर्द हुआ। जो बढ़ता चला गया। उन्हें इलाज के लिए जिला मुख्यालय गढ़वा स्थित हृदय रोग के एक निजी डॉक्टर के क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान सुई दवा के साथ-साथ ऑक्सीजन भी लगाया गया। लेकिन अंततः उन्हें बचाया नहीं जा सका। मालूम हो कि शिक्षक बिगन राम को आयुर्वेद की अच्छी जानकारी थी। इसके साथ साथ वे हड्डी की मोच या हड्डी का डिस्प्लेस हो जाने को थोड़ी ही देर में ठीक कर देते थे। वे वर्ष 2012 में भवनाथपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय मेरौनी से सेवानिवृत्त हुए थे। वे अपने पीछे दो लड़का पांच लड़की एवं नाती पोतों से भरा हुआ परिवार छोड़ गए हैं। डॉक्टर साहब के रूप में विख्यात शिक्षक बिगन राम का अंतिम संस्कार सोन नदी में कर दिया गया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के गढ़वा जिला अध्यक्ष रामलाला दुबे, गाड़ा खुर्द पंचायत की मुखिया आरती सिंह के प्रतिनिधि सह करणी सेना के गढ़वा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, पूर्व मुखिया श्रीकांत पांडेय, कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया एवं भाजपा नेता विनोद प्रसाद, कांडी उत्तरी क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना ठाकुर, राहुल दुबे, कमलेश राम, गणेश राम नागेंद्र राम, परशुराम, सुरेश राम, अशोक राम, पांचू राम, अजय राम, मोती राम, लालू चौधरी आदि उपस्थित थे।

## अवैध महुआ शराब कारोबारियों ने दो ग्रामीणों पर किया हमला



घायल विनीत सिंह एवं अनुप सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरडीहा।** थाना क्षेत्र के कौवाखोह गांव से सटे जंगल के समीप एक घर में अवैध ढंग से महुआ शराब भट्ठी के संचालक ने उक्त गांव निवासी संजय सिंह के 23 वर्षीय पुत्र विनीत सिंह एवं सुदर्शन सिंह के 27 वर्षीय पुत्र अनूप सिंह को मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं इस मारपीट में अवैध महुआ शराब कारोबारी मुनेश्वर यादव, धनंजय यादव पिता-पुत्र भी घायल हुए हैं। सभी चारों घायलों को मझिआंव रेफरल अस्पताल में रविवार की देर रात घायलावस्था में लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कौआखोह गांव में स्वर्गीय हरकेश यादव के पुत्र मुनेश्वर यादव के घर में लगभग दो महीने से कुछ लोगों ने मिलकर बड़े पैमाने पर अवैध देशी महुआ शराब का कारोबार किए जाने की सूचना है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार इस शराब कारोबार में लोका गांव के लोग भी शामिल हैं। इस संबंध में घायल विनीत सिंह एवं अनूप सिंह ने बताया कि मुनेश्वर यादव के घर में काफी बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब बनाने की सूचना थी और गांव में ग्रामीणों ने इसका विरोध भी जता रहे थे और रविवार की शाम इसकी सूचना बरडीहा थाना को भी दी गई। वहीं कुछ देर बाद हम दोनों मुनेश्वर यादव से इस संबंध में बातचीत करने गए हुए थे और इसी दौरान मुनेश्वर यादव एवं पुत्र धनंजय यादव गाली गलौज करते हुए हम दोनों पर टांगी और लाठी से हमला कर दिया गया। सूचना पाते ही बरडीहा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटित घटनाक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल किया। लेकिन शराब बनाने का उपकरण बरामद नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अवैध महुआ शराब भट्ठी पुलिस एवं उत्पाद विभाग के संरक्षण में चल रही है। वो भी थाना से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर बड़े पैमाने पर भट्टी चल रहा था। घटना के संबंध में बरडीहा थाना प्रभारी प्रभार पंकज सिंदुरिया ने बताया कि मारपीट की घटना की जानकारी मिली है सभी घायलों को एंज़ूरी काटकर इलाज के लिए दिया गया है, सभी का इलाज गढ़वा में चल रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा अवैध शराब भट्टी होने की सूचना दी गई थी और पुलिस जा ही रही थी तब तक मालूम चला कि वहां मारपीट हो गया है और घटनास्थल पर पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंचे थे। अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है आवेदन मिलने पर उचित करवाई की जाएगी।

## डायन बिसाही मामले में मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**डंडई।** थाना क्षेत्र के रारो के गांव के पथलाही में शुक्रवार को डायन बिसाही के विवाद में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने शनिवार को आरोपी तुलसी यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने बताया कि बीते दिन थाना क्षेत्र के पथलाही टोला में डायन-बिसाही को लेकर मारपीट हुई थी। मारपीट की घटना के बाद पीड़ित ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। कांड संख्या 23/23 के नामजद अभियुक्त तुलसी यादव को ग्राम रारो से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### बच्चा ठंडा समझकर स्प्रिट पिया अस्पताल में भर्ती

**बालूमाथ।** बरियातू प्रखंड के नचना ग्राम में रविवार की संध्या लगभग 7:30 बजे पुलीकार खलखो के 5 वर्षीय पुत्री अंजला खलखो ने कोल्डड्रिंक समझकर घर में रखें स्प्रिट को पी लिया। जिससे वह अचेत हो गया। परिजनों द्वारा अचेत अवस्था में अंजला खलखो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज की गई है। परिजनों ने बताया कि अंजला खलखो घर में खेल रही थी इसी बीच कोल्डड्रिंक समझकर घर में रखें स्पीड को पी लिया।

### जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** बारियातू प्रखंड के नावाडीह ग्राम के डगबंधी टोला निवासी सविता देवी 30 वर्ष पति अजीत लोहरा ने चूहा मारने की दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। परिजनों द्वारा सविता देवी को अचेत अवस्था में शनिवार की संध्या लगभग 7:30 बजे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज की गई। परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर सविता देवी और उसके पति अजीत लोहारा के साथ विवाद हुआ था और गुस्से में आकर घर में रखें चूहा मारने की दवा खा ली।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर बालूमाथ थाना कांड संख्या 224- 2020 के नामजद अभियुक्त रोहित यादव ग्राम पंडरिया एवं दिवाकर यादव ग्राम बुडमु को बालूमाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि दोनों अभियुक्त पर अवैध कोयला कारोबार करने के आरोप में नामजद अभियुक्त बनाया गया था। तथा पिछले 3 वर्षों से फरार चल रहे थे।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे जनसेवक


जनसेवक संघ।

**बरवाडीह।** कृषि विभाग झारखंड सरकार के द्वारा जनसेवकों की सेवा के 11 वर्षो के बाद और झारखंड राज्य तथा देश के इतिहास में पहली बार अचानक षड्यंत्र के तहत ग्रेड पे 2400 से कम करके 2000 करने का प्रयास करना सरकार के गलत मानसिककता को दशार्ता है। उक्त बातें बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित जनसेवकों ने कही। उन्होंने कहा कि हम सभी जनसेवक अपने कृषि कार्यो के अलावा नजारत, पंचायत सचिव, सांख्यकी, बीएओ और बीपीआरओ जैसे आवंटित कार्यों को भी दृढ़तापूर्वक निर्वहन किए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रेड पे को छेड़छाड़ कर स्थायी रूप से बंद करने समेत 11 सुत्री माँग एमएसीपी का लाभ देने, 4200 ग्रेड पे देने, डीडीओ परिवर्तन और बीएओ एवं समकक्ष पदों में प्रोन्नति की मांग इत्यादि को लेकर झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान में प्रखंड के सभी जनसेवक नौ मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। मौके पर जनसेवक अरविंद कुमार रवि, देवलाल राम, सतेंद्र उरांव, राकेश रोशन कुजूर, सर्वेश सिंह और सुजाता कुमारी सहित अन्य जनसेवक उपस्थित थे।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान


वाहन चेकिंग करती पुलिस।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस और लातेहार जिला परिवहन पदाधिकारी के कर्मियों के साथ मिलकर बालूमाथ थाना चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस वाहन चेकिंग अभियान में लगभग एक दर्जन वाहनों को पकड़कर 12000 रुपये की चालान काटी गई। इस वाहन चेकिंग अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के कर्मी मनीष कुमार, बालूमाथ एसआई कुबेर साब समेत पुलिस बल के कई जवान शामिल थे। वहीं बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने कहा कि बालूमाथ थाना अंतर्गत इन दिनों सड़क दुर्घटना की घटनाएं में वृद्धि हुई है। वाहन चालक हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहे हैं जिस कारण जानमाल की क्षति ज्यादा हो रही है। इसलिए वाहन चेकिंग अभियान निरंतर चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, हेलमेट व सुरक्षा के सारे मानकों को पूरा करके ही वाहन चलाएं। अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कुत्ता काटने पर देसी उपचार, मौत

**महुआडांड़।** प्रखंड के सोहर पंचायत के ग्राम पकरीपाठ निवासी निलेश मिंज पिता जूलियस मिंज की मौत पागल कुत्ते के काटने से 27 दिन बाद 7 मई देर रात को हो गई। निलेश मिंज को गाँव में 27 दिन पहले पास्का पर्व के दूसरे पागल कुत्ते ने काटा था। कुत्ते काटने के बाद गाँव में देशी उपचार हो रहा था। कुछ दिनों पहले हालात खराब होने पर महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ईलाज के लिए लाया गया था। जहाँ बेहतर इलाज के लिए मरीज को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। इस संबंध में प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो ने बताया कि मरीज की हालात काफी होने पर लाया गया था। जिससे इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। मरीज का देशी उपचार गाँव में ही चल रहा था। कुत्ते काटने के बाद एक बार भी मरीज को अस्पताल सुई के लिए नहीं लाया गया था। 21 वर्ष के निलेश मिंज महुआडांड़ के संत जेवियर कॉलेज के अकाउंट के थर्ड डिग्री के छात्र थे। मौत से घर में मातम पसरा हुआ है। जागरूकता और जानकारी के अभाव में अभी गांवों में कुत्ते व सांप काटने पर ग्रामीणों द्वारा अधिकतर देशी उपचार का सहारा लिया जाता है। जब सरकारी अस्पतालों में सांप व कुत्ते काटने पर दिये जाने वाले सुई उचित मात्रा में उपलब्ध हैं।

## एसपी को मिली गुप्त सुचना के आधार पर हुई कार्रवाई, माओवादी चढ़ा पुलिस के हत्थे

# दो लाख का ईनामी एरिया कमांडर काजेश गंझू गिरफ्तार

➲ ईनामी माओवादी के पास से एक देशी कट्टा व एक जिंदा गोली बरामद


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सुचना के आधार पर चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला से माओवादी के रिजनल कमांडर रिवंद्र गंझू दस्ता का दो लाख का ईनामी एरिया कमांडर काजेश गंझू 21 वर्ष पिता हरिशचंद्र गंझू ग्राम हेसला चंदवा निवासी को लोडेड देशी कट्टा एवं जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले को लेकर एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्ता सुचना मिली थी कि काजेश गंझू अपने घर हेसला आया है। इसके बाद एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। जिसमें काजेश गंझू को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। एसपी ने आगे बताया कि डीजीपी के निर्देश पर लातेहार पुलिस द्वारा लातेहार-लोहरदगा सीमा क्षेत्र व बूढ़ा पहाड़ में लगातार विशेष अभियान चलाकर माओवादियों को कमर तोड़ दी है। लातेहार पुलिस द्वारा नक्सलियों के कई बंकर ध्वस्त किए गए हैं। काफी संख्या में गोला बारूद, हथियार बरामद किया गया है। इस अभियान में कई नक्सलियों की गिरफ्तारी भी हुई है। कईयों ने आत्मसमर्पण किया है, तो कई नक्सलियों को मार गिराया गया है। उन्होंने कहा कि इस विशेष अभियान में पुलिस को भारी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की खात्मा तक अभियान जारी रहेगी। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

### काजेश गंझू पर विभिन्न थानों में 24 आपराधिक मामले है दर्ज

गिरफ्तार काजेश गंझू के ऊपर विभिन्न थानों में कुल 24 अपराधिक मामले दर्ज है। काजेश गंझू लातेहार, गुमला, लोहरदगा जिले में सक्रिय था। जहां हत्या, आगजनी, रंगदारी, पुलिस पर हमला जैसी कई बड़ी घटना को अंजाम दिया है। इसके उपर पेशरार थाना में पांच, किस्को में तीन, महुआडांड़, बिशुनपुर, बारेसाढ, बालूमाथ, सेरेनदाग थाना में एक-एक, गारू में दो, चंदवा में पांच, लातेहार में दो, जोबांग में दो अपराधिक मामले दर्ज है।

### छापेमारी अभियान में ये थे शामिल

छापेमारी अभियान में पुलिस निरीक्षक सह चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक जमील अंसारी, नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, कुंदन कुमार, चंदवा सैट-202 के जवान शामिल थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जनता दरबार से मिले आवेदनों की समीक्षा की गयी

### लंबित मामलों का ससमय करें निपटारा: भोर सिंह यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं को त्वरित गति से समाधान करना ही जनता दरबार का उद्देश्य है। जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें एवं शिकायत के निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को मिले, ताकि लोगों का विश्वास जिला प्रशासन पर बनी रहे। उप विकास आयुक्त कार्यालय से संबंधित आये शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त से लंबित मामलों की जानकारी ली एवं शिकायतों के निष्पादन में तेजी का निर्देश दिए। खाद्य आपूर्ति से संबंधित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को शिकायतों के निष्पादन की सूची बनाकर देने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्तर पर लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मामला किस स्तर से लंबित है। इसकी जानकारी रिपोर्ट दें। प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के क्रम में प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों का उपायुक्त ने जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में आए हुए विभिन्न विभागों के सभी लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जन शिकायत कोषांग को निर्देश दिया गया कि जिले में शिकायत से संबंधित सारे संचिकाओं का निष्पादन यथाशीघ्र की जाए। साथ ही लंबित पड़े मामले जिनका निष्पादन हो गया है उनको संचिका सूची से बाहर किया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, विंदेश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार ,जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी अजय कच्छप, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम बैठक करते डीसी व अन्य।

## मानसिक तनाव में आकर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### मृतक युवक अपने पीछे अपनी पत्नी व छोटे-छोटे चार बच्चों को छोड़ गया

➲ मृतक के परिवार वालों ने प्रशासन से लगाया मदद की गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित सिंजो पंचायत के बांड़ी गांव में दिन सोमवार को लगभग 9:00 बजे सुबह में मानसिक तनाव में आकर एक 30 वर्षीय युवक ने अपने हीं घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक युवक की पहचान जितेंद्र सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष पिता अमृत सिंह के रूप में की गई है। मृतक जितेंद्र सिंह के परिजनों ने बताया कि मृतक का मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहता था उसे कभी-कभी मिर्गी फरका जैसी बीमारियों का दौरा भी पड़ता था। फांसी लगाने से एक घंटा पहले मृतक व उसका परिवार किसी शादी समारोह में जाने वाले थे तभी मृतक ने अपने पत्नी और बच्चों को घर से बाहर निकाल कर खुद घर के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर लिया काफी देर तक जब मृतक ने दरवाजा नहीं खोला तो उसकी पत्नी एवं आसपास के लोग घर का छत तोड़कर अंदर गए तो देखा कि मृतक घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ है उसे जब तक फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया तब तक मृतक की मौत हो चुकी थी। मृतक जितेंद्र सिंह अपने घर में अकेले कमाने वाला व्यक्ति था उसकी मौत होने से उसके परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी व चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है। मृतक युवक के परिवार वाले बहुत ही गरीब हैं इस घटना के बाद पूरा परिवार प्रशासन की ओर से मदद की आस लगाए बैठे हैं। वहीं इस घटना की जानकारी आसपास के ग्रामीणों के द्वारा मनिका थाना को दी गई जिसके तुरंत बाद मनिका थाना से एएसआई राम प्रताप सिंह समेत पुलिस बल के अन्य जवान घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल कर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है।


मृतक युवक का शव।

## जनसेवक संघ का ग्रेड-पे में बढ़ोतरी को लेकर

### अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से

**चंदवा।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर झारखंड के सभी जनसेवक मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। जनसेवक संघ के रामनाथ यादव ने बताया कि सरकार द्वारा हमलोगों के ग्रेड पे को घटाने के विरोध में किया जा रहा है। ग्रेड पे में घटोत्तरी का हम सभी जनसेवक एक स्वर से विरोध जताते है। विरोध स्वरूप संघ के माध्यम से हमलोगों ने सरकार को पूर्व में ही चेतावनी दी थी। उसके बाद भी सरकार के द्वारा कोई पहल नही की गई। जिसके फलस्वरूप मंगलवार से हम सभी जनसेवक हड़ताल जाएंगे। इस अवधि में सरकारी कार्यो से हम सभी अलग रहेंगे। उन्होंने बताया कि 4 एवं 6 मई को क्रमशः जिला एवं राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमे सरकार की ओर से पहल की उम्मीद जगी थी, परंतु सरकार ने इस मामले में कोई पहल नही हुआ। उन्होंने बताया कि बीते 25 अप्रैल को कृषि निर्देशक राँची के द्वारा एक पत्र जारी कर एक वर्ष से कार्यरत जनसेवको का ग्रेड-पे घटाने हेतु जिला को सूचित किया है। जो 'जनसेवकों' के गले नहीं उतर रहा है और तब से सभी जनसेवक लगातार आंदोलनरत है। गौरतलब हो कि प्रखंड के कई जनसेवक कई विभागों के पदों में भी कार्यरत है। इस अवधि में कृषि समेत अन्य विभागों में भी कामकाज ठप होने की संभावना है। हड़ताल अवधि में प्रखंड में सरकारी कार्य को करा पाने की चुनौती बीडीओ के समक्ष उतपन्न होगी। मौके पर राहुल रंजन, लव पासवान, रंजीत यादव, अजित रंजन, स्नेहलता टोप्पो, अनिता कुमारी, मुकेश भगत, रामसागर राम समेत सभी जनसेवक मौजूद थे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की टीम ने सेंधु मुंडा के परिजनों से की मुलाकात


सेंधु मुंडा के परिजनों से की मुलाकात करती टीम।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ कहा सरकार से पीड़ित परिवार को 50 लाख मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की करेंगे मांग

**चंदवा।** बीते शनिवार को लातेहार जेल में बंद विचाराधीन कैदी सेन्धु मुंडा के संदेहास्पद मौत मामले में सोमवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन की टीम हेसला गांव पहुंची। गांव पहुंचने के बाद टीम मृतक की पत्नी रीना देवी, भाई व ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली। मामले की जानकारी लेने के बाद संगठन के झारखंड-बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला कुमारी ने कहा कि परिजनों से जो जानकारी मिल रही है उसमें यह बात स्पष्ट रूप से सामने आ रही है कि मृतक सेन्धु मुंडा की मौत किसी बीमारी से नही बल्कि पिटाई से हुई है। घटना में संलिप्त सभी दोषियों को सजा मिले, इसके लिए न्यायिक जांच की मांग जाएगी। मृतक के परिजनों के द्वारा लिखित आवेदन संगठन के नाम दिया गया है, जिसे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जाएगा। संगठन ने सरकार से मृतक के परिजनों को तत्काल 50 लाख रुपये का आर्थिक मदद व एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग करने का भरोसा मृतक के परिजनों को दिया। मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष संदीप राम, जिला सचिव विशाल कुमार पासवान, प्रखण्ड अध्यक्ष श्यामलाल पासवान प्रखंड सचिव जोगेंद्र कुमार, महिला जिला अध्यक्ष सीमा कुमारी, महिला प्रखंड अध्यक्ष गुड्डी देवी व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### रेलवे कॉलोनियों के आसपास लगा रहता है कचड़े का अंबार, सड़के खस्ताहाल


कॉलोनी के आसपास लगी गंदगी।

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे कॉलोनी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह बदहाल है। कॉलोनियों के अगल-बगल कचड़े का ढेर लगा हुआ है। गंदगी के कारण मच्छर और अन्य कीड़े मकौड़े पनप रहें है। वरीय अधिकारी जब बरवाडीह रेलवे स्टेशन व रनिंग रूम वगेरा का निरीक्षण करने आते है, तो स्टेशन परिसर और आसपास के जगहों की सफाई करा दी जाती हैं। लेकिन रेलवे कर्मचारियों की परेशानी किसी को दिखाई नहीं देती है। कॉलोनियों के आसपास झाड़ियां भी लगी हुई हैं। गंदगी और झाड़ियों की वजह से कर्मचारी और उनके परिवार के लोग बेहद परेशान रहते है, लेकिन उनकी फरियाद सुनी ही नहीं जाती है। बताया जाता है कि जब कभी बड़े अधिकारी भ्रमण में आते है या उनका दौरा तय होता है, तभी सफाई कर्मी सक्रिय नजर आते है। इसके अलावा कॉलोनी की सड़कों की स्थिति भी पूरी तरह खस्ताहाल हो गई है। साल दो साल के अंदर कॉलोनी की सड़कों को दुरुस्त कराया जाता है, लेकिन महीनों नहीं गुजरते सड़के उखड़ने लग जाती है। यही कारण हैं कि कॉलोनी की सड़कों पर आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं।

### निधारित बालू घाट से बालू उठाव करें, अन्यथा होगी कानूनी कार्रवाई : एसडीओ


बैठक करते एसडीओ।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ नीत निखिल सुरीन की अध्यक्षता में महुआडांड़ व गारू प्रखंड के सभी बालू घाट संचालित को लेकर बालू समितियों के साथ बैठक किया गया। जिसमें गारू प्रखंड से रूद व समोधटोला बालू घाट महुआडांड़ प्रखंड से सेमरबुढ़नी, अक्सी, सरनाडीह, लोध व सेमरबुढ़नी बोलता बालू घाट से बालू उठाव का निर्देश दिया। एसडीओ ने बताया कि बालू घाट संचालन से संबंधित सरकार द्वारा निर्देशों विस्तृत चर्चा तथा निर्देश दिया कि सरकार के दिशा के अनुरूप बालू घाट से बालू उठाव करें। पुल से 250 मीटर व पुलिया से 500 मीटर के परिधि से बालू उठाव करना मना है। सभी बालू घाट पर बालू उठाव से संबंधित साईन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। निधारित बालू घाट के अलावे दुसरे जगह से बालू उठाव करने पर कानूनी कार्रवाई होगी। 10 जुन से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव कार्य पूरी तरह से बंद रहेगी। बैठक में गारू सीओ शुम्भ राम, महुआडांड़ सीओ अमरेग डांग, कार्यालय अधीक्षक बज्रकिशोर तिवारी, अंचल निरिक्षक गौतम कुमार, सभी राजस्व कमी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अप्रैल मास तक पूरा करना था जल नल योजना अंतर्गत जल मीनार लगाना


जमीन पर बिखरे पड़े हुए जल मीनार लगाने से संबंधित समान।

**महुआडांड़े।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत में जल नल योजना अन्तर्गत अप्रैल माह तक सभी को हर घर में नल लगाकर पानी सप्लाई कार्य पूरी करने का निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा लातेहार आगमन के दौरान अपने भाषण में कहा गया था। इसके वावजूद गडबुढ़नी पंचायत के ग्राम चुटिया, पहाड़कापू डाड़कापू, केवरकी सहित कई अन्य गांव में जल मीनार बना कर खड़ा कर दिया गया है। कहीं तो सिर्फ टावर बनाकर काम अधूरा छोड़ दिया गया है। ग्राम पहाड़कापू में जल मीनार लगाने से संबंधित समान जमीन पर बिखरे पड़े हुए हैं। अभी तक इन गांवों में जल नल योजना अंतर्गत एक भी घर में पानी सप्लाई शुरू नहीं हुई है। जबकि सरकार द्वारा मार्च व अप्रैल माह तक सभी घरों को जल नल योजना से जोड़ देना था। इस संबंध में कई ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी बढ़ते ही जलस्तर काफी नीचे जा रहा है नदी भी सुखने के कगार पर है। मई महीने शुरू होते ही पीने के पानी का संकट गहराने लगा है। इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों व अधिकारी से करने के बाद भी इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# डीसी की अध्यक्षता में जिला योजना की समीक्षा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत वर्षवार की गई योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत वित्तीय वर्ष 2016-2017, 2017-2018, 2018-2019, 2019-2020, 2020-2021, 2021-2022, 2022-2023 से संचालित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल और कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग आदि के द्वारा जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत जिले में योजनाओं के प्रगति से उपायुक्त को अवगत कराया गया। इस क्रम में उपायुक्त ने ससमय गुणवत्ता के साथ योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी विभागों से संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को सभी पूर्ण की गई। योजनाओं की गुणवत्ता जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि विकास योजनायें आम जनता के कल्याण हेतु बनाई गई है जिन्हें धरातल पर लाना आप सभी की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय बनाकर इन योजनाओं के संचालन में अपना योगदान दें एवं ससमय योजनाओं को पूर्ण करें। बैठक में उन्होंने योजनाओं का क्रियान्वयन प्रावधानों के तहत कराने को कहा। एमएम बैठक में जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत संचालित पीसीसी पथ निर्माण, पथ के निर्माण व मरम्मती, नाला निर्माण, पुलिया निर्माण के पूर्ण एवं अपूर्ण योजनाओं कि जानकारी ली गई। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नीतीश की आज ओड़िशा में पटनायक से वार्ता 11 को मुंबई में शरद और ठाकरे से भी मिलेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के खिलाफ मिशन 2024 के तहत विपक्ष को एकजुट करने में लगे हैं। नीतीश कुमार 9 मई को उड़ीसा जा रहे हैं। वहां उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात करेंगे। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि 11 मई को महाराष्ट्र में एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात करेंगे। उन्हें भी विपक्षी दलों की होने वाली बैठक के लिए आमंत्रण देंगे। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने ने कहा कि नीतीश 9 को ओडिसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात करेंगे। उसके बाद 11 मई को महाराष्ट्र जाएंगे महाराष्ट्र में एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात करेंगे। नीतीश कुमार विपक्षी एकजुटता को लेकर प्रयास में जुटे नीतीश कई विपक्षी नेताओं से मिल चुके हैं और कईयों से मिलना अभी बाकी हहै।

**तीनों नेताओं से हो चुकी है बातचीतः** जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि ऐसे तीनों नेताओं से मुख्यमंत्री ने टेलीफोन से बातचीत कर ली है अब मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे। कर्नाटक चुनाव के बाद बिहार में विपक्षी दलों की बैठक हो सकती है। जदयू के मंत्री संजय झा ने भी पिछले दिनों कहा था कि बैठक संभव है और उसके बाद विपक्षी एकता की मुहिम और तेज होगी। मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार की ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक और महाराष्ट्र के शरद पवार और उद्धव ठाकरे से टेलीफोन पर बात हो गई है। विपक्षी एकजुटता के लिए लिए मुहिम तेज कर दी गई है।

**विपक्षी दलों का गठबंधन बनाने की वकालत की थीः** विपक्षी एकता को लेकर कुछ दिन पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और यूपी पूर्व सीएम अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों का गठबंधन बनाने की वकालत की थी। दोनों क्षेत्रीय नेताओं ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए मिलकर तैयारी करने की जरूरत पर जोर दिया था। इस मुलाकात को सीएम नीतीश कुमार ने सकारात्मक बताया था।

**विपक्षी एकजुटता की मुहिम होगी तेजः** सोमवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा मुहिम विपक्षी एकजुटता की तेज होगी। ओडिशा से सीएम से मुलाकात करने के बाद सीधे महाराष्ट्र जाएंगे और विपक्षी दलों की होने वाली बैठक के लिए आमंत्रण देंगे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में दो नेता हैं। एक एसीपी के शरद पवार और उद्धव ठाकरे से मुलाकात करेंगे।

**ओडिशा सीएम से मुलाकात के मायनेः** नवीन पटनायक हमेशा से केंद्र की मोदी सरकार के फैसलों के साथ रहे हैं। अगर नीतीश कुमार उन्हें साधने में सफल रहते हैं तो ये तीसरे मोर्चे के लिए बड़ी जीत होगी। नवीन पटनायक भारतीय राजनीति का ऐसा फेस रहे हैं जिन्होंने देश में न्यूटल राजनीति करने के लिए जाना जाता रहा है। लेकिन जिस तरह से बीजेपी हाल के वर्षों में ओडिशा में कैप्चर कर रही है, उससे डर है कि बीजेपी जल्द ही ओडिशा में भी काबिज हो जाएगी। इसलिए जानकारों के मुताबिक ये माना जा रहा है कि इसी गैप का फायदा उठाकर नीतीश कुमार ओडिशा में एंट्री लेना चाह रहे हैं। देखना ये है कि इस मुलाकात के बाद क्या नया समीकरण देखने को मिलेगा?

## एक नजर में

### प्रधान जिला जज के खिलाफ उच्च न्यायालय में शिकायत करेगी अधिवक्ता संघ, निर्णय पारित

**दुमका।** प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा के खिलाफ सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ की आकस्मिक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रधान जज श्री मिश्र के लिखाफ प्रस्ताव पारित करते हुए मामले को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, जोनल जज एवं स्टेट बार काउंसिल को लिखित शिकायत करने का निर्णय लिया गया। गौरतलब हो कि संघ के 7 बार महासचिव रह चुके वरीय अधिवक्ता सुबोध चंद्र मंडल ने 25 अप्रैल को अधिवक्ता संघ से लिखित शिकायत करते हुए प्रधान जज अनिल कुमार मिश्रा पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया था। लिखित शिकायत में पूर्व महासचिव ने बताया कि 24 अप्रैल को एक सत्र वाद में गवाह के जिरह के दौरान उनके साथ प्रधान जज ने दुर्व्यवहार करते हुए अपमानजनक शब्दो का प्रयोग किया था। जिससे आहत होकर वे जिरह छोड़कर चले गये। अधिवक्ता श्री मंडल के शिकायत पर संघ की तीन सदस्यीय कमेटी ने प्रधान जज से वार्ता भी किया। उसके बाद घटना के दिन प्रधान जज के न्यायालय में मौजुद अधिवक्ताओं का बयान दर्ज किया गया। उनके द्वारा घटना की पुष्टि की गई। जिसके बाद अधिवक्ता संघ के कार्यकारिणी समिति की बैठक में सात सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच कराई गई। जांच कमेटी ने भी घटना से संबंधित रिपोर्ट सौप दी। संघ की कार्यकारिणी समिति ने मामले को अग्रतर कार्रवाई के लिए संघ की आमसभा की बैठक में भेजने का निर्णय किया गया। उक्त निर्णय के आलोक में आज बैठक आयोजित हुई। बैठक में संघ उपाध्यक्ष कमल किशोर झा, महासचिव राकेश कुमार, संयुक्त सचिव सोमनाथ डे समेत स्टेट बार काउंसिल के सदस्य वरीय अधिवक्ता गोपेश्वर प्रसाद झा समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

### फूलो झानो मेडिकल कालेज के छात्रों ने भी किया रक्तदान

**दुमका।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी के स्थापना दिवस और थैलेसीमीया दिवस पर सोमवार को रेड क्रॉस सोसायटी के दुमका शाखा द्वारा 'थैलेसीमिया विशेष रक्तदान शिविर' का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ अमरेंद्र कुमार यादव, वाइस चेयरमैन डॉ राजकुमार उपाध्याय के अलावा फूलो झानो मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के छात्रों ने भी रक्तदान किया। रक्तदान करनेवालों में आफताब आलम, रमन राय, बीपेश उरॉव, अमर्त्य गांगुली, अमित कुमार घोष, कुंदन, निर्मल केन टुडू भी शामिल थे। सोसायटी के सचिव सह बाल कल्याण समिति के चैयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि थैलेसीमिया मरीजों की रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष रक्तदान शिविर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि दुमका ब्लड बैंक से लगभग 50 थैलेसीमिया मरीज जुड़े हुए हैं जिनको हर महीने या महिने में दो बार रक्त की जरूरत होती है। कई बार थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे के रक्त के लिए अभिभावक के भटकने की खबरें आती हैं क्योंकि रक्तदान शिविरों की संख्या में कमी आयी है।

# एसकेएमयू के एनएसएस का सात दिवसीय शिविर संपन्न




समापन समारोह में उपस्थित समन्वयक एवं स्वयंसेवक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना पीजी इकाई 1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अजय शुक्ल के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्र उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक डॉ मिश्र ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाजहित में काम करें। इस अवसर पर डॉ. अमीर हसन एवं डॉ राजेश प्रसाद ने भी अपने विचार रख स्वयंसेवकों के कार्यो की प्रशंसा की। इस अवसर पर रवि हांसदा, बिनोद किस्कू, चांदनी कुमारी, रूमी सहा, मैरीवीना हांसदा, अशोक पंडित, सुजीत कुमार, अनिल कुमार, सुरेश सोरेन, तपन कुमार दत्ता, मनीषा कुमारी, पानमुनि मुर्मू, नेहा कुमारी, स्नेहा कुमारी, रेणुका मरांडी, लाल बिहारी हेंब्रम आदि मौजूद थे।

## आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# नोटिस जारी कर 2 हफ्तों में केंद्र-राज्य से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार के बाहुबली नेता आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आनंद मोहन, बिहार सरकार और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत ने दो हफ्तों में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सरकार से रिहाई से जुड़े रिकॉर्ड पेश करने को कहा है। दरअसल डीएम जी कृष्णैया की हत्या के मामले में 14 साल की सजा पूरी होने पर आनंद मोहन को 27 अप्रैल को रिहा कर दिया गया था। हालांकि इससे पहले सरकार ने रिहाई से जुड़े नियमों में संशोधन किया था। वहीं रिहाई के तुरंत बाद 29 अप्रैल को डीएम जी कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया ने इस रिलीज को चुनौती दी थी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में आनंद मोहन की रिहाई को गलत ठहराया है और उन्हें वापस जेल भेजने की मांग की है।



### रिहाई के खिलाफ याचिका पर सुनवाई

आपको बता दें कि बिहार सरकार ने जेल मैनुअल में बदलाव किया था, जिसके बाद 27 अप्रैल को आनंद मोहन सिंह को सहरसा जेल से रिहा कर दिया गया। इसके बाद डीएम कृष्णैया की पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में इस रिहाई के खिलाफ याचिका दायर की, जिसे कोर्ट में स्वीकार कर लिया गया। कृष्णैया की पत्नी ने कहा कि उन्हें कोर्ट पर पूरा भरोसा है। सर्वोच्च न्यायालय निश्चित रूप से हमारे साथ न्याय करेगा। आनंद मोहन की रिलीज के दिन ही उमैया ने कहा था कि यह वोट बैंक की राजनीति है। बिहार सरकार ने राजपूत वोटों के लिए आनंद मोहन को रिहा कर दिया है।

**क्या है मामलाः** दरअसल डीएम जी कृष्णैया की हत्या के मामले में आनंद मोहन को हाईकोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। बाद में इसे आजीवन कारावास की सजा में बदल दिया गया। नियमावली के मुताबिक सरकारी कर्मचारी की हत्या के मामले में दोषी को मृत्युपर्यंत जेल यानी 20 साल की सजा काटनी होती है। आनंद मोहन 14 साल की सजा काट चुके हैं। नीतीश सरकार ने 10 अप्रैल को जेल मैनुअल में बदलाव कर दिया, जिसके बाद सरकारी कर्मचारी की हत्या का मामला भी आम हत्या की श्रेणी में आ गया। इस बदलाव के बाद आनंद मोहन की रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आपको बता दें कि बीते जनवरी महीने में ही पार्टी के एक कार्यक्रम में मंच से नीतीश कुमार ने यह संकेत दिया था कि वे आनंद मोहन को बाहर लाने की कोशिश कर रहे हैं।

## पेज 1 का शेष

### एमएसएमइ के लिए...

सीएम ने कहा कि झारखंड एक ऐसा प्रदेश है, जहां आजादी से पहले से ही उद्यमियों की नजर रही है। चाहे वह टाटा, बिरला हो अथवा कोल कंपनियां हो, चाहे अलग-अलग तरीके के औद्योगिक घराने हों। देश में उद्योग के क्षेत्र में क्रांति लाने वाली एचइसी भी झारखंड में ही स्थापित है। देश का पहला फर्टिलाइजर फैक्ट्री भी झारखंड में ही लगा। सैकड़ों वर्षों के सफर में झारखंड को औद्योगिकरण के क्षेत्र में जहां खड़ा होना चाहिए था, वैसा आज नही दिख रहा है। फिर भी हमारी सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए लगातार कदम उठा रही है। **उद्योगों को बढ़ावा देने की सभी क्षमता मौजूद :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में उद्योग को बढ़ावा देने की सभी क्षमता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ खनिज संपदा एवं मेहनतकश लोग हैं, फिर भी हम अन्य राज्यों की अपेक्षा औद्योगीकरण के मामले में क्यों पिछड़ गये हैं। उन्होंने कहा कि किस प्रकार इस राज्य को आने वाले समय में एक बेहतर दिशा देकर देश के अग्रणी राज्यों में शामिल कर सकें, इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एग्रीकल्चर के क्षेत्र में भी सकारात्मक कार्य करे। **बेहतर उद्योग नीति बनायी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने एक बेहतरीन उद्योग नीति बनाने का कार्य किया है। आज कई छोटे-बड़े कॉरपोरेट घरानों ने यहां निवेश की इच्छा जतायी है। जमशेदपुर में एक बड़े कॉरपोरेट सेक्टर ने औद्योगिक इकाई स्थापित करने निमित्त शिलान्यास किया है। सरकार चाहती है कि एमएसएमइ उद्योग को राज्य में बढ़ावा मिले। इसी के लिए औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए 25 प्रतिशत सब्सिडी देने का कार्य कर रही है। उद्योग की बेहतरी के लिए झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स कि कोई अच्छी योजना हो तो हमारी सरकार सब्सिडी बढ़ाकर 35 से 40 प्रतिशत भी करने पर विचार करेगी। समारोह में राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने को लेकर कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लायी हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग और समुदाय को मिले। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उनकी एक लाइव पोट्रेट तस्वीर सप्रेम भेंट की गयी। समारोह में सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री सहित सभी सदस्य और बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद थे।

### 10 लाख के इनामी...

जिन पांच नक्सलियों ने सरेंडर किया है, उनमें से एक के ऊपर दस लाख और दूसरे के ऊपर पांच लाख का इनाम घोषित था। इससे पहले बीते चार मई को 15 लाख के इनामी भाकपा माओवादी कमांडर इंदल गंझू ने सरेंडर किया था। इन सभी नक्सलियों के पास से दो एके 56, एक एसएलआर, एक इंसास रायफल, दो रायफल, 1856 जीवित कारतूस, अलग-अलग हथियारों के 41 मैग्जीन, 16 वायरलेस सेट, आइइडी बनाने के पाउडर शामिल हैं। इधर, रांची पुलिस ने प्रतिबंधित पीएलएफआई संगठन के एरिया कमांडर राजेंद्र यादव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी राइफल बरामद किया है। वहीं लातेहार पुलिस ने दो लाख के भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर काजेश गंझू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक लोडेड देशी कटटा बरामद किया है।

### चैट व ट्रांजेक्शन...

इडी के समन कर सोमवार वह सुबह करीब पौने ग्यारह बजे वे इडी कार्यालय पहुंचे। श्री अग्रवाल ने जांच अधिकारियों से कहा कि वे बीमार हैं। उनका हाल ही में ऑपरेशन हुआ है। उन्हें पेट में दर्द है, उन्हें जाने दिया जाय। करीब तीन घंटे तक इडी ने उनके ठीक होने का इंतजार किया। फिर भी जब उन्होंने खुद को पूछताछ के लिए असहज बताते हुए असमर्थता जतायी को इडी ने उनसे एक पेपर पर अपनी परेशानी लिखने के लिए कहा। इसके बाद विष्णु अग्रवाल ने पेपर पर लिखा कि बिना पूछताछ के ही वे जा रहे हैं। ठीक होने के बाद वे इडी के समक्ष उपस्थित होंगे। करीब दो बजे तक वे इडी कार्यालय से चले गये। **अग्रवाल पर फर्जीवाड़ा के हैं कई आरोप :** विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री का आरोप है। उनपर कोलकाता के रजिस्ट्री कार्यालय से मूल डीड निकालकर उसके रैयत के नाम में छेड़छाड़ कर, फर्जी पेपर डालकर उसके आधार पर रजिस्ट्री करवाने का आरोप है। इसके लिए विष्णु अग्रवाल ने किसको-किसको फंडिंग की, किसका-किसका सहयोग लिया, इन सभी बिंदुओं पर उनसे पूछताछ होनी थी, लेकिन नहीं हो सकी। छवि रंजन को इडी ने छह दिनों के रिमांड पर लिया है। पहले दिन रविवार को इडी की टीम उन्हें 12 बजे रांची जेल से लेकर अपने दफ्तर इसके बाद छवि रंजन से पूछताछ शुरू हुई। पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों ने जब छवि रंजन से प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल से उनके संबंधों के विषय में पूछताछ की थी, तब छवि रंजन ने दोनों से किसी भी तरह के परिचय से ही इनकार कर दिया था।

### पदस्थापित एसआई पर अभद्रता का आरोप लगा एसपी से की शिकायत

**दुमका।** जिले के जरमुंडी थाना में पदस्थापित एसआई के लिखाफ एसपी को लिखित शिकायत कर एक महिला ने न्याय की गुहार सोमवार को लगायी है। थाना क्षेत्र के बलाथर गांव निवासी टुनटुन देवी, पति मनोज कुमार यादव ने एसआई योगेंद्र शर्मा पर जबरन फोटो खींचने और वायरल करने का आरोप लगायी है। लिखित आवेदन में पीड़िता ने बताया कि बीते 29 मई को अपने भाई के खिलाफ शिकायत करने पहुंची थी। लेकिन एसआई ने अभ्रद व्यवहार करते हुए फोटो खिंच वायरल करने का धमकी दिया। यहां बता दें कि पीड़ित महिला अपने नाम पर लोन पर बाईक खरीद भाई को दी थी। भाई द्वारा बैंक लोन की किस्त नहीं भरा जाने लगा। लोन के किस्त को लेकर बैंक अधिकारी द्वारा कई बार महिला पर दबाब डाला गया। बाद में भाई के द्वारा किस्त नहीं जमा करने की शिकायत को लेकर महिला थाना पहुंची थी। मामले में आरोपी एसआई योगेंद्र शर्मा ने आरोपों से इंकार करते हुए कहा कि महिला थाना पहुंची थी। मामले को लेकर थाना प्रभारी से शिकायत को लेकर कहा गया।

## गुजरातियों को ठग कहने का मामला

# तेजस्वी के खिलाफ 21 को अहमदाबाद कोर्ट में सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** आपराधिक मानहानि केस में आज बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के खिलाफ अहमदाबाद की मेट्रो कोर्ट में सुनवाई हुई। 21 मई को फिर अहमदाबाद की कोर्ट ने नई तारीख दे दी है। अब 21 मई को अदालत ने तथ्यों के आधार पर जांच के बाद निर्णय लेगी कि तेजस्वी के खिलाफ मानहानि का केस बनता है या नहीं। अगर मामला मानहानि का बना तो बिहार के उपमुख्यमंत्री को समन भी जारी हो सकता है। उन पर गुजरातियों को ठग बताने का आरोप है। पिछली सुनवाई एक मई को हुई थी।

**तेजस्वी के खिलाफ आपराधिक मानहानि का केसः** तेजस्वी के खिलाफ कारोबारी हरेश मेहता ने अपर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डीजे परमार की कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी। 21 मार्च को आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत आपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद



कोर्ट ने सुनवाई के लिए एक मई की तारीख तय की थी। बाद में 8 मई को अगली सुनवाई की तिथि मुकर्रर की गई। दरअसल तेजस्वी यादव पर आरोप है कि उन्होंने बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुजरातियों को ठग कहा था। अपने बयान में उन्होंने कहा था, 'वर्तमान में जो हालात हैं, उसे देखा जाए तो सिर्फ गुजराती ही ठग होते हैं और उनको माफ भी कर दिया जाता है।' ये बात उन्होंने तब कही थी जब बैंकों का पैसा लेकर भागने वाले हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी का नाम इंटरपोल के रेड नोटिस से हटा दिया गया था।

## 90 घंटा का सर्टिफिकेट कोर्स छह माह तक सप्ताह में तीन दिन होगा वर्ग संचालित

# एसकेएमयू के संताल अकादमी में संताली स्पोकन कोर्स की शुरुआत





द्वीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते कुलपति व अन्य, उपस्थित शिक्षक एवं छात्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के संताल अकादमी के तत्वाधान में संताली स्पोकन कोर्स का सोमवार को विधिवत मिनी कांफ्रेंस हॉल में उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुरूआत अमर शहीद सिदो कान्हू मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर विश्वविद्यालय कुलगीत से हुआ। उद्घाटन के मुख्य अतिथि उपायुक्त रविशंकर शुक्ला उपस्थित रहे। मंचासिन अतिथियों को बुके देकर स्वागत व सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ सुजीत कुमार सोरेन ने किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ चंपावती सोरेन ने कोर्स के पाठ्यक्रम पर प्रकाश डाली। उन्होंने कहा कि यह कुल 90 घंटा का कोर्स है और पाठ्यक्रम बहुत ही सहज बनाया गया है।

कोर्स में दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राएं बहुत ही सरलता से संताली सीख सकते हैं और बोल सकते हैं। आम बोलचाल एवं सभी जगह उपयोग में आने वाले शब्द एवं भाषा का समावेश इस सिलेबस में शामिल हैं। निश्चय ही यह कार्यक्रम संताल परगना एवं झारखंड में लाभदायक साबित होगी। कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ सोना झारिया मिंज ने उपायुक्त रविशंकर शुक्ला का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कोर्स संताल परगना और झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यहां डिग्री के पढ़ाई तो होती ही है। इसके साथ ही संताल अकादमी के द्वारा इसका पहल करना यहां के संताली भाषा प्रेमियों के लिए हर्ष का विषय है। यह संताल बहुल इलाका है। यहां कई पदाधिकारी ऐसे हैं जो संताली में संवाद नहीं कर सकते हैं। उनके लिए यह सबसे अच्छा अवसर है कि संताली भाषा कोर्स में दाखिला प्राप्त करके संताली भाषा सीखे और यहां के लोगों के साथ संताली भाषा में बात करें।

## अचानक चलने में दिक्कत, जबान का लड़खड़ाना, चेहरे पर पॉलिस, आंख की कमजोरी हैं स्ट्रोक के लक्षण

# अगर शीघ्र सावधानी बरती गयी तो स्ट्रोक नहीं है जानलेवा: डॉ संजीव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** ब्रेन, स्ट्रोक, स्पाइनल, पार्किंसन, लकवा, मिर्गी, चलने में दिक्कत, नसों और मसल्स में दिक्कत,एक आंख से दिखाई देना, एक ही वस्तु दो-दो दिखाई देना जैसी समस्या में से किसी एक या उससे ज्यादा तकलीफ से प्रायः लोग ग्रसित हो रहे हैं।

इन बीमारियों के बारे में यहां तक कहा जाता है कि इनमें से किसी परेशानी के ग्रस्त व्यक्ति जिंदगी भर दवा पर आश्रित हो जाता है और उसे हर क्षण मौत की घण्टी सुनायी देती है। लेकिन ऐसा नहीं है। यह दावा है देश की राजधानी दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में लंबे समय तक इन रोगों का इलाज करने वाले न्यूरोलॉजिस्ट डॉ संजीव कुमार शर्मा का। फिलवक्त झारखंड की राजधानी रांची के पारस हॉस्पिटल से एसोसिएट डॉ शर्मा गढ़वा के चिनिया रोड स्थित क्लिनिक ऑन स्क्रीन में प्रत्येक महीने के तीसरे रविवार को इस क्षेत्र के मरीजों के लिए उपलब्ध हुए हैं। न्यूरो समस्या से बचे रहने के सवाल पर एम्स से अनुभव प्राप्त मस्तिष्क और नस रोग विशेषज्ञ डॉ शर्मा ने कहा कि न्यूरो से सम्बंधित कई बीमारियां होती है। इसमें एक महत्वपूर्ण बीमारी है स्ट्रोक। इससे बचने के लिए सुगर और बीपी का आदर्श कंट्रोल बहुत जरूरी है। लेकिन इसके इरिवरसेबल कारण हैं बढ़ते उम्र। बढ़ते उम्र के कारण हर्ट की कंडक्सन चैनल गड़बड़ हो जाती है। इस कारण अचानक हर्ट में क्लॉट बन जाता है और वह ब्रेन में चला जाता है। जो मौत का कारण बन जाता है।



इलाज करते डॉ संजीव कुमार शर्मा

**कम उम्र में स्ट्रोक का कारण और निदान :** डॉ शर्मा ने कहा कि आज 40-45 वर्ष से कम उम्र के लोग भी स्ट्रोक का शिकार बन रहे है। इसका प्रमुख कारण शुगर, बीपी, मोटापा, स्मोकिंग और अल्कोहल है। अपने लाइफ स्टाइल को बदलकर और स्मोकिंग-अल्कोहल को त्याग कर इससे बचा जा सकता है।

**स्ट्रोक नहीं है जानलेवा :** डॉ संजीव ने कहा कि स्ट्रोक की बीमारी जानलेवा नहीं है बशर्ते इसे ठीक से समझ लें। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक आने पर अक्सर लोग मरीज को बीपी की दवा और पानी दे देते है। यह दवा और पानी सांस की नली में चली जाती है और निमोनिया हो जाता है। वहीं मौत का कारण भी बन जाता है।

**बचाये जा सकते हैं स्ट्रोक के 80 प्रतिशत मरीज :** डॉ संजीव ने कहा कि स्ट्रोक आने के साढ़े चार घण्टे के अंदर इलाज शुरू होने पर 70 से 80 प्रतिशत मरीजों को बचाया जा सकता है।

उन्होंने वेहोश हुए स्ट्रोक के मरीजों के मुंह में चम्मच, अंगुली अथवा अन्य पदार्थ नहीं डालने की सलाह दी। उन्होंने ऐसे मरीजों को बाएं करवट सुलाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से मरीज की लार सांस की नली में नहीं जा पाती है। इस विधि से मरीजों की मरने की संभावना 50 प्रतिशत कम हो जाती है। डॉ शर्मा ने मिर्गी के मरीजों पर अपने अनुभव को बताते हुए कहा कि इस बीमारी के कई प्रकार हैं। कई मरीज चार-चार, पांच-पांच दवा खाते हैं फिर भी मिर्गी ठीक नहीं होती है। जरूरत है उन्हें वास्तविक दवा की। यह मरीज के परीक्षण से पता लगाया जा सकता है।

**जीवनदायी साबित हो रहा है क्लिनिक ऑन स्क्रीन :** उन्होंने कहा कि गढ़वा का क्लिनिक ऑन स्क्रीन जटिल रोग से ग्रसित मरीजों के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है। वह स्वयं यहां उपलब्ध व्यवस्था से प्रभावित हैं। वह प्रत्येक महीने से तीसरे रविवार को इस क्लिनिक में मरीजों का इलाज करेंगे। यह क्लिनिक मरीजों की हर सुविधा उपलब्ध कराने में सक्षम है।

स्पीड न्यूज

## मोचा को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नयी दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में मोचा तूफान ने रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग ने इसे लेकर तटीय क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में भारी बारिश की संभावना के साथ आंध्र प्रदेश में तीन दिन बारिश का अनुमान जताया है। वहीं, ओडिशा के 18 जिलों में भी चक्रवाती तूफान को लेकर चेतावनी जारी की गयी है।

## अजमेर से असम के निलंबित आइएएस गिरफ्तार

**अजमेर।** असम स्टेट काउंसलिंग ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एससीइआरटी) में 105 करोड़ रुपये के कथित घोटाले मामले में निलंबित आइएएस, उनका दामाद और ठेकेदार को असम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों को असम ले जाने के लिए ट्रांजिट आवेदन के लिए कोर्ट में आवेदन दिया है।

## कश्मीर घाटी में आया 3.1 तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में सोमवार को भूकंप का झटका महसूस किया गया है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 रही। हालांकि, भूकंप के कारण कहीं से भी किसी भी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

## आरएसएस का शिक्षा वर्ग तृतीय वर्ष शुरू

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तृतीय वर्ष संघ शिक्षा वर्ग का सोमवार को नागपुर स्थित डॉक्टर हेडगेवार स्मृति मंदिर परिसर स्थित महर्षि व्यास सभागार में शुभारंभ हुआ। आरएसएस के सहसरकार्यवाह और वर्ग के पालक अधिकारी रामदत्त ने कहा कि संघ शिक्षा वर्ग एक प्रकार की साधना है।

## कुलगाम में बर्फबारी, 8 पर्यटकों समेत 10 फंसे

**कुलगाम।** जम्मू एवं कश्मीर में कुलगाम जिले के काजीगुंड इलाके में अचानक हुई बर्फबारी के चलते सोमवार को 10 लोग बी-टॉप के पास फंस गये हैं। इनमें अंडमान और निकोबार के 8 पर्यटक, वाहन का चालक और उसका सहायक शामिल हैं। उन्हें बचाने के लिए एक टीम मौके पर भेजी गयी है।

## अमृतसर के विरास्ती मार्ग पर फिर धमाका

**चंडीगढ़।** अमृतसर के विरास्ती मार्ग पर सोमवार सुबह फिर से धमाका होने से लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। पिछले 36 घंटे में अमृतसर के विरास्ती मार्ग पर दूसरी बार धमाका हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पहला राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन मुंबई में

**भोपाल।** देश में पहली बार आयोजित होने जा रहा राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन 15 जून से मुंबई में प्रारंभ होगा, जो 17 जून तक चलेगा। इसमें लगभग 4300 विधायकों को आमंत्रित किया गया है।

# रक्षा मंत्री ने भारत का पहला वायु सेना हेरिटेज सेंटर राष्ट्र को किया समर्पित

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को चंडीगढ़ में भारत का पहला वायु सेना हेरिटेज सेंटर राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र उन सभी के साहस और समर्पण का वसीयतनामा है, जिन्होंने भारतीय वायु सेना में सेवा कर राष्ट्र की रक्षा में अमूल्य योगदान दिया है। यह अद्भुत पहल भारतीय वायु सेना की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के साथ युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी।

इस केंद्र में पाकिस्तान के साथ 1965, 1971 और कारगिल युद्ध, बालाकोट हवाई हमले सहित विभिन्न युद्धों में भारतीय वायु सेना की यादगार भूमिका को भित्ति चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। 17,000 वर्ग फुट में फैला यह सेंटर देशवासियों के लिए बड़ा आकर्षण होगा। इस हेरिटेज सेंटर की स्थापना केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और भारतीय वायुसेना के बीच एक समझौता ज्ञापन के तहत की गयी है, जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर किये गये थे।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हेरिटेज सेंटर के मुख्य हाल का उद्घाटन करने के बाद हेरिटेज म्यूजियम का दौरा किया। उन्होंने पार्किंग एरिया में लगाए मिग-21 के कॉकपिट पर बैठकर जायजा लिया। इसके बाद वे हेरिटेज सेंटर के लॉन एरिया में बनायी सोवेनियर शॉप को भी देखा और एचपीटी-32 एयरक्राफ्ट का जायजा लिया। उन्होंने एयरक्राफ्ट मिग-23 के साथ फोटो सेशन में भी हिस्सा लिया। इसके बाद यहीं से शहर को तीन अलग-अलग प्रोजेक्टों की सौगात दी। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीवी चौधरी ने इस हेरिटेज सेंटर की प्रगति की समीक्षा करने के लिए पिछले महीने दौरा किया था। अधिकारियों ने कहा कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा, जो भारतीय वायु सेना की अदम्य भावना को प्रदर्शित करेगा। इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और चंडीगढ़ की सांसद किरण खेर भी मौजूद थीं।

## सुकमा में सुरक्षाबलों ने इनामी नक्सली दंपती को किया ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के भेजी थाना क्षेत्र में दंतेशपुरम के जंगल में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में इनामी नक्सली दंपती को मार गिराया है। घटनास्थल से सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार एवं नक्सल सामग्री बरामद की है। बताया गया कि नक्सली गोलापल्ली एसओएस कमांडर मडकम एर्रा पर आठ लाख रुपये और महिला नक्सली एर्रा की पत्नी पोडियम भीमे पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### फिल्म 'द केरला स्टोरी' पर बोले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

# धर्मांतरण के भयावह नेक्सस का करती है पर्दाफाश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 'द केरला स्टोरी' फिल्म देखने के बाद प्रतिक्रिया देते हुए इसे धर्मांतरण के भयावह नेक्सस का पर्दाफाश करने वाली फिल्म बताते हुए वैश्विक आतंकवाद के खतरनाक षड्यंत्र से बचने के लिए हर बहन-बेटी को यह फिल्म देखने की बात कही है।



### बंगाल में द केरला स्टोरी के प्रदर्शन पर रोक

**कोलकाता।** लव जिहाद पर बनी फिल्म द केरला स्टोरी को पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है। सोमवार को राज्य सचिवालय में मीडिया से मुखातिब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसकी घोषणा की। उन्होंने मुख्य सचिव हरि कृष्ण द्विवेदी को भी इस संबंध में विशेष निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए द केरला स्टोरी का प्रदर्शन बंद रहेगा।

### बंगाल में फिल्म को बैन करना वहां की बहन-बेटियों के साथ अन्याय

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में फिल्म को बैन कर ममता बनर्जी ने वहां की बहन बेटियों के साथ अन्याय किया है। ममता बनर्जी के राज्य में एक मासूम बच्ची के साथ बलात्कार कर जिस तरह से घसीट कर उसे ले जाय जाता है, वो हमें शर्मसार करता है। ऐसी ही सोच से उन आतंकवादियों को बल मिलता है। उन्होंने कहा, आतंकवाद के खिलाफ तो कम से कम पूरे देश को एक साथ आना चाहिए। यह समझ से परे है कि इनकी हमदर्दी आतंकवाद का शिकार हुए केरल की इन मासूम बच्चियों से न होकर आतंकी संगठनों से क्यों है। आज सारा देश एक स्वर में इनसे पूछना चाहता है कि आतंकवाद पर केंद्रित एक फिल्म से इन्हें इतनी दिक्कत क्यों है? जिन्हें यह फिल्म अजेंडा-प्रोपोगंडा लगता है, आतंकवाद के ऐसे पैरोकारों से मैं कहना चाहता हूं कि आज देश का बच्चा-बच्चा केरल की कहानी जानना चाहता है, जिसे आप छुपाते रहे हो।

अनुराग ठाकुर ने कहा, केरला स्टोरी सच्चाई को सामने रखने का एक प्रयास है। ये फिल्म हमे झकझोरने वाली है। जब आपके सामने ये सच्चाई आती है कि कैसे भारत की मासूम बेटियों को प्यार के जाल में फंसा कर आतंकवादी संगठनों के लिए रिक्रूटमेंट किया जाता है। इस फिल्म के माध्यम से देश के खिलाफ वर्षों से चल रहे षड्यंत्र का पदार्फाश हुआ है। पहली बार किसी फिल्म ने केरल में चल रहे वैश्विक आतंकवाद के खतरनाक षड्यंत्र को इतने मुखरता से साथ पूरे भारत और विश्व को दिखाया है।

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से कांग्रेस और वामपंथ जिस सच को देश से झुठला रहे हैं, वह आज हमारे सामने आ चुका है। यह महज एक फिल्म नहीं है, यह एक दस्तावेज है, जो हमें भारत के विरुद्ध वैश्विक आतंकी संगठन आइएसआइएस जैसे संगठनों के नापाक साजिशों का पर्दाफाश करती है। हमें आगाह करती है कि कैसे हम अपने बहन, बेटियों, बच्चों को आतंकवाद के इस राक्षस से बचायें।

अनुराग ठाकुर ने कहा, तुष्टिकरण की राजनीति करते करते कांग्रेस और वामपंथी इस हद तक नीचे गिर गये हैं कि वे केरल में दशकों से चल रहे आतंकी साजिशों के बचाव में दुष्प्रचार पर उतर गये और कोर्ट तक भी गये। कांग्रेस और वामपंथी बतायें कि भारत के मासूम बच्चियों के साथ खड़े हैं या विरोध में हैं। आतंकवादी संगठनों को एक्सपोज करने के इस प्रयास के साथ खड़े हैं या विरोध में हैं। क्या भविष्य में ऐसे रिक्रूटमेंट ड्राइव ना हों, बच्चियों को अपने जाल में ना फंसाया जाये, उसके साथ खड़ी हैं या खिलाफ खड़ी हैं?

उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के माध्यम से केरल की अनगिनत मासूम बहन-बेटियों को आतंकवाद के दलदल में फेंक दिया गया। यह महज उनकी, उनके मां-बाप और परिवार की कहानी नहीं है। यह उन ऐसे भारतीयों की कहानी है, जो अपने देश से प्यार करते हैं देश को आतंकवाद से बचाना चाहते हैं। ये फिल्म वास्तविकता पर प्रकाश डालती है कि कैसे भारत की बेटियों को बहलाकर-फुसलाकर, प्यार के जाल में फंसाकर ऐसे रास्ते पर ले जाया जाता है, जहां से मुड़कर नहीं देखा जाता। कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ने इस पर पर्दा डालने का काम किया है। अनुराग ठाकुर ने सवाल पूछते हुए कहा कि क्या आप आतंकवादी संगठनों के साथ हैं, जो ऐसी सोच रखते हैं।

## राजस्थान में मिग-21 क्रैश, तीन महिलाओं की मौत, पायलट सुरक्षित



**श्रीगंगानगर (हि.स.)।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के सदर थाना क्षेत्र के गांव बहलोल नगर की आबादी क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब सवा दस बजे फाइटर प्लेन मिग-21 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान आबादी क्षेत्र में रतन सिंह उर्फ रतीराम के घर के ऊपर गिरा। उस समय घर के कमरे में छह महिलाएं व युवतियां मौजूद थीं। हादसे में तीन महिलाओं की प्लेन के मलबे में जलकर मौत हो गयी। दो युवतियां और एक महिला घायल हो गयीं, जबकि विमान का पायलट सुरक्षित है।

हनुमानगढ़ पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि हादसे में कच्चे मकान में रहने वाली 45 वर्षीय बंशो कौर (पति का नाम रतीराम), 60 वर्षीय बंतो (पति का नाम लाल सिंह) व 55 वर्षीय लीलादवी (पति का नाम रामप्रताप शर्मा) की जलने से मौत हो गयी। हादसे में रतन सिंह की 18 वर्षीया बेटी सरोज, 19 वर्षीया बेटी विमला व 32 वर्षीया वीरपाल कौर घायल हो गयीं। हादसे के समय ये सभी कमरे में बैठी थीं। एसपी चौधरी ने बताया कि विमान के पायलट राहुल अरोड़ा भी घायल हो गये हैं।

जानकारी के अनुसार हादसे के बाद करीब 11 बजे दो विमानों से एयर फोर्स की दो राहत टीमें मौके पर पहुंच गयीं। टीमों ने बचाव के लिए तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिया। सूचना पाकर हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर रुकमणि रियार सिहाग भी मौके पर पहुंची गयीं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हनुमानगढ़ में भारतीय वायुसेना के मिग-21 विमान हादसे पर संवेदना व्यक्त की है।

# मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने जतायी चिंता

### केंद्र व राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का दिया निर्देश

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** मणिपुर हिंसा मामले में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने वहां हालात सामान्य करने के लिए केंद्र और मणिपुर सरकार की तरफ से उठाये जा रहे कदमों को रिकॉर्ड पर लिया। कोर्ट ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों को सुविधा और मेडिकल सहायता देने का निर्देश दिया। इस दौरान शीर्ष अदालत ने इस बात पर भी हैरानी जतायी कि हाइकोर्ट किसी समुदाय को जनजाति की लिस्ट में शामिल करने का आदेश कैसे दे सकता है। सोमवार को कोर्ट ने केंद्र और मणिपुर सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 17 मई को होगी।

कोर्ट ने कहा कि ये मानवीय समस्या है। हमारी चिंता जानमाल के नुकसान को लेकर है। कोर्ट ने सरकार से कहा कि राहत कैंप में खाने और चिकित्सा सुविधाओं के उचित इंतजाम किये जायें। विस्थापित लोगों के पुनर्वास, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। सुनवाई के दौरान मणिपुर सरकार ने बताया कि इस पर उचित कानूनी कदम उठाये जा रहे हैं। पर्याप्त सुरक्षा बलों की नियुक्ति भी की गयी है। हालात सामान्य हो रहे हैं।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि हालात सामान्य करने के लिए जरूरी कदम उठाये गये हैं। कल और आज कर्फ्यू में ढील दी गयी। कोई अप्रिय घटना इस दौरान नहीं हुई। 52 कंपनी सीएएफ और 101 कंपनियां असम राइफल्स की तैनात की गयी हैं। फ्लैग मार्च निकाला गया है। पीस मीटिंग बुलायी गयीं। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की गयी हैं।

## खुफिया रिपोर्ट में खुलासा कश्मीर में आइएसआइ रच रहा बड़ी साजिश

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में आइएसआइ के बड़े आतंकी साजिश का खुलासा हुआ है। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में आइएसआइ ने लश्कर और जैश को घाटी को दहलाने के आदेश दिया है। कश्मीर में तैनात पुलिस अधिकारियों के आवास आतंकियों के निशाने पर हैं। खुफिया एजेंसियों ने एनआइए और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जम्मू-कश्मीर में तैनात अधिकारियों के आवासों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं।

## 'द केरला स्टोरी' की बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई




**फिल्मकार** विपुल अमृतलाल की फिल्म 'द केरला स्टोरी' इस समय चर्चा में है। इस फिल्म की रिलीज का आज चौथा दिन है। हालांकि, फिल्म को लेकर जारी विवाद अभी थमा नहीं है। एक तरफ फिल्म को लेकर विवाद है और दूसरी तरफ फिल्म की चार दिनों में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई हुई है। 5 मई को 'द केरला स्टोरी' सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने पहले दिन खास कमाई नहीं की। हालांकि, 6 और 7 मई को फिल्म की कमाई में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिली। फिल्म को मध्य प्रदेश में टैक्स मुक्त फिल्म घोषित किया गया था। जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक फिल्म ने अब तक 37 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म ने पहले दिन भारत में 8.03 करोड़ रुपये की कमाई की। दूसरे दिन 12.5 करोड़ रुपये बटोरे। तीसरे दिन यानी 7 मई को फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ। फिल्म ने 37.03 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 52.92 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। ऐसे में संभावना जतायी जा रही है कि आने वाले दिनों में फिल्म की कमाई में इजाफा होगा। सुदीप्तो सेन ने 'द केरला स्टोरी' का निर्देशन किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे कॉलेज की चार आम लड़कियों को दुनिया के सबसे खतरनाक आतंकी संगठन में भर्ती किया जाता है। करीब पांच महीने पहले इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था। अब फिल्म 5 मई को पर्दे पर आ चुकी है।

# चुनाव आयोग ने सोनिया से जुड़े ट्वीट पर मांगा स्पष्टीकरण

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में स्पष्टीकरण देने और उसे सुधारने को कहा है। यह पोस्ट कांग्रेस के ट्विटर हैंडल से किया गया था और इसमें कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष का कर्नाटक में एक जनसभा में दिया बयान था। कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल से कहा गया था कि सोनिया गांधी ने कर्नाटक के 6.5 करोड़ लोगों को संदेश दिया है, कन्नडिगास : कांग्रेस किसी को भी कर्नाटक की प्रतिष्ठा, संप्रभुता या अखंडता के लिए खतरा पैदा करने की अनुमति नहीं देगी।

इस पर भारतीय जनता पार्टी ने आपत्ति जताई थी और सोमवार को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला था। भाजपा ने शिकायत में कहा था, कर्नाटक, भारत संघ में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सदस्य राज्य है और उसकी संप्रभुता की रक्षा का आह्वान अलगाव को आमंत्रित करने वाला और खतरनाक व हानिकारक परिणामों से भरा हुआ है। इसके अलावा, भाजपा द्वारा की गयी शिकायत के अनुसार, उपरोक्त ट्वीट जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए (5) के तहत राजनीतिक दलों द्वारा ली गयी अनिवार्य शपथ का उल्लंघन है।

### कर्नाटक में थम गया चुनाव प्रचार, मतदान कल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 के लिए सोमवार को शाम में छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। मतदान 10 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किये हैं। चुनाव आयोग ने कहा है कि सभी योग्य मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें। चुनाव आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दल वोटरों को वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक गाड़ी से नहीं ला सकेंगे। उल्लंघन करने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे लालच या धमकी के प्रभाव में आये बिना अपनी इच्छा से मतदान करें। इस चुनाव में 5,30,85,566 मतदाता हिस्सा लेंगे।

## यूक्रेन ने 35 ईरानी ड्रोन मार गिराये

**कीव।** यूक्रेन पर रूसी हमला थमने या कमजोर पड़ने का नाम नहीं ले रहा है। रूस ने यूक्रेन पर ताबड़तोड़ मिसाइल हमले किये, जिस पर यूक्रेन ने जोरदार पलटवार करते हुए रूस के 35 ईरानी ड्रोन मार गिराये। रूस ने पिछले वर्ष 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला किया था। चौदह महीने से अधिक समय से यूक्रेन इस रूसी हमले का डटकर मुकाबला कर रहा है। बीती रात रूस ने यूक्रेनी शहरों खार्किव, खेरसॉन, मायकोलाइव और ओडेसा में ताबड़तोड़ हमले किये हैं।




## सेंसेक्स 710 अंक उछला



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार शानदार तेजी के साथ हरे निशान पर बंद हुआ। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसइ) का सेंसेक्स 709.96 अंक यानी 1.16 फीसदी उछलकर 61,764.25 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसइ) का निफ्टी भी 195.40 अंक यानी 1.08 अंक की बढ़त के साथ 18,264.40 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबारियों के मुताबिक आज के कारोबार में वैश्विक बाजारों में बढ़त के बीच बैंक, वित्तीय और वाहन शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में मजबूती आयी। इसके साथ ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार पूंजी निवेश से भी निवेश की धारणा को बल मिला। इसके अलावा, बीएसइ सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आइसीआइसीआइ बैंक में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक 5.08 फीसदी मजबूत हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में बढ़त और सिर्फ 3 में गिरावट देखने को मिली। कारोबार के अंत में फायदे में रहने वाले सेंसेक्स के अन्य प्रमुख शेयरों में टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, मारुति और कोटक महिंद्रा बैंक शामिल हैं।

### वाणिज्य की खबरें

## डीजीसीए का गो फर्स्ट को तत्काल बुकिंग रोकने का निर्देश

**नयी दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गंभीर वित्तीय संकट की दौर से गुजर रही एयरलाइंस कंपनी गो फर्स्ट को टिकट बुकिंग तत्काल रोकने निर्देश दिया है। डीजीसीए ने एयरलाइन को परिचालन कर पाने में नाकाम रहने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि डीजीसीए ने गो फर्स्ट को अपनी उड़ानों के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली टिकट बुकिंग अगले आदेश तक फौरन रोकने को कहा है। इसके साथ ही, 15 दिन के भीतर विमान परिचालन नहीं कर पाने पर जवाब देने को भी कहा है।

## भारत के लिए पाकिस्तान की नयी साजिश सिरदर्द!

**बीजिंग।** चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू ने सोमवार को पाकिस्तान के नौसेना प्रमुख से मुलाकात की है। ली शांगफू ने से कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए दोनों पड़ोसियों की नौसेनाओं को क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ आपसी सहयोग में नये क्षेत्रों में विस्तार करने की सख्त जरूरत है। चीन और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच रिश्ते काफी पुराने हैं। दोनों देशों की नौसेना और वायुसेना एक दूसरे के क्षेत्र में हर साल एक द्विपक्षीय अभ्यास को अंजाम देती है। चीनी रक्षा मंत्री के इस बयान को जानकार भारत के लिए बड़ी चुनौती करार दे रहे हैं। चीन के लिए पाकिस्तान की अरब सागर तक पहुंच काफी महत्वपूर्ण है। मलक्का जलडमरूमध्य तक अगर चीन को अपनी पकड़ मजबूत करनी है, तो पाकिस्तान उसका अहम साथी हो सकता है।

# प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों के समर्थन में पहुंचे किसान, किया हंगामा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को किसानों का समर्थन मिला है। सोमवार को किसान बड़ी संख्या में जंतर-मंतर पहुंचे हैं। इस दौरान किसानों ने वहां पर लगे बैरिकेड्स को भी गिरा दिया और खिलाड़ियों के बीच पहुंच गये।

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से जुड़े एक पदाधिकारी ने कहा कि पहलवानों के समर्थन में किसान संगठन से जुड़े लोग आज जंतर-मंतर पर पहुंचे हैं। किसान संगठन देश के खिलाड़ियों के साथ हैं। किसान संगठन भी चाहते हैं कि बृजभूषण शरण सिंह को सभी पदों से हटाया जाये और उनकी फौरन गिरफ्तारी हो। इसी बीच, जंतर-मंतर पर किसानों ने आक्रोश का प्रदर्शन भी किया। बीकेयू सिद्धूपुर संगठन के किसानों ने बैरिकेड तोड़कर बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया। इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स भी मौके पर मौजूद रही। हालांकि, प्रशासन ने किसी प्रकार के बल का प्रयोग नहीं किया। बीकेयू सिद्धूपुर संगठन के लोगों ने मोदी, योगी और शाह के खिलाफ नारेबाजी भी की।

उल्लेखनीय है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुछ महिला पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। ऐसे में सिंह को सभी पदों से हटाने के लिए खिलाड़ी बीते कुछ दिनों से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों के समर्थन में अब किसान संगठन भी एकत्र हो रहे हैं। एसकेएम से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर खिलाड़ियों की बात नहीं मानी गयी, तो किसान संगठन देशव्यापी आंदोलन करेंगे।

